आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 314, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका 2

कुबेर में रश्मिका का ऑफिशियल लुक आया सामने 16

एक नजर

छत्तीसगढ़ में मारे गए पांच नक्सली, हथियार बरामद

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 30 जून को नारायणपुर के कोहकामेटा और सोनपुर थाना तथा ईरकभट्टी, मोहंदी और ढोढरीबेड़ा शिविर से डीआरजी, सीमा सुरक्षा बल, एसटीएफ और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के संयुक्त दल को हिकुलनार और घमंडी गांव की ओर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान मंगलवार सुबह 10 .30 बजे हिकुलनार और घमंडी गांव के मध्य नक्सलियों-सुरक्षाबलों में गोलीबारी हुई।

रेलवे स्टेशन पर वाई-फाई सुविधाएं बहाल करें

नई दिल्ली। कई रेलवे स्टेशन पर वाई-फाई सुविधाओं के काम न करने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड ने अपने सभी 17 मंडलों के महाप्रबंधकों (सिग्नल और दूरसंचार) को पत्र लिखकर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है। बोर्ड के अनुसार देश के 7,000 से अधिक रेलवे स्टेशन में से 6,108 पर वाई-फाई की सुविधा है, जिसका यात्री मुफ्त में उपयोग कर सकते हैं। बोर्ड ने रेलवे मंडलों को बताया है कि विभिन्न कारणों से कई स्टेशन पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। रेलवे बोर्ड ने सभी मंडलों के महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में कहा कि 6,108 स्टेशन पर वाई-फाई सुविधा दी गई है। हालांकि, यह संज्ञान में आया है कि कई स्टेशन पर वाई-फाई काम नहीं कर रहा है। इससे यात्रियों को असुविधा होती है।

मोदी को लोस से बर्खास्त करने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा से बर्खास्त करने संबंधी याचिका बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि इसमें लगाए गए आरोप मनगढ़ंत कल्पना पर आधारित हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि वह इस मामले में एकल न्यायाधीश के फैसले से सहमत है। एकल न्यायाधीश ने पहले ही याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने अपीलकर्ता से कहा कि आप ठीक तो हैं? कहा कि अपीलकर्ता को चिकित्सा सहायता की जरूरत है।

हाथरस भगदड़ की होगी न्यायिक जांच

- उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे जांच कमेटी की अगुवाई
- मौतों की संख्या 121 हुई, एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी
- न्यायिक जांच के साथ ही ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बनेगी एसओपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हाथरस

अमृत विचार : राज्य सरकार ने हाथरस में भगदड़ हादसे की हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच कराने के आदेश दिए हैं। जांच कमेटी में प्रशासन और पुलिस के भी सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को रखा जाएगा। एक एसओपी भी तैयार की जाएगी, जिसे आगे इस प्रकार के आयोजनों में लागू किया जाएगा।

इस बीच पूरे घटनाक्रम के लिए एडीजी आगरा की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। हालांकि मुख्यमंत्री ने एसआईटी को इस घटना के तह में जाने के लिए कहा है। भोले बाबा के खिलाफ एफआईआर नहीं होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रथम दृष्टया एफआईआर उन पर होती है जिन्होंने कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। इसके बाद इसका दायरा बढ़ता है। निश्चित रूप से जो लोग भी इस घटना के जिम्मेदार होंगे वो सभी इसके दायरे में आएंगे। मंगलवार को हाथरस जिले के सिकंदराराऊ तहसील के एक गांव में भोले बाबा नामक एक प्रवचनकर्ता के सत्संग कार्यक्रम में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी जहां भगदड़ में 121 लोंगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आयोजकों से पूछताछ होगी। घटना में जवाबदेही तय की जाएगी। घटना की तह तक पहुंचने को अलग-अलग जिलों में विशेष टीमें जाएंगी।

हाथरस के जिला अस्पताल में भगदड़ की घटना में घायल महिला का हाल जानते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

कोई दोषी बचेगा नहीं, जिम्मेदारों को दिलाएंगे सजा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि हाथरस हादसे में जो भी लोग जिम्मेदार हैं उन्हें उनकी सजा दिलाई जाएगी। कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। हाथरस में घटनास्थल का मुआयना और समीक्षा करने के साथ-साथ अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद योगी ने प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे पहलू हैं, जिन पर जांच होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पूरे आयोजन में अंदर की व्यवस्था आयोजन से जुड़े सेवादारों की थी, जबकि प्रशासन द्वारा बाहर पुलिस की व्यवस्था की गई थी, लेकिन हादसा होने के तुरंत बाद सेवादार वहां से भाग निकले। यहां तक कि उन्होंने हादसे के बाद लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की। योगी ने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों ने बातचीत में बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कार्यक्रम के बाद कथावाचक का काफिला जीटी रोड पर आया तो उन्हें छूने के लिए महिलाओं का एक दल उधर बढ़ गया। उनके पीछे-पीछे भीड़ गई और इसी के बाद वो एक-दूसरे के ऊपर चढ़ते गए। सेवादार भी लोगों को धक्का देते गए, जिसके चलते जीटी रोड के दोनों ओर ये हादसा घटित हुआ। इसका सबसे दुखद पहलू ये था कि इस तरह के कार्यक्रम के दौरान जो सेवादार प्रशासन को अंदर घुसने नहीं देते, दुर्घटना होने के तत्काल बाद उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किया। लेकिन जब प्रशासन घायलों को अस्पताल ले जाने में जुटा तो उनमें से ज्यादातर सेवादार वहां से भाग गए।

मुख्य सेवादार व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हाथरस। हाथरस जिले के सिकंदराराऊ इलाके में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में पुलिस ने 'मुख्य सेवादार' और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पोरा पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश पांडे की तहरीर पर मंगलवार देर रात सिकंदराराऊ थाने में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य सेवादारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

उप्र. के 17 जिलों समेत 3 राज्यों के लोगों की गई जान

लखनऊ। हाथरस हादसे में मारे गए लोगों में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालु भी शामिल हैं। प्रदेश के 17 जिलों के श्रद्धालुओं की भी मृत्यु हुई है। इन सभी मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार सहायता राशि प्रदान करेगी। वहीं, स्थानीय प्रशासन से जारी मृतकों की सूची में 6 अन्य राज्यों से हैं। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक, हरियाणा के पलवल से एक और फरीदाबाद से 3, जबकि राजस्थान के डीग से 1 श्रद्धालु है। उत्तर प्रदेश के मृतकों में सर्वाधिक 22 हाथरस से हैं, जबकि आगरा से 17, अलीगढ़ से 15, एटा से 10, कासगंज और मथुरा से 8-8, बदायूं से 6, शाहजहांपुर और बुलंदशहर से 5-5, औरैया और संभल से 2-2, जबकि ललितपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और उन्नाव से एक-एक श्रद्धालु की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश से बाहर के 6 और अन्य राज्य के 106 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कुल 121 में से अब तक 112 की शिनाख्त हुई है। इनमें से 113 महिलाएं, 6 बच्चे व 2 पुरुष शामिल हैं। घायलों में 31 का इलाज हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में चल रहा है।

बिहार में एक और पुल ढहा 15 दिनों में सातवीं घटना

सिवान (बिहार), एजेंसी

- सिवान जिले में गंडकी नदी पर बना है यह पुल

बिहार के सिवान जिले में गंडकी नदी पर बने पुल का एक हिस्सा बुधवार सुबह ढह गया। यह पिछले 15 दिन में राज्य में ऐसी सातवीं घटना है। जिले के देवरिया ब्लॉक में स्थित यह छोटा पुल कई गांवों को महाराजगंज से जोड़ता है। इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। पिछले 11 दिन में सिवान में पुल ढहने की यह दूसरी घटना है। उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि पुल गिरने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि देवरिया ब्लॉक में बुधवार सुबह पुल का एक हिस्सा गिर गया। यह घटना तड़के करीब पांच बजे हुई। पुल का निर्माण 1982-83 में हुआ था। कुछ दिनों से पुल की मरम्मत का काम चल रहा था। 11 दिन पहले ही सिवान में एक पुल ढहा था। इन घटनाओं ने बिहार में बुनियादी ढांचे की स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। दरौंदा इलाके में 22 जून को पुल का एक हिस्सा ढह गया था। हाल में मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं।

जल्द घोषित होंगे सीयूईटी-यूजी परीक्षा के परिणाम

- यूजीसी प्रमुख ने दी जानकारी

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने बुधवार को कहा कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम घोषित करने की तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा सीयूईटी-यूजी के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाने थे। हालांकि, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच एजेंसियों को ईमानदार कार्रवाई की खुली छूट : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और आर्थिक-सामाजिक विकास को सरकार का मिशन बताते हुए बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश के मतदाता कांग्रेस की भ्रमित करने और झूठी कहानी गढ़ने वाली नकारात्मक राजनीति को पहचान चुके हैं। मतदाताओं ने भारत को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए राजग को तीसरी बार जनादेश दिया है। मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में 21 घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए संविधान पर संकट, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर विपक्ष की अवसरवादी चुप्पी, मणिपुर हिंसा और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार का खुलकर पक्ष रखा।

भ्रष्टाचार से मुक्ति को सरकार का मिशन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने जांच एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है। सरकार कहीं टांग नहीं अड़ाएगी। एजेंसियां ईमानदारी से काम करें और यह मेरी गारंटी है कि कोई भी भ्रष्टाचारी कानून से बचकर नहीं निकल पाएगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले में दोहरा मापदंड अपनाती है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर उन्होंने कहा कि शराब घोटाला करे आप, पानी घोटाला करे आप, शिकायत करे कांग्रेस और कार्रवाई हो तो गाली खाए मोदी।

प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही सदन ने धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा को कांग्रेस द्वारा बड़ा मुद्दा बनाए जाने का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि यदि यह वास्तव में चुनाव का मुद्दा था तो जनता ने संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी हमें दी है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा उसके आधार पर आचरण करने से होती है, न कि संविधान की पुस्तक लहराने से।

राज्यसभा में बोले प्रधानमंत्री, मणिपुर को भड़काने वाले हरकतें छोड़ें

मणिपुर की आग में घी डालने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मणिपुर में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, लेकिन वहां आग में घी डालने का काम करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि मणिपुर के संबंध में पिछले सत्र में विस्तार से बात की गई थी और वहां स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। 11 हजार से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गई है और पांच सौ से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। वहां हिंसा की घटनाएं कम हो रही हैं।

छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक को एक बड़ी समस्या बताते हुए राज्यसभा में कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने कहा कि पेपर लीक एक बड़ी समस्या है और सभी दलों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर एक साथ आकर बात करनी चाहिए थी, लेकिन युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे को भी राजनीति की भेंट चढ़ा दिया गया। नौजवानों के साथ खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

- पेपर लीक को लेकर भी विपक्ष को घेरा, युवाओं को किया आश्वस्त
- प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्ष का राज्यसभा से वॉकआउट

राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

राज्यसभा में बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

प्रधानमंत्री ने गलतबयानी की, इसलिए किया सदन से वॉकआउट : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए गलतबयानी की, जिसके विरोध में विपक्ष को सदन से वॉकआउट करना पड़ा। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना और लोगों को भ्रमित करना प्रधानमंत्री मोदी की आदत बन गई है। खरगे के साथ कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के नेता भी थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि हम सबने इसलिए वॉकआउट किया, क्योंकि प्रधानमंत्री ने कुछ गलत बातें सदन में रखीं। झूठ बोलना, लोगों को भ्रमित करना उनकी आदत है।

सीएमओ हत्याकांड में आनंद प्रकाश को उम्रकैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्व सीएमओ, परिवार कल्याण विभाग डॉक्टर बीपी सिंह व पूर्व सीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार आर्य हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट के विशेष जज ने दोनों मामलों में अलग-अलग आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई, 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

डा. विनोद कुमार आर्य की हत्या 27 अक्टूबर 2010 को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने कर दी थी। विनोद कुमार की पत्नी डॉ. शशि कुमारी ने विकास नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया है कि घटना वाले दिन सुबह उनके पति कुत्ते के साथ टहलने गए थे तभी हमलावरों ने उनके पति को गोली मार दी थी।

डा. विनोद की हत्या के ठीक 6 माह के अंदर सीएमओ बीपी सिंह की हत्या गोमती नगर थाना क्षेत्र में कर दी गई थी। डा. बीपी सिंह की हत्या की रिपोर्ट उनके चचेरे भाई इंद्र प्रताप सिंह ने 2 अप्रैल 2011 को गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके चचेरे भाई बीपी सिंह लखनऊ में सीएमओ परिवार कल्याण के पद पर कार्यरत थे। उन्हें घटना वाले दिन सुबह छह बजे जब वह प्रतिदिन की भांति टहलने गए थे, तभी दो अज्ञात लोगों ने घर से बमुश्किल 500 मीटर की दूरी पर मकान नंबर 3/107 विशेष खंड गोमती नगर के सामने गोली मारकर हत्या कर दी। उस समय उनके साथ डा. पीके सिंह भी टहल रहे थे तथा घटना को उनके अलावा कई लोगों ने देखा था। दोनों मामलों की विवेचना स्थानीय पुलिस द्वारा प्रारंभ की गई थी। परन्तु यह दोनों हत्याएं सीएमओ स्तर के अधिकारियों एवं परिवार कल्याण विभाग से जुड़ी होने के कारण विवेचना सीबीआई को सौंप दी गई थी। इसी मामले में आरोपी बनाए गए डिप्टी सीएमओ योगेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। जिनकी हत्या न्यायिक अभिरक्षा में रहते हुए जिला जेल लखनऊ में कर दी गई थी। अदालत के समक्ष सीबीआई के एसपीओ दीप नारायण ने कहा कि दोनों की हत्या के आरोपी को मृत्युदंड दिया जाए। सीबीआई कोर्ट के विशेष जज अनुरोध मिश्रा ने आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्र कैद सुनाई और 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सीबीआई कोर्ट का फैसला



हेमंत सोरेन फिर होंगे झारखंड के मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी

- चंपाई सोरेन ने दिया इस्तीफा, विधायक दल ने हेमंत को चुना नेता

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने यहां चंपाई सोरेन के आवास पर एक बैठक में सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। इसी के साथ हेमंत का एक बार फिर मुख्यमंत्री बनना तय हो गया।

चंपई सोरेन ने राजभवन से बाहर आने के बाद कहा कि मैंने झामुमो नेतृत्व वाले गठबंधन के फैसले के अनुसार इस्तीफा दे दिया है। हमारा गठबंधन मजबूत है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ था। गठबंधन के सहयोगियों ने मुझे जिम्मेदारी दी थी। अब गठबंधन ने हेमंत सोरेन के पक्ष में फैसला किया है। इस बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि झारखंड में चंपाई सोरेन युग समाप्त हो रहा है। परिवार पर केंद्रित पार्टी में बाहर के लोगों का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि चंपाई सोरेन भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेंगे।

युवती व भाई पर फेंका तेजाब, झुलसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ (ठाकुरगंज)

- एक बाइक से पहुंचे थे दोनों आरोपी, पीछे बैठे युवक ने दिया घटना को अंजाम
- केजीएमयू में चल रहा दोनों का इलाज, लोहिया पार्क के पास सुबह की घटना

> तेजाब से झुलसी युवती व उसके भाई का इलाज प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। युवती का चेहरा व दोनों बांह, उसके भाई की पीठ व दायां बांह तेजाब से झुलस गया है। दो डाक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

अमृत विचार : चौक क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब आठ बजे बाइक सवार युवकों ने एक युवती व उसके मौसेरे भाई पर तेजाब फेंक दिया। जिससे दोनों झुलस गए। पुलिस ने भाई-बहन को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। पीड़िता के पिता ने अमन नामक युवक पर बेटी से दोस्ती करने का दबाव बनाने व फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 124(1),78(1) में एफआईआर दर्ज की है।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने प्रार्थना-पत्र दिया है जिसमें बताया है कि वे व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं, चौक क्षेत्र में व्यवसाय करते हैं। उनकी बेटी (22) स्नातक है। पठन-पाठन को लेकर उसका घर से बाहर जाना होता है। कुछ दिनों से चौपटिया निवासी अमन नामक युवक उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। वह उस पर दोस्ती करने का दबाव बनाने के लिए फोन पर धमकी भी देता था। लेकिन, बेटी इसे नजरअंदाज करती रही। बुधवार को बेटी मड़ियांव क्षेत्र निवासी व केजीएमयू में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र मौसेरे भाई की काउंसिलिंग के लिए घर से निकली थी। करीब आठ बजे चौक क्षेत्र में लोहिया पार्क के पास दोनों खड़े होकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने बेटी के चेहरे को निशाना बनाते हुए तेजाब फेंक दिया। उसे बचाने के प्रयास में भाई की पीठ पर भी तेजाब गिरा, जिससे दोनों झुलस गए। एसीपी चौक राजकुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्राइम ब्रांच समेत तीन टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं।

80 हजारी हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी नई ऊंचाई पर

मुंबई। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तगड़ी लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचने के बाद थोड़ा नीचे बंद हुआ। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार ऐतिहासिक 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545.35 अंक उछलकर 79,986.80 पर बंद हुआ। एक समय यह 632.85 अंकों की छलांग के साथ 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 162.65 अंक चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

केजरीवाल की जमानत याचिका पर कल सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर 5 जुलाई को सुनवाई करेगा। बुधवार को केजरीवाल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामले का उल्लेख किया, जिस पर अदालत ने कहा कि शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी। केजरीवाल के अधिवक्ता रजत भारद्वाज ने कहा कि उपयुक्त कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना याचिकाकर्ता को अवैध हिरासत में लिया गया और गुरुवार को सुनवाई का आग्रह किया, जिस पर न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि न्यायाधीश को कागजात देखने दीजिए।

आबकारी नीति घोटाला

सिसोदिया, के. कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया और बीआरएस की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।

पेरिस डाइमंड मेरे कैलेंडर का हिस्सा नहीं था : चोपड़ा

सारब्रकेन (जर्मनी), एजेंसी

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रविवार को होने वाली पेरिस डाइमंड लीग इस साल कभी उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि चोपड़ा ने जांघ में मामूली चोट के कारण इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है जो पिछले कुछ महीनों से उन्हें परेशान कर रही थी।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर कहा कि जब उन्होंने अपना नाम प्रतियोगिता के लिए भेजा ही नहीं तो नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने लिखा सभी को नमस्ते। बस स्पष्ट करने के लिए पेरिस डाइमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी इसलिए मैंने इससे नाम वापस नहीं लिया है। मैं ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। चीजों को समझने और समर्थन के लिए धन्यवाद, और प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। पिछले सप्ताह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने उन्हें राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से छूट दे दी थी जो सभी भारतीय एथलीटों के लिए अनिवार्य प्रतियोगिता थी।

एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा था हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक एथलीट भारत में अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेगा, लेकिन पेरिस डाइमंड लीग अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से टकरा रही है और हमें लगता है कि ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस डाइमंड लीग उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी इसलिए वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे फेडरेशन कप में भाग लेने की विशेष अनुमति दी गई है। चोपड़ा ने हालांकि पिछले महीने संकेत दिया था कि उनका कार्यक्रम उनके शरीर की स्थिति के अनुसार तय होगा। चोपड़ा ने कहा था चर्चा हुई कि मैं अंतर राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में खेलूंगा और यह हरियाणा के पंचकुला में होगी लेकिन पेरिस ओलंपिक और इसके बीच कम समय है। मैं दोहा में खेल रहा था तो भारत के करीब है। राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप और ओलंपिक के बीच पेरिस डाइमंड लीग (7 जुलाई) है। इसलिए हमने यहां (फेडरेशन कप) हिस्सा लेने का फैसला किया।

ओलंपिक में पदक जीतने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नीरज : मैके

विजयनगर (कर्नाटक)। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग कोच स्पेंसर मैके का कहना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। वह पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा। मैके ने कहा वह शारीरिक रूप से बेहतर स्थिति में है और पूरी तरह से तैयार है। जब ओलंपिक फाइनल शुरू होगा, तब नीरज देश के लिए एक और पदक जीतने के लिए शानदार स्थिति में होंगे। एक खिलाड़ी के लिए हर समय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की वारंटी नहीं दी जा सकती, विशेषकर नीरज जैसे एथलीट के लिए जो शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, उसकी योजना स्पष्ट है कि खुद को फिट, मजबूत और संतुलित रखना ताकि ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ कर सके।

सर्विस वैरिएशन की चुनौती से पार पाने के बाद अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद : सात्विक-चिराग

नई दिल्ली, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सर्विस वैरिएशन चुनौती से पार पाने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से शारीरिक और मानसिक अनुकूलन पर फोकस बनाये हुए हैं।

सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (26 वर्ष) की जोड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस में बहुत सारी विविधता जैसे टंबल, स्पिन और वाइड से परेशानी होती रही है जिसमें विशेष रूप से कोरियाई और इंडोनेशियाई जोड़ियां शामिल हैं जिन्होंने हाल के टूर्नामेंट में इनका इस्तेमाल किया। चिराग ने कहा कि

उन्होंने इस नयी चुनौती से पार पा लिया है और पेरिस ओलंपिक के दौरान इससे निपटने के लिए आत्मविश्वास से भरे हैं। चिराग ने कहा जहां तक सर्विस वैरिएशन का संबंध है तो यह नई चुनौती है लेकिन इसे पूरी तरह से महत्वपूर्ण मानना भी सही नहीं होगा। उन्होंने कहा ऐसा भी समय था जब हम इसका सामना करने से जूझते रहे थे लेकिन हमने आखिरकार इससे पार पा लिया है। हम जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है, हम इसका अभ्यास कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि हम ओलंपिक में इसका सामना करने में मजबूत साबित होंगे। दुनिया की मौजूदा तीसरे नंबर की जोड़ी पिछले ओलंपिक में अपने ग्रुप के तीन में से दो मैच जीतने के बावजूद क्वार्टरफाइनल में पहुंचने से चूक गई थी। सात्विक ने कहा तोक्यो ओलंपिक में खेलने का अनुभव पेरिस ओलंपिक की हमारी तैयारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस तरह के ऊंचे स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने से हमें महत्वपूर्ण सीख मिली कि दबाव से कैसे निपटा जाये, फोकस कैसे रखा जाये और खेलने की विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल किस तरह हुआ जाए।

खेल डायरी

एशियाई बिलियर्ड्स में आडवाणी की विजयी शुरुआत

रियाद। दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया। एशियाई बिलियर्ड्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।

प्रज्ञानानंदा ने डीएक बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला अलीरेजा चमके

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिक के वेस्लो सो को पराजित किया। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश की लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और ड्रॉ खेलने में कामयाब रहा। इस 350,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के महज तीन दौर बाकी हैं और अमेरिका के फैबियानो कारूआना (4अंक) शीर्ष पर बने हुए हैं।

अभय-वेलावन को एशियाई युगल स्क्वाश में शीर्ष वरीयता

जोहोर (मलेशिया)। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है। रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

सबसे ऊंचे पर्वत को फतह करने उतरेंगी लक्ष्मी झा

नई दिल्ली। अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो को फतह करने के बाद पर्वतारोही लक्ष्मी झा ने बोर्नियो और मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह करने का लक्ष्य बनाया है। पिछले साल 41 घंटे के सबसे कम समय के साथ माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने का महिला विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली बिहार की लक्ष्मी माउंट किनाबालु को फतह करने के लिए चार जुलाई को मलेशिया रवाना होंगी। माउंट किनाबालु की समुद्र तल से ऊंचाई 4095 मीटर (13,435 फीट) है और यह दक्षिण पूर्व एशिया की 28वीं सबसे ऊंची चोटी है। सत्ताइस साल की लक्ष्मी 2023 में तुर्किये की सबसे ऊंची चोटी अरारत पर चढ़ने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही भी बनीं थीं।

विनेश को स्पेन दौरे के लिए शेंगेन वीजा मिला

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट को स्पेन का दौरा करने के लिए सरकार की मदद से बुधवार को शेंगेन वीजा मिल गया। फोगाट को स्पेन ग्रां प्री 2024 में भाग लेना है। उन्हें बुधवार की रात रवाना होना है लेकिन आज सुबह तक उन्हें वीजा नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने खेल मंत्री मनसुख मांडविया और विदेश मंत्रालय से मदद मांगी। इसके तीन घंटे बाद फोगाट ने सूचित किया कि उन्हें शेंगेन का वीजा मिल गया है। इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार भी व्यक्त किया। स्पेन में अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद फोगाट पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए फ्रांस में 20 दिन तक अभ्यास करेगी।

गिल की अगुआई वाली टीम पहुंची हरारे

जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मैच 6 को, साई सुदर्शन, जितेश और हर्षित को मिली टीम में जगह

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की अगुआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए यहां पहुंच गई। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया।

टीम मंगलवार को मुंबई से रवाना हुई थी जबकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के रूप में जुड़े हुए गिल ब्रेक के बाद न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने मंगलवार रात एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम टी-20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं। श्रृंखला के दौरान भारत के लिए पदार्पण करने वाले शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज रियान पराग ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा करने का सपना था। पराग ने कहा भारत की जर्सी पहनने और टीम के साथ यात्रा करने का अनुभव अलग होता है। मैं वाकई बहुत खुश हूं। जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के साथ मेरा एक खास रिश्ता होगा। उन्होंने कहा यह उस मैदान और मेरे लिए एक खास पल होगा, जो बहुत पवित्र होगा। मेरा पासपोर्ट खोने के बाद हम आखिरकार 20 घंटे की यात्रा के बाद यहां पहुंचे हैं। अब मैं इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

एक और नए खिलाड़ी मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है और देश के लिए खेलना बहुत खास बात है। देशपांडे ने कहा टीम के साथ यात्रा करना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें जानना, टीम के माहौल को जानना और मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान होने वाली मौज-मस्ती है।

भारत हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर सिकंदर रजा की कप्तानी वाले जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला मैच 6 जुलाई को खेलेगा। बाकी चार मैच भी इसी मैदान पर खेले जाएंगे। श्रृंखला का समापन 14 जुलाई को होगा। टी-20 विश्व कप टीम में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे को जिम्बाब्वे आने वाली टीम में शामिल होना था लेकिन वे तूफान बेरिल के कारण बारबडोस में फंस गए हैं। साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल तीनों खिलाड़ियों की जगह टीम में शामिल किया गया। सैमसन, जायसवाल और दुबे अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ गुरुवार सुबह चार्टर विमान से भारत पहुंचेंगे।

ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे पंड्या, पहले भारतीय बने

दुबई। हार्दिक पंड्या बुधवार को आईसीसी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। हाल में संपन्न टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के बाद भारत के क्रिकेटरों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। टी-20 विश्व कप के फाइनल में 29 जुलाई को अर्धशतक जड़ने वाले हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को आउट करके दक्षिण अफ्रीका पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंड्या दो स्थान के फायदे से श्रीलंका के स्टार वानिंदु हसरंगा के साथ पुरुष टी-20 ऑलराउंडर की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पंड्या ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप में वापसी करते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया। पंड्या ने निचले क्रम में बल्ले से प्रभावी पारियां खेली और गेंद से भी उम्दा प्रदर्शन किया तथा जब टीम को जरूरत थी तो विकेट चटकाए। उन्होंने टूर्नामेंट में 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए और 11 विकेट भी चटकाए। टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में

शीर्ष 10 में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मोहम्मद नबी चार स्थान के नुकसान से शीर्ष पांच से बाहर हो गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्किया दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद शीर्ष पर हैं।

भारतीय टीम बारबाडोस से स्वदेश रवाना

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- आज दिल्ली पहुंचेंगे खिलाड़ी, मुंबई में होगा रोड शो, प्रधानमंत्री आवास पर भव्य स्वागत की तैयारी, मोदी करेंगे सम्मानित

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी चार के तूफान के कारण तीन दिन यहां फंसे रहने के बाद अंततः बुधवार को ग्रांटली एडम्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गई। एयर इंडिया के विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी (एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप) ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 04:50 बजे उड़ान भरी और गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग 06:20 बजे पर दिल्ली पहुंचेगा।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विमान के उड़ान भरने से पहले ट्रॉफी के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा घर आ रहे हैं। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ बीसीसीआई के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। एक सूत्र ने बताया, खिलाड़ियों को स्वदेश लाने के लिए बीसीसीआई से करीबी समन्वय स्थापित करके एयर इंडिया ने विशेष विमान भेजा। दिल्ली पहुंचने के कुछ ही घंटों के भीतर खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म करने वाली विजयी टीम के सम्मान में मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने की भी योजना है।

चैंपियंस ट्रॉफी

भारत-पाक मैच 1 मार्च को बीसीसीआई की सहमति बाकी

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल 1 मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। आईसीसी के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा जिसमें 10 मार्च रिजर्व डे होगा। पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें 7 मैच लाहौर में, 3 मैच कराची में और 5 मैच रावलपिंडी में रखे गए हैं। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।

जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका

ऑस्टिन (अमेरिका), एजेंसी

कोपा कप

फ्रांसिस्को कैल्वो और जोसिमार अलसोसेर के शुरुआती सात मिनट में दागे गोल से पराग्वे को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

कोस्टा रिका ग्रुप डी में चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोलंबिया और ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला। कोलंबिया सात अंक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि ब्राजील ने पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे अपने शुरुआती दो मैच गंवाकर पहले ही बाहर हो गया था। कोस्टा रिका की टीम 1997, 2011 और 2016 के बाद चौथी बार ग्रुप चरण से बाहर हुई। टीम 2001 और 2004 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।



पराग्वे और कोस्टा रिका के मैच में गेंद के लिए जूझते खिलाड़ी।

कोलंबिया-ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला, दोनों क्वार्टरफाइनल में

सेंटा क्लारा (अमेरिका)। डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया। कोलंबिया की टीम तीन मैच में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक के साथ शीर्ष पर रही। ब्राजील ने एक जीत और दो ड्रॉ से पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

यूरो कप 2024

16 साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा नीदरलैंड

म्यूनिख। नीदरलैंड ने यूरो 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। नीदरलैंड ने शुरुआत में गोल करने के कुछ मौके गंवाए जबकि कप्तान वर्जिल वान डिक का शॉट भी गोल पोस्ट से टकरा गया। टीम ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नीदरलैंड की टीम अब क्वार्टर फाइनल में शनिवार को तुर्की से भिड़ेगी जिसने अंतिम 16 के एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रिया को 2-1 से हराया। वहीं, पहले ही मिनट में गोल और फिर अंतिम लम्हों में शानदार बचाव करते हुए तुर्की ने मंगलवार को ऑस्ट्रिया को प्री क्वार्टर फाइनल में 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के अंतिम आठ में जगह बनाई। मेरिह डेमिरल ने तुर्की की ओर से दोनों गोल दागे जिसमें सिर्फ 57 सेकेंड में किया गोल भी शामिल है। गोलकीपर मर्ट गुनोक ने इसके बाद इंजरी टाइम में शानदार बचाव करते हुए तुर्की की जीत सुनिश्चित की। गुनोक ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में क्रिस्टोफ बोमगार्टनर के हैडर से लगाए शॉट को दाईं ओर गोता लगाते हुए नाकाम किया।

अर्जेंटीना की ओलंपिक टीम में मेस्सी को जगह नहीं

ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।

गॉफ विंबलडन के तीसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

जीत के बाद कोको गॉफ।

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने बुधवार को रोमानिया की क्वालीफायर एंका टोडोने को हराकर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ ने 15 साल की उम्र में यहीं 2019 में आल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करते हुए वीनस विलियम्स को हराया था। उन्होंने कोर्ट 1 पर टोडोनी को 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। 19 वर्षीय टोडोनी अपना ग्रैंडस्लैम पदार्पण कर रही थीं। पांच साल पहले गॉफ ने पांच बार की विंबलडन चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर में 6-4, 6-4 से पराजित किया था और अंतिम 16 में पहुंची थी। वह अपने हर ग्रैंडस्लैम पदार्पण में अंतिम 16 तक पहुंची थी। गॉफ ने कोर्ट पर कहा यह वही कोर्ट है जहां मैंने अपना पहला विंबलडन शुरू किया था। कोर्ट 1 हमेशा मेरे लिए विशेष रहेगा।

नागल पहले दौर में बाहर

विंबलडन। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गये थे। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलियाई मैथ्यू एब्डेन नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रोबिन हासे की जोड़ी से भिड़ेगी।

राडुकानु के साथ जोड़ी बनाएंगे मरे

लंदन। एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे। वर्ष 2013 और 2016 में यहां एकल खिताब जीतने वाले 37 साल के मरे ने कहा है कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। राडुकानु ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

मंगलपुर। थाना मंगलपुर क्षेत्र के कस्बा झीझक के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी अंकिता (25) की शादी करीब सात वर्ष पूर्व हुई थी। बुधवार को अंकिता ने गमछे को पंखे में बांध कर फंदा लगाकर आत्महत्या की का ली। मायके वालों ने पति पर आरोप लगाते हुए बताया कि घर में आये दिन कलह होती थी। मृतका के भाई ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूंछताछ शुरू की है।

अधेड़ ने लगाई फांसी

रूरा। थाना क्षेत्र के अपौना गांव के रहने वाले राजेश राठौर पुत्र भैयालाल (50) मानसिक तौर पर बीमार रहते थे। जिनका कानपुर में इलाज चल रहा था। पत्नी सुनीता मंगलवार को उनकी दवा लेने के लिए अपनी छोटी बेटी के साथ कानपुर गई हुई थी। बुधवार को लगभग 12बजे घर के कमरे में लगे पंखे में फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली है।

दुष्कर्म के आरोपी को जेल

रूरा। थाना क्षेत्र के जगनपुर गांव के एक पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट पांच माह पूर्व दर्ज कराई थी। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बरामद कर गदनपुर मोड़ से आरोपी को को गिरफ्तार कर लिया। दरोगा अतेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अजय निवासी गदनपुर गांव है।

दुर्घटना में तीन लोग घायल

पुखरायां। मूसानगर थाना क्षेत्र के सराय गांव के संदीप ने बताया कि उसके चाचा श्रीकिशन और भाई अंकित बुधवार को बाइक में सवार होकर अकबरपुर जा रहे थे। तभी बाइक सवार कस्बा के शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी संतोष कुमार पटेल ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी जिससें तीनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां पर ड्यूटी में तैनात डॉ. प्रीती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद संतोष की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र के रूमा यार्ड में 48 वर्षीय गहलू निवासी रसूलाबाद कानपुर देहात निवासी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह गंगागंज में पेंटिंग का काम करता था। वहीं पर कमरा लेकर रहने लगा था। बताया कि मंगलवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी।

बारिश से मनकी संपर्क मार्ग के सर्विस रोड का कुछ हिस्सा बहा

बारिश में खुदी मिट्टी के ढेर बहकर रास्ते में जमा होने से बढ़ी फिसलन

संवाददाता मूसानगर

अमृत विचार। क्षेत्र में हुई बारिश के कारण मनकी संपर्क मार्ग में बने सर्विस रोड का कुछ हिस्सा पानी में बह गया। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। ऊंची कोठी वाले बड़े पुल निर्माण के कारण आने-जाने के लिए सर्विस रोड बनाया गया था। वहीं खोदाई की मिट्टी के लगे ढेर बह कर रास्ते में जमा हो रहे हैं। इससे हादसे की आशंका है।

ग्रामीण फूलसिंह, रामशंकर, रामकेश, अर्जुन सिंह, सुजीत पाल आदि ने बताया कि मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल के कारण आने जाने के लिए सर्विस रोड बनाया गया था। बारिश से उसका किनारे का एक हिस्सा पानी में बह गया। जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किनारे का हिस्सा बहने के कारण रास्ता संकरा हो गया है। जिससे वाहनों को भी निकालने में समस्या हो गई है। ऊपर नीचे ढाल दार रास्ते में मिट्टी जमा होने के कारण फिसलन बढ़ी है। जिसमें कई दुपहिया वाहन फिसलकर गिर चुके है। अगर ऐसे ही बारिश हुई तो पूरी पुलिया ढह जाएगी।

बारिश से मनकी संपर्क मार्ग के सर्विस रोड का बहा हिस्सा व संकरे रास्ते से जाती कार।

मनकी संपर्क मार्ग नगर पंचायत मूसानगर के वार्ड नंबर 10 बालाजी धाम से होकर मुगल रोड को जोड़ता है, जो क्षतिग्रस्त हो गई है। क्योंकि टोल बचाने के चक्कर में भारी व ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली लगातार इस रास्ते से निकलते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मार्ग में 3.60 करोड़ रुपये की लागत से तीन स्पैन वाले ऊंची कोठी पुल का निर्माण एक साल से अधिक समय से हो रहा है। पुल निर्माण इकाई ने पुरानी पुलिया के आसपास मिट्टी के ढेर लगा दिए हैं। जिससे मिट्टी बारिश के दिनों में नीची पुलिया में आकर जमा हो रही है और फिसलन के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

- **लोगों को आवागमन में करना पड़ रहा परेशानी का सामना**

> मनकी संपर्क मार्ग पर बने सर्विस रोड का कुछ हिस्सा बारिश से ढहने की जानकारी मिली है। आवागमन के लिए अस्थायी रास्ते का जल्द ही निर्माण कराया जाएगा।
>
> **-दिनेश कुमार भटिया, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी।**

सामुदायिक शौचालय में नहीं है पानी का कनेक्शन।

सामुदायिक शौचालय का खराब पड़ा सबमर्सिबल।

सामुदायिक शौचालय में पानी नहीं

संवाददाता संदलपुर

अमृत विचार। ग्रामीण अंचल के लोगों को खुले में शौच जाने से रोकने के लिए स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बनवाए गए सामुदायिक शौचालय पानी की व्यवस्था न हाने से क्रियाशील नहीं हैं। इससे लोगों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है और अधिकारी भी अंजान बने हुए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांवों को साफ-सुथरा बनाने के लिए शासन ने करोड़ों रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण कराया है, लेकिन संदलपुर विकासखंड क्षेत्र में योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। ग्राम पंचायत रेवा के सामुदायिक शौचालय में अब तक रनिंग वाटर की व्यवस्था नहीं है। सबमर्सिबल से पानी की टंकी के लिए जाने वाली पाइप जगह-जगह टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। शौचालय के अंदर के ड्रेन पाइप भी टूटकर गायब है। वहीं टाइल्स भी कुछ जगह टूट कर गिर रहे हैं।

- **डीपीआरओ के निर्देश पर भी रेवा गांव का सामुदायिक शौचालय उपयोगहीन**

कार्ययोजना का लगा बोर्ड भी टूट कर गिर गया है। लेकिन शौचालय संचालन में लगे जिम्मेदार लोग इसे कागजों पर संचालित दिखाकर प्रतिमाह केयरटेकर का भुगतान कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि शौचालय के संचालन में रनिंग वाटर की बड़ी समस्या है। हैंडपंप से शौचालय तक जाने वाला पाइप टूट पड़ा है। शौचालय में पानी न होने से उपयोग नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों डीपीआरओ विकास पटेल ने जिले के सामुदायिक शौचालयों के संचालन का सत्यापन कराया था। इसमें कुछ शौचालय ही क्रियाशील पाए गए थे।

इस पर डीपीआरओ ने एक सप्ताह के अंदर सभी शौचालयों को संचालित करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद आदेश हवाहवाई साबित हो रहे हैं। इस बावत बीडीओ धन प्राप्त यादव ने बताया कि मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानाध्यापक को हटाने के बाद थमा विरोध

संवाददाता राजपुर, कानपुर देहात

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के पैलावर डेरा संविलियन विधालय में प्रधानाध्यापिक के विरोध में ग्रामीण बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे। ग्रामीणों की मनमानी के चलते पिछले पांच दिनों से शिक्षण कार्य प्रभावित होने पर बुधवार को बीएसए ने प्रधानाध्यापक को हटाकर पीतमपुर संविलियन विद्यालय में तैनात कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों का विरोध थम गया है। ग्रामीणों ने गुरुवार को स्कूल में बच्चों को भेजने पर सहमति जताई है।

राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के पीतमपुर संविलियन विद्यालय में तैनात शिक्षिका वसीम बानो को कुछ दिन पहले पैलावर डेरा के संविलियन विधालय में बतौर प्रधानाध्यापक तैनात किया गया है। पूर्व में भी इसी विद्यालय में तैनात रहीं शिक्षिका वसीम बानो का गांव के लोग विरोध कर दूसरे शिक्षक को तैनात करने की मांग कर रहे हैं।

- **बच्चों को स्कूल भेजने के लिए राजी हुए ग्रामीण**

28 जून से परिषदीय विद्यालय खुलने पर ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे। इसी विरोध के चलते पिछले 6 दिनों से विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। राजपुर बीईओ ने स्कूल के शिक्षकों को डोर टू डोर भेजकर बच्चों के अभिभावकों को समझाने के निर्देश दिए। हालांकि ग्रामीण प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग पर अड़े रहे। बुधवार को बीएसए ने वसीम बानो को पीतमपुर में तैनात कर दिया।

शादी से 12 दिन पहले युवती ने लगाई फांसी

संवाददाता, शिवली

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ गांव स्थित मकान की दूसरी मंजिल पर मंगलवार रात 27 वर्षीय युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका की गोद भराई हो चुकी थी और 15 जुलाई को बारात आनी थी। मौत का कारण पता नहीं चला है।

रूबी।

मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

शिवली कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ जसवंतपुर गांव निवासी कन्हैयालाल की पुत्री रूबी घर में रहकर घरेलू कार्य करती थी। पिता ने उसकी शादी रसूलाबाद थाना क्षेत्र के भगवंतपुर उसरी गांव निवासी अंकित के साथ तय की थी। 15 जुलाई को बारात आनी थी जिसको लेकर जोरदरी से तैयारियां चल रही थी। रिस्तेदारो सहित क्षेत्र में शादी कार्ड भी बट गए थे। लेकिन बुधवार की सुबह रूबी ने माकान के दूसरी मंजिल पर स्थिति कमरे में संदिग्ध हालात में छत के कुंडे से दुप्पटे का फंदा लागाकर जान दे दी।

दारोगा शिवशंकर द्विवेदी ने प्रथमिक छानबीन शुरू की है। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन करवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुत्री की मौत से मां सुनीता देवी, बदहवाश हो गईं।

कोतवाल संजय गुप्ता ने बाताया कि आत्महत्या करने को कोई ठोस कारण पता नहीं चला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

स्कूल टाइम में परिसर से बाहर नहीं जाएंगे शिक्षक

कानपुर देहात। परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई का माहौल तैयार करने को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने शिक्षकों के लिए कार्यदायित्व निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया है। इसमें कहा है कि विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू होने से 15 मिनट पहले प्रार्थना सभा आयोजित की जाए। इसमें सभी शिक्षक मौजूद रहेंगे। प्रधानाध्यापक सेल्फी खींचकर बीईओ को भेजेंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि स्कूल समय के दौरान प्रधानाध्यापक या शिक्षक प्रधान से वार्ता, चेक पर हस्ताक्षर, एमडीएम आदि किसी भी कार्य को लेकर परिसर से बाहर नहीं जाएंगे। ब्लॉक, तहसील या बीआरसी पर भी स्कूल समय में नहीं जाएंगे। आदेश में यह भी कहा है कि प्रधानाध्यापक सप्ताह में एक बार सभी शिक्षकों के साथ बैठक करेंगे। अगर कोई शिक्षक देर से आता है या बिना सूचना के अनुपस्थित रहता है। साथ ही उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर स्कूल से कहीं चला जाता है तो प्रधानाध्यापक नोटिस जारी करेंगे। नोटिस के बाद भी सुधार न करने पर बीईओ को कार्यवाही हेतु संस्तुति के लिए भेजेंगे। स्कूल अवधि में शिक्षकों से हाउस होल्ड सर्वे भी नहीं कराया जाएगा।

करंट लगने से किसान की गई जान

शिवली। कोतवाली क्षेत्र के अड़नपुर गांव में पंखा लगाते समय एक किसान करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। शिवली कोतवाली क्षेत्र के अड़नपुर गांव निवासी रमेश चंद्र(55) खेती करते थे। बुधवार की सुबह गांव के बाहर अपने खेतों में धान की रोपाई करने गए थे। वहां से घर वापस आने के बाद वह गर्मी के कारण पंखे का प्लक बोर्ड में लगाने लगे जिससे वह करंट की चपेट में आ गए और वही गिर गए। बहू ने पड़ोसियों की मदद से उनको शिवली सीएचसी पहुंचाया। जहां मौजूद ईएमओ सन्नी सिंह ने रमेश को मृत घोषित कर दिया। पिता मौत से पुत्र सोनू सिंह, मोनू, विकास पुत्री सोनम का रो-रो बुरा हाल है। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से मौत प्रतीत होती है। मामले की जांच की जा रही है।

रमेश की फाइल फोटो।

सोते समय सांप के डसने से युवती की मौत

राजपुर। जनपद जालौन के एट थाना क्षेत्र के पिरौना गांव निवासी चंद्रपाल की बेटी अंजली (18) अपनी मां कस्तूरी देवी के साथ एक महीने पहले गुबार गांव निवासी अपनी मौसी माधुरी देवी के घर घूमने आई थी। मंगलवार को अंजली मौसेरे भाई-बहनों के घर की छत पर सो रही थी। तभी उसे जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन उसे झांड़-फंक कराने रनियां के चिरौरा ओझा के यहां ले गए। वहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे अकबरपुर स्थित जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ईएमओ डाक्टर निशांत पाठक ने अंजली को मृत घोषित कर दिया।

अंजली।

नए कानून के तहत रसूलाबाद में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

कानपुर देहात। रसूलाबाद थाने में भी बीएनएस के तहत प्रथम रिपोर्ट बाइक चोरी की दर्ज की गई। गत 1 जुलाई सोमवार 11बजे सुबह तहसील परिसर से राजकीय बीज भंडार प्रभारी की बाइक चोरी हुई थी। जिसकी रिपोर्ट पुलिस ने बुधवार को बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत दर्ज कर ली है। बताते चलें कि सोमवार 1 जुलाई को तहसील में राजकीय बीज भंडार प्रभारी राज नारायण यादव की बाइक परिसर गेट के बगल में स्थित जनरेटर के पास से कोई चुरा ले गया था।

10 घंटे गुल रही रसूलाबाद क्षेत्र की बिजली

कानपर देहात। रसूलाबाद में बुधवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगती है और इस दिन आसपास के ग्राम्य अंचलों में बसे लोग रसूलाबाद बाजार आकर खरीद फरोख्त करते हैं। इसके चलते दुकानदारों को साप्ताहिक बाजार में आर्थिक लाभ की आशा रहती है। ऐसी दशा में बिजली का सात आठ घंटे तक गोल रहना उसकी आमदनी पर प्रभाव डालता है। कुछ यही हाल बुधवार को रहा सुबह 7:00 बजे बिजली चली गई इसके बाद बीच में कुछ समय आने के बाद फिर लगभग शाम 5:30 बजे आई जिससे दुकानदारों के इनवर्टर भी दगा दे गए और उन्हें साप्ताहिक बाजार के दिन आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। एसडीओ विद्युत गौरव द्विवेदी ने बताया की ककवन के पास पोल दो जर्जर पोल ककवन व दो शहबाजपुर में बदले गए हैं। इस कारण बिजली की आपूर्ति बाधित रही है।

यौन प्रताड़ना के दोषी को पांच साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। गजनेर क्षेत्र के एक गांव में करीब 6 साल पहले घर में खेल रही बच्ची को टॉफी का लालच देकर अपने घर ले जाकर वहीं के रहने वाले व्यक्ति ने उसके साथ अश्लीलता की थी। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को पॉक्सो अदालत ने आरोपी को यौन प्रताड़ना का दोषी ठहराते हुए उसे पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई व 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि गजनेर क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि 9 जुलाई 2018 को दिन में उसकी चार वर्षीय पुत्री घर पर खेल रही थी। तभी गांव का ही जमील खान आया और पुत्री को टॉफी देने का बहाना कर अपने घर ले गया और उसके साथ गलत काम करने की कोशिश की। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13पॉक्सो कोर्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी।बुधवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर बीस हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक माह का अतरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

- **गजनेर क्षेत्र के एक गांव का 6 साल पुराना मामला**

पीस कमेटी की बैठक में उठा ताजिया के रूट का मुद्दा

संवाददाता सिंकदरा/राजपुर

अमृत विचार। आगामी श्रवाण मास व मोहर्रम के त्योहार को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को थाना सिकंदरा व राजपुर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें ताजिया के रूट का मुद्दा उठाया गया। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कोई समस्या हो तो आप लोग बेझिझक बता सकते है। त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाएं।

बुधवार को सिकंदरा थाना परिसर में उपजिलाधिकारी श्याम नारायन शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा एवं अधिशासी अधिकारी शालिनी त्रिपाठी की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें नगर व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से क्षेत्राधिकार ने कहा कि कोई समस्या हो तो आप लोग बेझिझक बता सकते हो। आने वाले मोहर्रम के त्योहार पर सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें।

सिकंदरा थाने में लोगों को जानकारी देते अधिकारी।

राजपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग।

ताजियादारों ने दोनों ही अधिकारियों के सामने ताजिया के रूट को लेकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि शास्त्री नगर में रईस अंसारी के द्वारा रोड तक अतिक्रमण किया गया है। जिसको लेकर वहां पर ताजिया निकालने में भारी समस्या बन जाती है। इसलिए अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाए।

थाना प्रभारी सिकंदरा महेश कुमार का कहना है कि आगामी त्योहारों में किसी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग न इसलिए अराजक तत्वों पर विशेष ध्यान रखें और जरा सा भी आपको लगे कि किसी भी जगह माहौल को खराब किया जा रहा है तो तत्काल शिकायत करें।

त्योहारों पर नई परंपरा न शुरू की जाए

राजपुर। थाना मे बुद्धवार को पीस कमेटी की बैठक सिकन्दरा सीओ संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। सीओ ने निर्देश दिया कि कोई नई परंपराएं न शुरू की जाए। पुरानी जगह पर जहां-जहां ताजिया रखे जाते हैं, वहीं पर रखे जाए। जिस रास्ते से जुलूस निकलता रहा है उसी रास्ते से जुलूस निकाला जाए। उन्होंने कस्बे वासियों से इस पर्व को सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार, चैकी इंचार्ज पंकज कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवध विश्नोई, अनवार खां समेत नगर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

परेशानी राजपुर नगर पंचायत के कई वार्डों में भीषण गंदगी व जलभराव से लोग परेशान

राजपुर के कन्हैया नगर में गंदगी का अंबार व जलभराव। अमृत विचार

राजपुर में जलभराव। अमृत विचार

कागजों में संचारी रोग अभियान, धरातल पर गंदगी

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। बारिश की शुरुआत होते ही संक्रामक रोग बढ़ते हैं। वेक्टर जनित और संचारी रोगों की रोकथाम के एक से 31 जुलाई तक पूरे जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत नगर पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान और जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इससे जुड़े जिम्मेदार कागजों पर कोरम पूरा कर संचारी रोग अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

राजपुर नगर पंचायत के कई वार्डों में जलभराव से लोग परेशान है। जबकि जिलाधिकारी ने एक सप्ताह पहले ईओ, स्वास्थ्य अधिकारियों को नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को दूर कराने के साथ ही नियमित सफाई, फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद राजपुर नगर में इसका कहीं असर नजर नहीं आ रहा है।

नगर पंचायत के कन्हैया नगर स्थित बैलाही बाजार में भीषण जलभराव और गंदगी है। यहां जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। वार्ड में 10 से अधिक नट समुदाय के परिवार झोपड़ी बनाकर रहते हैं। जलभराव होने से इन परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अटल नगर में नाली निर्माण न होने से जलभराव की समस्या है। यहां बारिश में तालाब जैसा नजारा रहता है। अशोक नगर वार्ड में गलियों में गंदगी है। यहां वर्षो पहले ग्राम पंचायत निधि से बनाए गई सड़कें टूट गई है। नियमित सफाई नहीं होने से जलभराव की समस्या है।

बिकरू कांडः अभियोजन गवाह से की गई जिरह

कानपुर देहात। बिकरू कांड मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। बुधवार को मामले में अभियोजन गवाह से तीन आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की। अब अदालत ने अन्य आरोपियों की ओर से जिरह के लिए 4 जुलाई की तिथि नियत की है।

- **न्यायालय ने बचाव पक्ष की जिरह के लिए 4 जुलाई की तिथि तय की**

चैबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। मामले में अभियोजन गवाह दरोगा कौशलेंद्र प्रताप सिंह से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में आरोपियों राजेन्द्र मिश्रा ,गोपाल सैनी व जहान सिंह यादव की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष कुमार बाजपेई ने अभियोजन गवाह से जिरह पूरी कर ली है। इसके बाद अब अदालत ने शेष अन्य आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष की जिरह के लिए 4 जुलाई की तिथि नियत की है।

medhavi foundation
JOB OPPORTUNITY
Medhavi Foundation
Scan for Apply

Applications are invited for eligible candidates for the deployment of Vocational Trainers in the schools Uttar Pradesh under NSQF Project.

Consumer Energy Meter Technician: Total Positions- 57 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Diploma, B.Tech, B.E., B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/ 5.0 year teaching experience.

Assistant Beauty Wellness Consultant: Total Positions- 08 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Graduate (Any) from a recognized Institute /University, with at least 3.0 year work/1.0 teaching experience.

Assistant Plumber General: Total Positions- 14 (In Multiple Districts of UP), Qualification- B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I, B.E./B.Tech, Diploma, CITS from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/1.0 year teaching experience.

Four-Wheeler Service Assistant: Total Positions- 9 (In Multiple Districts of UP), Qualification- I.T.I, Diploma, I.T.I, Diploma, from a recognized Institute/University, with at least 4.0 year work/1.0 teaching experience.

Minimum Competency: Domain Knowledge, Effective Communication Skills, Soft skills. Age Limit-18-37 years (As on 1st Jan 2024). Only shortlisted candidates will be called for written test and interviews.

Gross Honorarium - RS. 15,000/- Per Month Fixed For all the post's

How to apply- Apply and upload documents at https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScDINzPePzEgQzbKeXybletQsOUdEmLo0N4KTWhqlxdtS86cA/viewform link or Scan the QR code by 05/07/2024 till 5 PM.

For any query, please contact on +91 7408080855 All positions are purely on contractual basis and selection process is strictly based on Written test Interview and Merit. Do not use any unfair means.

एक नजर

पेड़ से गिरकर युवक की मौत

कानपुर। नरवल थानाक्षेत्र में हथेरुआ दीपापुर के रहने वाले 45 वर्षीय राकेश की पेड़ से गिरने से मौत हो गई। राकेश बबूल के पेड़ पर चढ़कर कटाई कर रहे थे। तभी पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े और गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान उनको मृत घोषित कर दिया।

बाइक से नीचे गिरी महिला की जान गई

कानपुर। जिला औरैया के मुंगीसपुर की रहने वाली 51 वर्षीय माया वर्मा की बाइक से गिरने से सिर में चोट लगने से मौत हो गई। वह अपने पति प्रतापनारायण वर्मा के साथ कल्याणपुर में भाई राहुल के यहां 26 जून आ रही थीं। पनकी थानाक्षेत्र में गाड़ी रोकने पर वह अनियंत्रित होकर सड़क पर सिर के बल गिर गईं। उनके सिर पर गंभीर चोट आ गई। अस्पताल में उपचार के दौरान एक माह बाद उनकी मौत हो गई।

टैक्स चोरी का आरोपी उद्यमी वीआईपी वार्ड में

जेल या खेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में जेल भेजा गया राधे-राधे इस्पात कंपनी का मालिक नवीन जैन 24 घंटे भी जेल में नहीं रहा। हार्निया, शुगर, हार्ट संबंधी बीमारी का हवाला देकर आरोपी उर्सला के वीआईपी वार्ड में आराम फरमा रहा है, जहां उसे सारी सुख सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

नवीन जैन।

डीजीजीआई लखनऊ ने वाई ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन के फजलगंज स्थित कार्यालय में 26 जून छापेमारी की थी। नवीन जैन की फतेहपुर, मलवां में राधे-राधे इस्पात नाम से फैक्ट्री है। यहां स्क्रैप माल को भी पकड़ा गया और बड़े पैमाने पर दस्तावेज जब्त किए गए हैं। यहां से टीम ने 322 करोड़ रुपये की अवैध बिक्री पकड़ी। इस पर 52 करोड़ की कर चोरी का मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद टीम ने नवीन जैन को हिरासत में लेकर स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे 9 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया गया था। जेल जाने के 24 घंटे के भीतर ही नवीन जैन खुद को बीमार बताया था। हार्ट पेशेंट होने का दावा करने के साथ ही नवीन जैन ने बताया कि उसे हार्निया, शुगर, बीपी और स्लिप डिस्क समेत अन्य गंभीर बीमारियां हैं। सीने में तेज दर्द की शिकायत पर अगले दिन ही नवीन जैन को जेल से उर्सला रेफर किया गया। यहां से फिर कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया। जांच में सामने आया कि नवीन को हार्ट से संबंधित कोई गंभीर बीमारी नहीं है। इसके बाद उसे कार्डियोलॉजी अस्पताल से उर्सला भेज दिया गया। ट्रैकीकार्डिया यानी हार्ट बीट अनियंत्रित होने की शिकायत थी। अब उसका उर्सला के प्राइवेट रूम नंबर-301 में इलाज चल रहा है। जेल अधीक्षक बीडी पांडेय ने बताया कि कारोबारी नवीन जैन ने बीमारी का हवाला दिया था। जिस कारण उसे उर्सला में भर्ती कराया गया है। जेल में दाखिल होने के अगले दिन ही उसे जेल अस्पताल से उर्सला रेफर किया गया था।

- हार्ट, हार्निया, शुगर समेत अन्य बीमारियों का दिया था हवाला
- जांच में नहीं निकली हार्ट की बीमारी, उर्सला किया गया रेफर
- 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी में जेल भेजा गया था नवीन जैन

आरोपी की जमानत अर्जी हो चुकी है खारिज

- जेल जाने के अगले ही दिन नवीन जैन की ओर से जमानत याचिका स्पेशल सीजेएम आनंदेश सिंह की कोर्ट में दाखिल की गई थी, जिसमें तर्क दिया गया था कि आरोपी की ओर से कोई भी जीएसटी से संबंधित अपराध नहीं किया गया है। साथ ही दलील पेश कि गई थी कि अगर आरोपी कोई टैक्स देने से चूक गया तो उसे नियमानुसार बताया जाए। वहीं डीजीजीआई टीम की ओर से अधिवक्ता ने आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड मंगाने के लिए समय मांगते हुए याचिका निरस्त करने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया था और जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

344 करोड़ का माल बिना जीएसटी चुकाए बेचा

- नवीन जैन पर 344 करोड़ रुपये का माल बिना जीएसटी चुकाए बेचने का भी आरोप है। जीएसटी इंटेलीजेंस की टीम को लखनऊ में छापेमारी के दौरान फर्म के टैक्स चोरी के इनपुट मिले थे, जिसके बाद टीम शहर आई थी। टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय के साथ ही फतेहपुर, बुंदेलखंड स्थित प्लांट में छापेमारी की थी। साथ ही लाल बंगला स्थित डीलर प्रेम जायसवाल व कार्तिकेय जायसवाल के प्रतिष्ठान भी कार्रवाई की जद में आए थे।

विशेषज्ञों को रोजगार पोर्टल से जोड़ने पर काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवायोजन विभाग ने की विशेषज्ञों के नामों पर चर्चा, होगा पंजीयन
- विभाग की ओर से मनोवैज्ञानिक व करियर काउंसलर होंगे शामिल

अमृत विचार। सेवायोजन विभाग के लांच रोजगार संगम पोर्टल के विस्तार पर बुधवार को बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों को निर्देश दिए गए वे पोर्टल पर युवाओं की सहायता के लिए करियर व मनोवैज्ञानिक एक्सपर्ट जोड़ें। इसके लिए शहर के कई काउंसलर के नामों पर चर्चा हुई। निर्देश दिया गया कि जिले से लगभग 26 विशेषज्ञों को इस पोर्टल से जोड़ा जाएगा।

रोजगार संगम पोर्टल पर युवाओं को पोर्टल के ही माध्यम से विशेषज्ञों की ओर से की जाने वाली काउंसलिंग की भी सुविधा दी जाएगी। इसके लिए पोर्टल पर युवाओं के साथ ही विशेषज्ञों को भी जोड़ा जा रहा है। विशेषज्ञों के जुड़ने से युवा पोर्टल की सहायता से करियर काउंसिलिंग और मनोवैज्ञानिक ऑनलाइन ले सकेंगे। बुधवार को विभाग में हुई बैठक में सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह के समक्ष शहर के कई विशेषज्ञों के नामों पर चर्चा भी हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पोर्टल पर जोड़े जोन वाले विशेषज्ञों के अनुभव के आधार पर ही उन्हें वरीयता दी जाए। जिले से जितने भी विशेषज्ञ पोर्टल पर जुड़ने की अनुमति देते हैं विभाग के कर्मचारी उनके यहां पर जाकर उन्हें पोर्टल और उसकी सभी खासियतों के बारे में उन्हें जानकारी दें। इसके अलावा आवेदन करने वाले विशेषज्ञों को इस पोर्टल की युवाओं को उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी जाए।

मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर जिले की सभी सीएचसी में खोले जाएंगे

एनीमिया का समय से प्रबंधन, इलाज और रोकथाम पर आसानी से होगा काम

सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को गर्भवास्था के समय एनीमिया से बचाने के लिए जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृ एनीमिया प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। जहां पर महिलाओं की प्रसव से पूर्व जांच की जाएंगी। जांच में अगर कोई गर्भवती कम हीमोग्लोबिन या एनीमिया ग्रस्त मिलती है तो दवा और इंजेक्शन के माध्यम से हीमोग्लोबिन बढ़ाया जाएगा, ताकि प्रसव के समय जटिलताओं से न गुजरना पड़े।

जिले में घाटमपुर, सरसौल, बिल्हौर, शिवराजपुर, ककवन, चौबेपुर, बिधनू समेत 11 समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। यहां से कई बार हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से ग्रस्त महिलाओं को हैलट या डफरिन अस्पताल में भेजा जाता है, उनको आने व जाने में दिक्कत होती है। अब गर्भवती महिलाओं को अधिक परेशान नहीं होना पड़ेगा। संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उनकी प्रसव पूर्व सारी जांच व इलाज मुहैया हो सकेगा। इसके लिए शासन के निर्देश पर जिले की सभी सीएचसी में मातृ एनीमिया प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि वर्तमान में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में प्रसव पूर्व जांच के माध्यम से एनेमिया ग्रस्त गर्भवतियों की जांच की जा रही है। जटिल प्रसव के कुशल प्रबंधन के लिए खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। इसी उद्देश्य से ग्रामीण स्तर पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर स्थापित करने की तैयारियां चल रहीं है। जल्द ही सभी केंद्रों में गर्भवतियों और महिलाओं को सेवाएं मिलेगी। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में काफी कमी भी आएगी। गर्भावस्था के दौरान 80 फीसदी महिलाओं को एनीमिया से ग्रसित होने का खतरा रहता है। इसकी वजह से प्रसव संबंधी जटिलता बढ़ने के साथ गर्भस्थ शिशु का शारीरिक व मानसिक विकास प्रभावित होने का खतरा भी रहता है।

कॉर्नर में मिलेंगी यह सेवाएं

- एनीमिया की जांच के लिए लैब की सुविधा
- आयरन फोलिक एसिड दवा
- कृमिनाशक दवा दी जाएगी
- आयरन सुक्रोज इंजेक्शन व इलाज
- पोषण संबंधित परामर्श सेवाएं
- ब्लड ट्रांसफ्यूजन भी होगा।

हीमोग्लोबीन से होती एनीमिया की पहचान

डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि एनीमिया की पहचान हीमोग्लोबीन जांच से की जाती है। इसे तीन भागों में बांटा गया है। पहला हीमोग्लोबीन लेवल 11 ग्राम से ज्यादा है तो इसे सामान्य मानकर दवाइयां दी जाती हैं। हीमोग्लोबीन 7 ग्राम से 11 ग्राम होता है तो उसे मॉडरेट कहते हैं। यदि हीमोग्लोबीन 7 ग्राम से नीचे है तो उसे सीवियर एनीमिया माना जाता है। हीमोग्लोबीन 7 ग्राम से 10 ग्राम के बीच रहता है तो दूसरी या तीसरी तिमाही में उस महिला को मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर में आयरन सूक्रोज का इंजेक्शन दिया जाएगा ताकि प्रसव के समय खून से संबंधित कोई जटिलताएं न हो सकें। गर्भावस्था के दौरान 80 फीसदी महिलाओं को एनीमिया से ग्रसित होने का खतरा रहता है। इसकी वजह से प्रसव संबंधी जटिलता बढ़ने के साथ गर्भस्थ शिशु का शारीरिक व मानसिक विकास प्रभावित होने का खतरा भी रहता है।

शेयर बाजार की ऊंची उड़ान पर झूमे निवेशक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंसेक्स पहली बार 80,000 के पार, कानपुर के निवेशकों की पूंजी में 1600 करोड़ की बढ़ोतरी का अनुमान

अमृत विचार। यूपी स्टॉक एक्सचेंज की विरासत का तमगा रखने वाले कानपुर में शेयर बाजार के दीवानों के लिए बुधवार का दिन खुशियों भरा रहा। सेंसेक्स पहली बार 80,000 तो निफ़्टी 24,300 के पार पहुंच गया। इससे कानपुर के निवेशकों की पूंजी में करीब 1600 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान है।

शेयर बाजार में इतिहास सकरात्मक ग्लोबल संकेत, बैंकिंग शेयरों में तेजी, जुलाई में अच्छे मानसून की उम्मीद, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के मजबूत आंकड़े, बढ़िया जीएसटी कलेक्शन और पहली तिमाही में पंजीकृत कंपनियों के नतीजे अच्छे रहने की आशा में बना। बुधवार को सरकारी कंपनियों के शेयरों में भी जोरदार तेजी देखी गई। बजट से जुड़ी उम्मीदों के चलते भी शेयर बाजार में खरीदारी देखने को मिली। क्लोजिंग के समय सेंसेक्स 545.34 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 79,986.80 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 162.65 अंकों की तेजी के साथ 24,286.50 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 80,074.30 का नया उच्चतम स्तर छुआ तो निफ़्टी का नया ऑलटाइम हाई 24,309.15 रहा।

बेसिक डीमैट सर्विसेज का दायरा बढ़ने से छोटे निवेशकों को लाभ

आर्थिक विशेषज्ञ और निवेश सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार शेयर बाजार में पैसा लगाने वाले कानपुर के खुदरा निवेशकों के लिए खुशखबरी है। पिछले हफ्ते बाजार नियामक सेबी ने बेसिक सर्विसेज डीमैट अकाउंट की लिमिट 2 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी है। सेबी के इस कदम से कानपुर के लाखों छोटे निवेशकों को खासा फायदा होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **सुधा सागर शर्मा पत्नी रामसीता शर्मा, निवासी– मु0 राम चबूतरा, कस्बा व तहसील कालपी, जि0 –जालौन,** मेरा अभिकर्ता अधिकार पत्र संख्या 166 वास्तव में खो गयी है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **वसीउल्ला अंसारी पुत्र दयामुउल्ला, निवासी– 6/303 ई0एब्लू0एस कालोनी सेक्टर–6 गोमती नगर विस्तार लखनऊ** मेरा एलाटमेंन्ट लेटर जिसका नं0–2952/01 दिनांक 16/09/2009 वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **अखिलेश शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा, निवासी– ईडब्लूएस –563/697, रतनपुर कालोनी, पनकी, कानपुर,** मेरा हाईस्कूल एवं आईटीआई का मूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 35033314231998 वर्ष 2015 वास्तव में खो गयी है।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SHAHNAZ BANO URF CHANDA था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAHNAZ BANO रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: MOHAMMAD JAMEEL, R/O, 462/118, RAMGANJ HUSAINABAD CHOWK LUCKNOW

सूचना

सूचित हो कि मैं **मो0 रफीक पुत्र स्व0 हजारा, निवासी–174/65, पीर जलील घोसियाना, उत्तरी, जिला लखनऊ, उ0प्र0** मेरा पुत्र साजिद अली व उनकी पत्नी शैबुन पत्नी साजिद अली मुझे व मेरे परिवार से आये दिन मारपीट, लड़ाई झगड़ा करती हैं और दहेज प्रथा में बन्द करवाने की धमकी दे रही है, मेरा व मेरे परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है, इसलिए मैंने अपने पुत्र साजिद अली व उनकी पत्नी शैबुन को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके किसी भी कार्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **अय्यूब पुत्र गुलाम व जुबेदा खातून पत्नी अय्यूब, निवासीगण– ग्राम बसारा परगना व तहसील फतेहपुर जनपद बाराबंकी** मैने अपने दूसरे नम्बर के पुत्र तौकीर पुत्र अय्यूब के गलत चाल–चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा कोई कृत्य, वाद–विवाद, लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नही है।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1511315 और इंटरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1058344 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका कुछ पता नहीं चल सका है। **शिवेंद्र सिंह पुत्र राकेश कुमार सिंह निवासी ग्राम चकगौर, पोस्ट छिवलहा, थाना सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली**

सूचना

मैंने अपने पुत्र आनंद मोहन के गलत चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वंय जिम्मेदार होगा। **रविन्द्र सिंह पुत्र जसवंत सिंह– निवासी– कटैया – थाना– ऐरवाकटरा जनपद –औरैया।**

औद्योगिक क्षेत्र की बताईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पनकी स्थित इंडस्ट्रियल एरिया इस्पात नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर बुधवार को उद्यमियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। उद्यमियों ने पनकी औद्योगिक क्षेत्र की टूटी सड़कें, सीवर लाइन न होने से होने वाली जलभराव की समस्याओं से अवगत कराया।

उद्यमियों ने नगर आयुक्त से कहा कि पनकी औद्योगिक क्षेत्र में समस्याओं के अंबार की वजह से वहां पर कार्य करना मुश्किल हो रहा है। बरसात के समय वहां पर समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं। इससे कर्मचारी आने से आनाकानी करते हैं। इसके अलावा जलभराव से स्टॉक भी खराब होने से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यह समस्या सालों पुरानी है। नगर आयुक्त ने जल्द समाधान किए जाने का आश्वासन दिया है। मुलाकात के दौरान आयरन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप केडिया, अमित अग्रवाल, विनोद पाल, मुकेश जैन, कोशल,मुकेश निगम, तेज सिंह यादव,गोरव खन्ना सहित इस्पात नगर के अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

नगर आयुक्त को ज्ञापन देते उद्यमी। अमृत विचार

युवक के खाते से उड़ाए डेढ़ लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थाना क्षेत्र के अहिरवां का मामला, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने युवक को फोन कर अपने झांसे में लिया और फिर गूगल पे के माध्यम से खाते से डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अहिरवां के संजीव नगर निवासी विमल कुमार के अनुसार वे मंगलवार को वह एक प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनी की साइट पर ऑनलाइन काम कर रहे थे। तभी उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले खुद का नाम राहुल बताया। आरोपी ने उनसे कहा कि जैसे काम कर रहे हैं। वह गलत तरीका है। जैसे वो बताए वैसे काम करना है। फिर आरोपी ने उनसे पॉलिसी नंबर, मोबाइल नंबर पूछा। इसके बाद आरोपी ने गूगल पे में लॉगिन करने को कहा। इसके बाद आरोपी ने उनसे यूपीआई आईडी का पॉसवर्ड डालने को कहा। पासवर्ड डालते ही उनके खाते से डेढ़ लाख रुपये उड़ गए। इसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

शोक संदेश

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः। स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥



गोलोकवासी रेवती रमण मोहन

(जन्म - 1947, निर्वाण - 2024)

प्रिय आत्मन,

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री आर.आर. मोहन जी** (पूर्व प्रधानाचार्य भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज, संस्थापक आरोग्यधाम ग्वालटोली, "आशु" कवि) 24 जून 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर गोलोक वासी हो गए।

उनकी आत्मा की शांति के लिए **शांति पाठ 4 जुलाई 2024, बृहस्पतिवार** शाम 4:00 से 5:00 बजे, 10/425 हरिहरनाथ शास्त्री भवन खलासी लाइन (निकट एलन हाउस स्कूल) में होना सुनिश्चित हुआ है।

शोकाकुल परिवार

श्रीमती पुष्पा मोहन (पत्नी)
डॉ हेमंत मोहन (पुत्र)
डॉ आरती मोहन (पुत्र वधू)
अशोक मोहन (भाई)

(बहन - बहनोई)
अश्विनी - आरके शर्मा
सुनीता - कुमुद झींगन
सुषमा शर्मा

(पुत्री - दामाद)
रमा शर्मा - सोम शर्मा, उमा शर्मा - प्रशांत शर्मा

अराजकता चालक हैलट से निजी अस्पतालों में मरीजों को भेजने का करते काम, स्वरूप नगर पुलिस ने किए चालान

हैलट से भगाया तो एंबुलेंस वालों ने नया ठिकाना बनाया

इमरजेंसी से हटकर ओपीडी के पीछे खड़ीं निजी एंबुलेंस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में अवैध रूप से दिनभर एंबुलेंसों का जमावड़ा लगा रहता है। एंबुलेंस चालक हैलट में आने वाले मरीजों को झूठ बोलकर कल्यानपुर, बर्रा, गोविंद नगर, रामादेवी समेत आदि जगहों के सेंटिंग वाले निजी अस्पतालों में भेजते हैं। शिकायतें आने पर बुधवार को स्वरूप नगर पुलिस ने आधा दर्जन एंबुलेंसों का चालान कर उनको इमरजेंसी से खदेड़ा तो चालकों ने ओपीडी के पीछे हैलट चौकी से तीन सौ मीटर की दूरी पर अपना नया ठिकाना बना लिया।

हैलट अस्पताल की इमरजेंसी और एपी डायग्नोस्टिक सेंटर के पास सुबह से लेकर रात तक अवैध रूप से निजी एंबुलेंस खड़ी रहती हैं, जिसकी वजह से 108 व 102 एंबुलेंस को निकलने में दिक्कत होती है और जाम लगता है। इमरजेंसी गेट के बाहर निजी एंबुलेंस चालक अपने साथियों के साथ मरीजों पर नजर बनाए रखते हैं और हैलट में खराब इलाज होने, सही जांच न होने आदि बातें बोलकर तीमारदार को बहलाते व फुसलाते हैं और अपने सेटिंग वाले निजी अस्पताल में पूरी सुविधा दिलवाने का झांसा देते हैं। निजी अस्पताल वाले इनको कमीशन देते हैं। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को होने के बावजूद इनपर कार्रवाई नहीं होती। लगातार शिकायतों के बाद बुधवार को हैलट चौकी प्रभारी अरविंद कुमार ने पुलिस टीम के साथ अभियान चलाया तो मौके से कुछ चालक एंबुलेंस लेकर भाग गए, लेकिन जो भाग नहीं सके, उन आधा दर्जन निजी एंबुलेंसों का चलान पुलिस ने किया। यह चालक अब पुलिस को चुनौती देते हुए इमरजेंसी के पास हटकर ओपीडी के पीछे मेटरनिटी विंग के साथ खड़े हो गए हैं।

कई दिनों से मिल रही थी शिकायत

हैलट अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से एंबुलेंस चालकों को लेकर शिकायत मिल रही थी कि परिसर में ये लोग अवैध रूप से अंदर खड़े हो जाते हैं। इसके बाद मरीजों को गुमराह करते हैं। बुधवार को स्वरूप नगर पुलिस को मौके पर बुलाकर इन सभी के खिलाफ अभियान चलाया गया है।

150 करोड़ की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

राजेश मौर्य नाम बदलकर इंदौर में राज सिंह के नाम से रह रहा था

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। ठगी कर वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को स्थानीय पुलिस व एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए ठग पर करीब 150 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है।

मामला सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव का है। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस और प्रयागराज एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की। करीब 150 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले पर 25,000 का इनाम भी घोषित था। इनामी ठग राजेश मौर्या को गिरफ्तार कर कर पुलिस व एसटीएफ उससे पूछताछ कर रही है। राजेश मौर्या को कर्मेपुर मोड़, सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव के रहने वाले राजेश मौर्य ने लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देकर करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से इकट्ठा किया और रफूचक्कर हो गया। एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि राजेश मौर्य मध्य प्रदेश के इंदौर महानगर के नेहरू नगर में राजा सिंह के नाम से रहता था। उसने अपना हुलिया बदल कर रह रहा था।

ठगी का आरोपी राजेश मौर्या।

- पैसे दोगुना करने का झांसा देकर ठगे करोड़ों
- स्थानीय पुलिस के साथ एसटीएफ ने दबोचा

वह सरदार के भेष में रहा करता था। ताकि लोग उसकी पहचान न कर पाए। राजेश मौर्या ने साल 2007 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मार्केटिंग का काम किया और बाद में एनजीओ के नाम पर लोगों को धोखाधड़ी के जरिए फंसाया। उसने आरकेएम शिक्षण संस्थान नामक एनजीओ रजिस्टर करवा कर लोगों को दो-गुना लाभ दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपये इकट्ठा किए। उसने प्रदेश के अलावा कई राज्यों में धोखाधड़ी का अपराध किया। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि राजेश मौर्या ने फर्जी दस्तावेजों और रसीदों के माध्यम से लोगों को गुमराह किया और उनसे पैसा हड़प लिया। उसके खिलाफ कई धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं और वह लगातार भेष बदलकर अपने ठिकाने बदलता रहता था। इसलिए उसे पकड़ने में पुलिस को जाल बिछाना पड़ा। तब कहीं जाकर वह हत्थे लगा। अब उससे पूछताछ कर पुलिस धोखाधड़ी के मामले उगलवा रही है।

खरीफ की फसल बोने की तैयारी में जुटे किसान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बीते सप्ताह हुई कई घंटे तक झमाझम बारिश थमने के बाद किसान खरीफ बुआई की तैयारी में जुट गए हैं। जिन किसानों की धान की नर्सरी तैयार हो चुकी है, वह अपने खेतों की जुताई कर धान रोपाई के लिए तैयार कर रहे हैं। वहीं अधिकांश क्षेत्रों में इस बार जून माह में अधिक तापमान होने के कारण धान की नर्सरी झुलस गई थी, जिससे किसानों को दोबारा नर्सरी बोनी पड़ी। किसानों का कहना है कि अच्छी बारिश हो जाए तो धान की रोपाई शुरू हो जाए।

बीते दिनों हुई झमाझम बारिश कई घंटे तक लगातार हुई। जिससे खेतों में पानी भर गया। खेतों में पानी भरने के बाद किसानों ने धान की नर्सरी लगाने की शुरुआत कर दी। वहीं खरीफ फसलों की बुआई के लिए भी तैयारियां शुरू हो गई है। बारिश के बाद भी कई स्थानो में अब भी जलभराव की स्थिति है। गांवों में सफाई के अभाव में गलियां कीचड़ से पटी पडी है। गांवों में सफाई के नाम पर महज औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। नालियों की कभी भी सफाई नहीं हो रही है। बारिश से उमसभरी गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। बुधवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। लेकिन बारिश नहीं हो सकी। किसान अब अच्छी बारिश के इंतजार में हैं। जिससे उनकी धान रोपाई अच्छे से हो सके। कुछ किसान अपने निजी नलकूप के भरोसे खेत में पानी भर कर धान रोपाई कर रहे हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में अब भी बिजली की समस्या से निदान नहीं मिल पा रही है। जिससे किसान परेशान हो रहे हैं।

- सोमवार को लगातार कई घंटे तक हुई थी बारिश
- धान रोपाई के लिए किसान हो रहे तैयार

ट्रैक्टरों से हो रही खेतों की जुताई

अब बारिश होने से तापमान में भी गिरावट आई है। जिससे किसान खेतों में ट्रैक्टर जुताई करते हुए नजर आने लगे है। किसानों का कहना है कि नर्सरी तैयार होने में करीब तीन सप्ताह से अधिक का समय लग जाएगा। इसके बाद रोपाई शुरु होगी।

बदली व धूप से बढ़ी उमस, लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बीते सप्ताह अच्छी बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। बदली और धूप के जुगलबंदी से उमस ने डेरा जमा लिया है, जिससे लोग पसीना-पसीना होने को मजबूर हैं। बुधवार को भी पारा सामान्य से साढे तीन डिग्री नीचे रहने के बाद भी उमस भरी गर्मी लोगों को बेहाल किए रही। जबकि गर्मी में आफत ढा रही बिजली की कटौती ने लोगों को बेचैन रखा है।

तीखी गर्मी के बाद मौसम में आए बदलाव के बाद भी उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। जबकि पारे में भी उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पिछले दो दिन से आसमान में छाने वाली बदली लोंगों को मुंह चिढ़ा रही है।

गर्मी से बेहाल लोगों के साथ ही किसानों को भी अब झमाझम बारिश का इंतजार है। मंगलवार रात में पारा सामान्य से दो डिग्री नीचे गिरने के बाद भी उमस भरी गर्मी बरकरार रही। वहीं बिजली कटौती व ट्रिपिंग से पंखे कूलर नहीं चल पाने के कारण लोग गर्मी से बहाल रहे।

7 जुलाई तक बारिश के असार: मौसम वैज्ञानिक वसीम अहमद ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि अभी मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। आसमान में बदली रहने के साथ ही तेज हवाएं चलने तथा 7 जुलाई तक गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

बारिश के बाद सजा तिरपाल का बाजार

फतेहपुर। बारिश की दस्तक के साथ ही शहर में तिरपाल का बाजार गर्मा गया है। बाजारों में जगह-जगह दुकानें सज गई हैं। हर किसी ने दुकानों के बाहर तख्त डालकर लाल, पीला, नीली, काली, सफेद से लेकर कई प्रकार की पन्नी बिछा रखी हैं। विक्रेताओं ने बताया कि तिरपाल का व्यापार सिर्फ एक माह का होता है। व्यापार का पूरा दरोमदार अच्छी बारिश पर आधारित होता है। वैसे इस बार 25 से 30 लाख रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है।

एक समय था, लोग कच्चे घरों को बारिश से बचाने के लिए खपरैल आदि की व्यवस्था किया करते थे। कई दिन पहले से घर के बडे-बुजुर्ग बच्चों और महिलाओं के साथ उसकी तैयारी में जुट जाया करते थे। अब आधुनिकता के युग में लोगों ने तिरपाल को सहारा बना लिया है। मानसून की दस्तक के साथ जिले में बारिश का क्रम भी शुरू हो गया है।

- 25 से 60 रुपये मीटर तक की पन्नी कई रंग में उपलब्ध
- सबसे ज्यादा पीली और काली पन्नी को खरीद रहे लोग

पिछले तीन, चार दिन पहले रोजाना रुक रुक कर बारिश हुई। लोग बारिश से घर, मकानों को बचाने के लिए तिरपाल की खरीदारी कर रहे हैं। विक्रेताओं ने बताया कि 25 से 60 रुपये मीटर तक की पन्नी दुकानों पर उपलब्ध है। इसमें काली और पीला पन्नी सबसे ज्यादा खरीदी जा रही है। दरअसल उसकी क्वालिटी के साथ मजबूती भी है।

इस बार तिरपालनुमा पन्नी खासी महंगी हुई है। दुकानदारों की मानें तो पिछले साल की तुलना में 15 से 20 फीसदी धंधे में बढ़ोत्तरी हुई है। जो पन्नी पहले दस रुपये कम में मिल जाती है, वह आज 15 रुपये बढ़कर मिल रही है। इससे खरीदार परेशान है।

एक नजर

मोटरसाइकिल सवार ने राहगीर को मारी टक्कर

धाता। बीती रात लगभग 8 बजे धाता खागा रोड पर नगरुआ पेट्रोलपम्प के सामने रोड पार कर रहे राहगीर को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल सवार सहित राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीएचसी धाता भिजवाया गया है। थाना अध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि परिवारीजन को सूचना दी गई है। मौके पर अस्पताल भी पहुंच गए हैं। मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई जिसे पेट्रोल टंकी पर हीं खड़ी करवाया गया है।

ट्रेन पर चढ़ते समय गिरा यात्री, घायल

फतेहपुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी जय मंगल का 40 वर्षीय पुत्र अजय कुमार खागा रेलवे स्टेशन पर जयपुर जाने के लिए ट्रेन में चढ़ रहा था। तभी धक्का लगने से वह गिरकर घायल हो गया। उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया।

मरीजों को लूट रहे झोलाछाप

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। ग्रामीणांचलों में स्थित सीएचसी-पीएचसी में समुचित इलाज न मिलना मरीजों को भारी पड़ रहा है। मरीजों को झोलाछाप लूट रहे हैं और गम्भीर अवस्था होने पर अपने सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं। जहां अक्सर डाक्टर बने लोगों की लापरवाही से मरीजों की मौत होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार हैं और आए दिन वहां हंगामा होता रहता है। नाम न छापने की शर्त पर एक मरीज के तीमारदार ने बताया कि गाजीपुर क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज से एक मरीज की हालत बिगड़ गई। उससे 25 हजार रुपए भी इलाज के नाम पर ऐंठ लिए। दरअसल चिकित्सकों की कमी का फायदा उठाकर झोलाछाप मरीजों की जान से खेल रहे हैं।

- गांव-गांव मरीजों की जान के साथ खिलवाड़

सरकारी अस्पतालों में माकूल इलाज नहीं मिल रहा है। डायरिया और बुखार के मरीज भी भर्ती नहीं हो रहे। उन्हें दवा देकर टाला जा रहा है। ऐसे में फायदा नहीं होता देख मरीज झोलाछापों के चंगुल में फंस रहे हैं।

झोलाछाप मरीजों को झांसे में लेकर इन्ही नर्सिंग होम तक भेज रहे हैं। निजी अस्पतालों के एम्बुलेंस भी इसमें लगे हुए हैं। सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि ओपीडी और भर्ती होने वाले मरीजों में 70 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों के होते हैं जो अति गम्भीर हो रहे हैं। उनमें अधिकतर झोलाछापों के इलाज से गम्भीर होकर आते हैं। सीएमओ का कहना है कि सीएचसी अधीक्षकों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कुकर्म कर मौलवियों ने की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। एसओजी और मलवां थाने की पुलिस ने संयुक्त टीम ने 9 वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पता चला कि नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने के बाद दोनों मौलवियों ने उसकी हत्या राज खुल जाने के डर से की थी।

बता दें कि मलवां थाना क्षेत्र में 30 जून को दोपहर 2:23 बजे मृतक की मां ने डायल 112 पर सूचना दी थी कि उनका 9 वर्षीय बच्चा, जो 29 जून से लापता था। बच्चे का चप्पल गांव सौरा के तालाब के किनारे मिला है, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तालाब और बगल के कुएं की तलाशी ली, जहां बच्चे का शव बोरी में पाया गया।

इस घटना के संबंध में थाना मलवां में मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को पुलिस ने मदरसे के दो मौलवियों रकीमुद्दीन और दिलनवाज नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, सेलो टेप और रस्सी का टुकड़ा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिल नवाज पॉर्न मूवी देखने का आदी था। बच्चे को अकेला पाकर उसके साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया और राज खुल न जाए, इस डर से उसे मौत के घाट उतार दिया। दोनों आरोपी गांव सौरा में एक मदरसे का संचालन करते हैं।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- नौ साल के बच्चे की हत्या का पर्दाफाश हुआ
- कुएं से बरामद किया गया था बच्चे का शव

नौ साल का बच्चा भी इसी मदरसे में पढ़ता था। आरोपी दिलनवाज पोर्न वीडियो देखने का आदी था और उसने बच्चे के साथ गलत काम करने का प्रयास किया था, जब बच्चा रोने लगा, तो दिलनवाज ने उसका मुंह दबाकर उसे बेहोश कर दिया और बाद में उसके हाथ-पैर बांध दिए। जिससे उसकी दम घुटने से मौत हो गई। वहीं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रोते -बिलखते परिजन। अमृत विचार

बिजली विभाग के संविदा कर्मी की करंट से मौत

संवाददाता, धाता फतेहपुर

- नलकूप का फेस बदलने के दौरान करंट की चपेट में आया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव निवासी अमित सिंह पुत्र जगदीश सिंह की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक बिजली विभाग में संविदा कर्मी के रूप में काम करता था। वह नलकूप के कनेकशन में फेस बदल रहा था तभी करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई।

अमित सिंह।

जगदीश सिंह के दो पुत्र हैं। बड़े पुत्र विनीत सिंह एक वर्ष पूर्व छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था और आज भी वह बिस्तर में पड़ा रहता है। वह भी बिजली विभाग में लाइनमैन के पद में संविदा कर्मी था। जगजीत सिंह के छोटे लड़के 38 वर्षीय अमित सिंह धाता पावर हाउस में ऑपरेटर के पद पर संविदा कर्मी था। रोजाना की तरह अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर आया। वह खेत में पानी लगाने के लिए गया तो उस समय आपूर्ति चालू नहीं थी। लगभग 8 बजे जैसे ही वह फेस बदलने लगा कि बिजली आ गई। वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही अचेत होकर गिर गया। आनन फानन में परिजन डॉक्टर को दिखाया तो चिकित्सक ने अमित को मृत घोषित कर दिया।

अमित सिंह का विवाह लगभग 7 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के जाम गांव निवासी लालता प्रसाद सिंह की पुत्री सुचित्रा देवी के साथ हुई थी दंपति के दो पुत्र हैं। जिसमें हार्दिक और सार्थक क्रमशः 6 वर्ष और 4 वर्ष है युवक की मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रैली निकाल प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया

संवाददाता, धाता

- नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने दी नसीहत

अमृत विचार। नगर पंचायत में अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी एवं नगर अध्यक्ष रेखा सरोज के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। जिसमें लोगों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने कहा कि सभी लोग प्लास्टिक बैग का उपयोग न करें। यह प्रकृति के लिए अत्यंत हानिकारक है। प्लास्टिक के उत्पादन से प्रकृति को काफी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से प्लास्टिक के बैग की जगह कपडेल का थैला उपयोग करने की अपील की। बैठक के बाद अधिशाषी अधिकारी के नेतृत्व में बाजार में एक जन जागरूकता रैली निकाली गई।

लोगों को कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। इस दौरान डॉक्टर बाबू लाल, राजू सरोज सरोज, मोहम्मद कलीम, दीपू त्रिपाठी, प्रेम सिंह, लवलेश सोनकर, ननका केसरवानी, गब्बर केसरवानी, शिवम, मनीष आदि रहे।

टमाटर हुआ 'लाल', सौ रुपये प्रतिकिलो कीमत

कार्यालय, संवाददाता, फतेहपुर

- थाली से गायब होने लगी मौसमी सब्जियां
- गर्मी से फसलों के आच्छादन में आई गिरावट

अमृत विचार। इस बार भीषण गर्मी के चलते जिले में प्रभावित हुई सब्जी की खेती के चलते मौसमी सब्जियों के दामों में भी भारी उछाल आ गया है। प्याज व टमाटर के दामों में काफी तेजी आ गई है। सब्जी विक्रेताओं की माने तो गर्मी बढ़ने से बाहर से सब्जियों की कम आवक हो रही है। हरी सब्जियों की कीमतों में 10 से 40 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी हुई है।

भीषण गर्मी के चलते सब्जियों के दामों में दोगुनी तक की बढ़ोतरी हो गई है। बीते 15 दिनों में हरी सब्जी के बढ़ते दामों के चलते लोगों की थाली से हरी सब्जियां गायब हो गई हैं क्योंकि सब्जियों के दाम दोगुने से ज्यादा तक बढ़ गए हैं। दुकानदारों का कहना है की भीषण गर्मी के चलते सब्जियों के पौधे झुलस गए हैं, जिससे फसलों को उगाने में दोगुनी कीमत व मेहनत लगानी पड़ती है। आसमान छूते सब्जी की कीमतों के चलते लोगों को सब्जी खरीदने में पसीने छूट रहे हैं। लौकी, प्याज, तुरई, खीरा, कद्दू, करेला आदि सब्जियों के भाव दोगुनी से भी ज्यादा बढ़ गए हैं।

चौराहे में सजी सब्जी की दुकाने। अमृत विचार

एक सप्ताह पूर्व जहां बाजार में टमाटर का भाव 20 से 25 प्रति किलो था, वहीं इस समय 80 से 100 रुपए किलो है। आलू भी 40 से 45 रुपया किलो, भिंडी 40 से 50 रुपए किलो, तोराई 30 से 40 प्रति किलो लौकी, 40 प्रति किलो, कद्दू 80 रुपए किलो के बीच मार्केट में बिक रहा है। प्याज बाजार में 40 से 50 किलो की दर से बिक रहा है। इसी प्रकार लहसुन की कीमतों में भी काफी बढ़ोतरी हुई है जिसके चलते लहसुन की कीमत भी 250 प्रति किलो हो गई है।

जिला अस्पताल | दवा के साथ रक्त के जांच की सलाह दे रहे डॉक्टर

वायरल बुखार से बच्चे ज्यादा पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बारिश के मौसम में वायरल बुखार का हमला तेज हो गया है। सबसे अधिक बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों बुखार पीड़ित लोगों की भीड़ उमड़ रही है। डाक्टर इन्हें दवा के साथ खून की जांच कराने का परामर्श दे रहे हैं।

पिछले दिनों हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दिला दी है। इसके बाद भी अस्पताल में मरीजों की भीड़ तेजी से उमड़ रही है। बुधवार को जिला अस्पताल में 845 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें अधिकांश जुकाम बुखार से पीड़ित शामिल रहे। डॉ. रघुनाथ सिंह ने बताया कि इस मौसम में अधिकांश लोग जुकाम, बुखार जैसे वायरल इंफेक्शन से पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में वायरल का प्रकोप तेजी से फैलता है। हर उम्र के लोग इसकी चपेट में आते हैं। हालांकि बच्चों के जल्दी बीमार होने का खतरा अधिक होता है। इसका मुख्य कारण बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी है। इससे वह जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। वायरल संक्रमण की चपेट में आये बच्चों में तेज बुखार के साथ सिरदर्द, बदन दर्द और उल्टी जैसी शिकायतें हो सकती हैं। परिजनों को बच्चों को वायरल संक्रमण की चपेट में आने से बचाने के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए।

ओपीडी में लगी मरीजों की भीड। अमृत विचार

इमरजेंसी वार्ड में भर्ती हो रहे मरीज

इन दिनों बीमारों की संख्या में इजाफा होने के कारण इमरजेंसी वार्ड पर भी असर पड़ रहा है। बुधवार को शाम तक करीब 20 मरीजों को डॉक्टरों ने जांच के बाद भर्ती करने की सलाह दी। भर्ती किए गए मरीजों में 12 बुखार, पांच डायरिया और आठ पेट दर्द जैसी बीमारियों के मरीज शामिल रहे।

परंपरागत तरीके से मनाएं मुहर्रम

किशनपुर-फतेहपुर। थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तजियादारों को निर्देशित किया गया। परंपरागत तरीके से मुहर्रम का त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए।

बुधवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे 15 ताजिया दारों से बारी बारी से साफ सफाई विद्युत पथ मार्ग ताजिया भ्रमण के रास्तों पर विस्तृत चर्चा की गई। पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता खागा एसडीएम अजय पांडेय ने की। बैठक में सभी ताजियादारों से पुरानी परंपराओं के अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से ताजिया निकालने पर चर्चा हुई। इस वर्ष किसी भी नई परंपरा को न मनाने के निर्देश दिए गए। साथ में जूलूस के दौरान आने वाली समस्याओं को सुन मौके पर तत्काल निदान किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार शशांक राय, विद्युत जेई अमित कुमार ,एडीओ पंचायत मो हारून, थानाध्यक्ष हेमंत मिश्रा व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला, नगर पंचायत से चमन कुमार आदि मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालयों में नहीं बढ़ रही छात्रों की उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। ग्रीष्मावकाश के बाद जिले भर में शिक्षण कार्य के लिए परिषदीय विद्यालय खुल गए हैं। करीब चार दिन बीतने के बाद भी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम दिख रही है।

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति नहीं बढ़ रही है। पहले दिन से ही विद्यालयों में 30 से 35 फीसदी उपस्थिति चल रही है। चौथे दिन भी यही हाल रहा। बुधवार को शहर के स्कूलों का हाल जाना गया तो हकीकत सामने दिखी। उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, प्राथमिक विद्यालय मुराइनटोला, प्राथमिक विद्यालय पीरनपुर आदि विद्यालयों में बहुत कम बच्चे उपस्थित मिले। विद्यालय के शिक्षकों की माने तो इनका कहना रहा कि भले ही गर्मी की छुटटी समाप्त हो गई हो लेकिन अभी भी कोई अपने ननिहाल में है तो कोई बच्चा मौसी के यहां होना बताया जा रहा है।

अधिकारियों ने ले रखा कई विद्यालयों को गोद

स्कूलों की दशा सुधारने के लिए शासन की ओर से अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को स्कूल गोद लेने के लिए प्रेरित किया गया है। जिलाधिकारी सहित जिले के विभिन्न अधिकारियों ने एक सैकड़ा से विद्यालय गोद लिए हैं। कुछ अधिकारी तो विद्यालयों में देख-रेख करने जाते हैं। जबकि कई ऐसे अधिकारी हैं। जिन्हें अपने गोद लिए विद्यालय से ज्यादा मतलब नहीं है। यह अधिकारी गोद लिए स्कूलों को सालों-साल देखने भी नहीं जाते हैं।

समय से हुआ है किताबों का वितरण

डीसी अखिलेश सिंह ने बताया कि जिले के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले शिक्षार्थियों के लिए सत्र 2024- 25 के लिए करीब 14 लाख पुस्तकों की आवश्यकता है। जिसमें से करीब 11 लाख पुस्तकें जिले में वितरण हो चुका है। बताया कि कक्षा 1 व 2 में एनसीईआरटी की तर्ज पर पैटर्न चेंज हुआ है। शिक्षा सत्र शुरू होने से पूर्व पाठय पुस्तकों की खेप आ चुकी थी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, चालक की मौत

खलासी घायल, ललौली क्षेत्र के दतौली गांव के पास दुर्घटना

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। ललौली थाना क्षेत्र के दतौली गांव के समीप खड़े ट्रक से ट्रक की हुई भिड़ंत में एक ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

बांदा जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा गांव निवासी चंद्रभान सिंह का 35 वर्षीय पुत्र सुशीला प्रताप सिंह ट्रक चालक था। उसकी ट्रक में छतरपुर जनपद के लवकुश थाना क्षेत्र के देवरहा गांव निवासी देवी सिंह का 25 वर्षीय पुत्र प्रीतम सिंह ट्रक में खलासी है। आज वह ट्रक से ललौली थाने के दतौली की तरफ जा रहा था। तभी थाना क्षेत्र के दतौली गांव के समीप खड़े ट्रक में उसकी ट्रक टकरा गई। चालक सुशीला प्रताप सिंह की मौके पर मौत हो गई। वहीं खलासी प्रीतम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। लेकिन हादसे की सूचना पर पहुंचे घायल के परिजन उसको शहर के किसी प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने लेकर चले गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के कोढ़ई मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के छतवापुर गांव निवासी कैलाश का 25 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम के लिए घर से निकला था। जब वह थाना क्षेत्र के कोढई मोड़ के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार संदीप घायल हो गया। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

एंबुलेंस की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, चालक जख्मी

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग नेशनल हाईवे-2 पर रोड से निकली एम्बुलेन्स की टक्कर लगने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शा चालक घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। मलवां थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी लव सिंह का 40 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र कुमार ई-रिक्शा चालक है। वह बुधवार की सुबह अपने ई-रिक्शे पर सवारी लेकर शहर आया था। जब वह वापस घर लौट रहा था तभी कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग के समीप पहुंचा तो रोड से निकली एंबुलेंस की टक्कर लगने से रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शा चालक शैलेंद्र घायल हो गया। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

कार सवार दो साथियों की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, खागा

अमृत विचार। चित्रकूट दर्शन करने जा रहे कार सवार दो साथियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दुर्घटना का कारण कार की स्पीड तेज होना बताया जा रहा है। स्पीड अधिक होने के कारण अनियंत्रित होकर सीधा पेड़ से टकरा गई। जिससे दोनों साथियों की मौके पर मौत हो गई।

जोगेंद्र पाल उर्फ़ मोनू निवासी खखरेरु अहिल्लाबाई वार्ड नम्बर आठ बुधवार की सुबह अपने साथी रावेन्द्र पाल 25 वर्ष निवासी संग्रामपुर कोतवाली खागा के साथ दर्शन करने जनपद चित्रकूट के लिए निकला था। जहां राजापुर के समीप कार की स्पीड तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर सीधा पेड़ से टकरा गई। जिससे दोनों साथियों की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिवार की शिनाख्त के बाद शव को मर्चरी हॉउस भेजा गया। घटना के बाद से दोनों मृतको के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

क्षतिग्रस्त कार।

- मृतक की पहचान खखरेरु नगर वार्ड आठ निवासी जोगेंद्र पाल के रूप में हुई

वहीं खखरेरु थाना प्रभारी ने इस पूरे प्रकरण को लेकर बताया कि घटना चित्रकूट जनपद की है। मृतक के परिवार की तरफ से सूचना के लिए तहरीर प्राप्त हुई है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार की मदद पुलिस द्वारा की गई है।

शीतगृहों से आलू निकासी में देरी पर नोटिस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बुधवार को जिला मुख्यालय आए राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने कई कोल्ड स्टोर्स का निरीक्षण किया। समय पर निकासी न करने पर कई स्टोर संचालकों को नोटिस भी जारी करने के लिए निर्देश दिए।

राज्यमंत्री निजी शीतगृह मे. दुर्गा एण्ड सन्स एम्पायर प्रालि अहमदपुर, मे रस्तोगी आईस एण्ड कोल्ड स्टोरेज, माहपुर पक्का तालाब, मे. फतेहपुर कोल्ड स्टोरेज, अल्लीपुर जीटी रोड, मे. रामरजी आइस एण्ड कोल्ड स्टोरेज प्रालि सौरा मलवां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में राज्य मंत्री ने शीतगृह स्वामी व प्रबन्धकों को कृषकों को प्रेरित करते हुए तीव्र गति से निकासी कराये जाने, जिन शीतगृहों में गत वर्ष के सापेक्ष कम निकासी की गयी है, उक्त शीतगृहों को नोटिस जारी करते हुए तीव्र गति से निकासी करने, शीतगृहों में स्थापित सुरक्षा सयन्त्रों के ट्रायल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी डा. रमेश पाठक को निर्देश दिये कि जनपद के कृषकों को ट्रॉन्सपोर्ट में अनुदान से आच्छादित कराये एवं सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना शीतगृहों में करायी जाए। इस अवसर पर कृष्ण मोहन चौधरी उप निदेशक, उद्यान प्रयागराज मण्डल प्रयागराज, डा. रमेश पाठक जिला उद्यान अधिकारी, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

शीतगृह का निरीक्षण करते राज्य मंत्री दिनेश सिंह। अमृत विचार

पौधरोपण के साथ चित्रकला प्रतियोगिता हुई

बिंदकी फतेहपुर। वन महोत्सव के अंतर्गत वन विभाग द्वारा एक कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया तथा अन्य लोगों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए कहा गया। जिससे पर्यावरण संतुलित बना रहे और लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिले। वहीं एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पौधों के बारे में चित्र बनाया। बेहतर चित्र बनाने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

बुधवार को खजुहा ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत बावन इमली शहीद स्मारक के समीप स्थित एक कॉलेज परिसर में वन विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। मौके पर मौजूद लोगों से भी अधिक से अधिक पौध लगाने की बात कही गई। पौधारोपण को लेकर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम बच्चों ने भाग लिया। बेहतर चित्रकला बनाने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह उत्तम के अलावा क्षेत्रीय वन अधिकारी बिंदकी रेंज आर एस विस्ट, वन दरोगा श्रवण कुमार शुक्ला वन दरोगा रविंद्र कुमार आदि रहे।

मच्छरजनित बीमारियां फैलने का खतरा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बारिश आते ही मच्छरजनित बीमारियों को खतरा अधिक बढ़ जाता है। यही कारण है के एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद इसके शहर में अभियान का कहीं असर नहीं दिखाई दे रहा है। जिधर देखो, वहीं कूड़ा और गंदगी नजर आती है। ऊपर से बारिश हो जाने के कारण कूड़ा बजबजाहट से उठती दुर्गंध लोगों में बीमारी बांटने का काम करती है। ऐसे में मच्छरजनित बीमारियों को नियंत्रण कैसे होगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने जिले में ऐसे स्थान चिह्नित किए हैं जहां अन्य जगहों की अपेक्षा मच्छर जनित बीमारियां फैलने का खतरा अधिक है। विशेष संचारी रोग अभियान के तहत इन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर साफ सफाई से लेकर फागिंग और एंटीलार्वा दवा का छिड़काव कराने का खाका खींचा गया है। जिले में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों ने ऐसे क्षेत्रों का सर्वे कराया था जहां वेक्टर जनित बीमारियां मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, एईएस आदि रोग फैलने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे स्थानों को हाईरिस्क एरिया घोषित किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में करीब 115 ऐसे स्थान शामिल हैं। हाईरिस्क वाले क्षेत्रों की सूची भेजकर सीएचसी-पीएचसी के चिकित्साधिकारियों और नगरीय क्षेत्रों के अधिशासी अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को इन जगहों पर प्रभावी कार्यवाई करने को कहा गया है।

खाली प्लॉट में जमा गंदा पानी व कूड़े का ढेर। अमृत विचार

- सफाई और फॉगिंग के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं
- 1 से 31 तक चलाया जा रहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

प्राइमरी स्कूल के दो छात्रों ने उत्तीर्ण की प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, औंग

अमृत विचार। प्राइमरी विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। देवमई विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय ग्राम खदरा के कक्षा पांच के दो छात्र अंकित पुत्र राजकपूर व मयंक सक्सेना पुत्र महेन्द्र सक्सेना निवासी खदरा ने बीएसए कार्यालय फतेहपुर स्तर से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति राजकीय विद्यालय में मेधावी छात्रों को अध्ययन के लिए लिखित परीक्षा में सफलता अर्जित कर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बल्कि अपने माता पिता के साथा साथ विद्यालय और विभाग का नाम भी रोशन कर दिया। दोनों छात्रों का चयन होने पर विद्यालय में खुशी मनाई गई।

चयनित छात्र अंकित के पिता राजकपूर ने इस सफलता का पूरा श्रेय विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रताप सिंह वर्मा को दिया है, जिन्होंने अध्ययन चार्ट के बाद भी अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की और अवकाश के दिनों में भी पढ़ाई जारी रखी।

मेधावी छात्रों के साथ अभिभावक व शिक्षक। अमृत विचार

रिश्वत लेते हुए धरा गया राजस्व निरीक्षक

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। अवैध रूप से कमाई करना एक राजस्व निरीक्षक को महंगा पड़ गया। लगातार मिल रही शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। टीम की इस कार्यवाही से अन्य कर्मचारियों में भी सुगबुगाहट रही।

सदर तहसील के कांधी में कानून-गो रामशरण सिंह की तैनाती है। जमीन पर पत्थरगढ़ी करने के लिए एक व्यक्ति लगातार कानून गो के चक्कर लगा रहा था। कानून गो द्वारा इस कार्य के लिए सात हजार रुपये रिश्वत देने की मांग करते रहे। आजिज आकर शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एंटी करप्शन से की थी।

बुधवार को आई एंटी करप्शन की टीम द्वारा तैयार किए प्लान में कानून-गो फंस गए। टीम ने उन्हें सात हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा।

- सदर तहसील के कांधी में तैनात, घूस में मांग रहा था सात हजार

मंदिर की छत से गिरे युवक की मौत

फतेहपुर। जिला अस्पताल में एक गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए लाया गया। जो मंदिर की छत पर चढ़कर तार हटाते समय नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। उसे डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

बांदा जनपद के मरका थाना क्षेत्र के बाकल गांव निवासी शिव बोधन का 35 वर्षीय पुत्र पंकज औगासी स्थित जोगनी माता के मंदिर के ट्रस्टी का पुत्र था। वह बुधवार को मन्दिर में निर्माण कार्य को देखने गया था। तभी मंदिर के ऊपर चढ़कर तार हटाते समय 20 फिट ऊपर से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

युवक की हत्या कर शव जंगल में फेंका

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मंगलवार देर शाम घर से निकले एक युवक की हत्या कर शव सुबह जंगल में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस की जांच पड़ताल में गले में चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका है कि युवक की गला दबाकर हत्या की गई है।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के समसपुर गांव निवासी सूरजपाल रैदास का 28 वर्षीय पुत्र रवि रैदास गांव में ही रहता था। मृतक के बड़े भाई सुभाष ने बताया कि रवि मंगलवार शाम खाना खाने के बाद जंगल की तरफ चला गया था। देर तक उसके घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। सुबह सुभाष जंगल की तरफ गया था, जहां गांव से करीब दो सौ मीटर दूर जंगल में रवि का शव पड़ा दिखा। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और घर से ने परिजन भी पहुंचे। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। रवि के गले में चोट के निशान हैं। सीओ ने मामले में बताया कि युवक की गला दबाकर हत्या करने की आशंका है।

घटना की जानकारी लेती पुलिस । अमृत विचार

- मंगलवार देर शाम घर से निकला था युवक

बच्चों का स्वागत

कम्पोजिट विद्यालय बिलंदपुर में डीएम ने किया स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बच्चों का भविष्य संवारें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शिक्षक घर-घर जाकर सर्वे करके बच्चों का शत प्रतिशत परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराएं। छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य के मार्ग को प्रशस्त करने में अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करें। यह बातें बुधवार को विकास खंड तेलियानी के कम्पोजिट विद्यालय बिलंदपुर में जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कहीं। वह स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करने पहुंची थी। अभियान के दौरान नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को रोली, टीका, माला पहनाकर, स्टेशनरी, चाकलेट आदि देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बेटी और बेटा में भेदभाव न करें, सभी को विद्यालय भेजे। क्योंकि शिक्षा के बिना विकास सम्भव नहीं है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बात करते हुए उनके लक्ष्य के बारे में जानकारी भी ली। छात्रा कुमारी प्रियंका एवं शिवम ने बताया कि पढ़ाई के बाद वह डाक्टर व पुलिस बनना चाहते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी स्कूल के पढ़े हुए छात्र-छात्राएं आईएएस, आईपीएस, डाक्टर, पुलिस, इंजीनियर हैं। प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों में बच्चों को कंप्यूटर सिखाया जा रहा है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार की सूचनाओं की बच्चों को जानकारी होगी। प्रदेश सरकार द्वारा अभिभावकों के खाते में मोजा, जूता, ड्रेस, बैग क्रय के लिए 1200 रूपये भेजा जाता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि रहे।

स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चे का उत्साहवर्धन करतीं जिलाधिकारी सी. इंदुमती।

डीएम ने एनएचएआई के अधिकारियों को दिए निर्देश

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) रायबरेली, कानपुर के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिए कि संबंधित उपजिलाधिकारियों से संपर्क कर चिन्हित किए गए अतिक्रमण को हटवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक के लिए अधिकारियों को नामित किया करें। इसके परिपेक्ष्य में रायबरेली के अखिलेश सिंह, साईट इंजीनियर, कानपुर से मो जैद, मैनेजर टेक को बैठक के लिए नामित किया गया है। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, परियोजना निदेशक एनएचआई कानपुर अमन रोहिल्ला, परियोजना निदेशक एनएचआई रायबरेली आरएस यादव, पवन सिंह, अल्केश सिंह, विवेक वर्मा, अनिल कुमार, विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

स्थानांरित बीएसए को माला पहनाकर विदाई देते शिक्षक। अमृत विचार

स्थानांतरित बीएसए को दी गई विदाई, नए का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। डायट परिसर में बुधवार को नावागंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी का स्वागत एवं स्थानांतरित बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव को सभी शिक्षकों ने माला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर जिले से विदाई दी। उधर नवागंतुक बीएसए भारती त्रिपाठी का भी शिक्षकों ने स्वागत करते हुए शिक्षक हितों में कार्य किए जाने की अपील की।

कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायट प्राचार्या आरती गुप्ता ने शिरकत की। सर्वप्रथम सभी शिक्षकों ने मिलकर स्थानांतरित बीएसए पंकज यादव को भारी-भरकम माला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर विदाई दी। शिक्षकों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीएसए पंकज का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा।

सार-संक्षेप

सरकारी छात्रावास के लिए करें आवेदन

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति के छात्राओं को छात्रावासों में प्रवेश किया जाना है। दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत अनु जाति -अनु जन जाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसी छात्रायें जो समाज कल्याण विभाग अथवा कल्याण सेक्टर के अन्य विभाग द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना में छात्रवृत्ति प्राप्त करने की योग्यता रखते हो, प्रवेश के लिए मान्य होंगे। इच्छुक पात्र नवीन एवं पूर्व आवासित छात्राओं-छात्र राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास फतेहपुर, राजकीय अनुसूचित जाति महिला छात्रावास फतेहपुर व राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक, खागा एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक, अढौली में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 15 जुलाई तक छात्रावास कार्यालय से प्राप्त कर प्राचार्य, प्रधानाचार्य व संस्था अध्यक्ष से प्रमाणित करवाते हुये समस्त अभिलेखों सहित जमा करें। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

राष्ट्रीय बैंकों में छात्रों के खुलवाएं खाते

फतेहपुर। समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव ने बताया कि सभी महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों एवं हाईस्कूल कालेजों के प्रधानाचार्य एवं प्राचार्यों को सूचित किया गया है कि छात्रों के खाते राष्ट्रीयकृत बैंकों में खुलवाएं जाएं। पेंमेन्ट बैंक यथा- फिनो पेमेन्ट बैंक, एयरटेल पेंमेन्ट बैंक तथा पेटीएम बैंक में खाते न खोलवायें। छात्रों के आधार नम्बर को उक्त बैंक खातों से न कराएं। अन्यथा की स्थिति में वर्ष 2024-25 की छात्रवृत्ति छात्रों के खातों में हस्तान्तरित नहीं की जाबएगी। इसी प्रकार आय प्रमाण पत्र एक पाठ्यक्रम में एक ही बार लगेगा। चाहे पाठ्यक्रम तीन या चार साल का ही क्यों न हो। लेकिन आय प्रमाण पत्र की वैधता प्रथम वर्ष माह जुलाई-अगस्त की प्रथम तिथि की होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र पिता के नाम का ही मान्य होगा। पिता की मृत्यु की स्थिति में माता दोनों की मृत्यु की स्थिति में अभिभावक व विवाहित पुत्री की स्थिति में पति का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। छात्र के नाम का आय प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

योजनाओं के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

फतेहपुर। सहायक निदेशक मत्स्य जीसी यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष-2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत निषादराज बोट सब्सिडी योजना परियोजना के लाभ से जन सामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। विभागीय पोर्टल को 21 जुलाई तक खोला जा रहा है। इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, आवास-विकास, रानी कालोनी, अम्बेडकर स्कूल वाली गली में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

मदरसा के छात्रावासों की मांगी गई सूचना

फतेहपुर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रशान्त साहू ने बताया कि मान्यता प्राप्त मदरसों के अतिरिक्त जनपद के ऐसे मदरसा संचालक जो मस्जिद, दरगाह एंव निजी सम्पत्ति पर धार्मिक शिक्षा दे रहें अथवा दिलवा रहे हैं, या उन मदरसों में छात्रावास है। उनको निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग विकास भवन में एक सप्ताह के अंदर सूचना उपलब्ध करा दें। जिसमें सम्पूर्ण पता शिक्षा देने वाले धर्मगुरू का विवरण आदि अंकित हो। अन्यथा की स्थिति में निरीक्षण के दौरान ऐसा कोई मदरसा संचालित पाया जाता है तो उनके संचालनकर्ता के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

रात में घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से दो बैटरी चोरी

बिंदकी। रात में घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से अज्ञात चोर दो बैटरी चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। ई-रिक्शा स्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दिया पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे के अमौली रोड में अनीस अहमद का मकान है। मंगलवार की रात को अनीस अहमद का ई-रिक्शा उसके घर के बाहर खड़ा हुआ था। रात को अज्ञात चोर ई रिक्शा की दो बैटरी चोरी कर ले गए। बुधवार की सुबह चोरी की जानकारी हुई तो ई-रिक्शा मलिक अनीश ने मामले की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जाच पड़ताल शुरू कर दी है। ई-रिक्शा मलिक ने बताया कि दोनों बैटरी की कीमत लगभग 40 हजार रुपये है। घर के बाहर खड़े ई रिक्शा से बैटरी चोरी होने के बाद अन्य ई रिक्शा मालिकों में भी चिंता हो गई है। ई रिक्शा चलाकर अपना और परिवार का पालन पोषण करने वाले ई-रिक्शा मालिक परेशान हैं।

कचहरी गया युवक 10 दिनों से लापता

बिंदकी फतेहपुर। अपने घर से जिला कचहरी एक केस के तारीख में निकला युवक 10 दिन से घर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गई जब युवक का कोई पता नहीं लगा तो मां ने तहरीर देकर पुलिस को सूचित किया है। नगर के मोहल्ला लाहोरी का युवक लालू 25 वर्ष पुत्र राजकरन 10 दिन पहले घर से फतेहपुर के लिए एक केस के तारीख के लिए निकला था। लेकिन फिर वापस घर नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार काफी खोजबीन की गई लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल पाया है। बुधवार की सुबह युवक की मां माया देवी कोतवाली बिंदकी पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर पुत्र के लापता होने की सूचना दिया। बताया कि 10 दिन पहले उसका पुत्र घर से फतेहपुर के लिए निकला था उसको एक केस के मामले में तारीख में जाना था लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

जमीन के विवाद में भाइयों को पीटा

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम जमलामऊ में जमीनी विवाद को लेकर दबंग परिजनों ने खेत में काम कर रहे सगे भाईयों को लाठी-डंडा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जमलामऊ गांव निवासी श्रीनाथ का विकलांग पुत्र धनंजय मिश्रा अपने भाई निरंजन मिश्रा के साथ खेत में काम कर रहा था। तभी जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही रज्जू सिंह व उसके पुत्र राहुल, शिवम, रजुआ व दीपू अपने पूरे परिवार सहित खेत पहुंच गए और चारों ओर से घेराबंदी करके दोनों भाईयों पर लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे दोनों भाई घायल हो गए। उधर घायल के परिजन उन्हें लेकर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। इलाज के दौरान धनंजय मिश्रा ने बताया कि रज्जू सिंह से उसका काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा है। दो दिन पूर्व थाने में समझौता भी हुआ था और आज रज्जू सिंह अपने परिवार सहित उस पर व उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया।

नलकूपों को मुफ्त बिजली के लिए 15 तक पंजीकरण

फतेहपुर। निजी नलकूप वाले किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मुफ्त बिजली योजना के तहत 15 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। शासन की ओर से बिजली विभाग को पत्र भेजा गया है। जिले में करीब 20 हजार निजी नलकूप वाले किसान हैं। सिंचाई का बिजली बिल माफी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार की ओर से घोषणा की गई थी।

कर्मी को कपड़े का थैला देते दीपक श्रीवास्तव। अमृत विचार

सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की दिलाई गई शपथ

गुरसहायगंज, कन्नौज। बुधवार को नगर पंचायत समधन में इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री-डे पर कर्मचारियों व नागरिकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कर्मियों व नागरिकों को कपड़े के थैले भी वितरित किए गए।

इस मौके पर लिपिक जिलेदार सिंह, विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अली, बकार हुसैन, रियाज़ अहमद, प्रशंसा, आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

कन्नौज की युवती ने हरदोई में कान्हा की मूर्ति से रचाई शादी

कृष्ण भक्ति

मोहित द्विवेदी, कछौना(हरदोई)

अमृत विचार। कन्नौज के छिबरामऊ निवासी एक युवती ने हरदोई के कछौना में कान्हा(भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति) के साथ विवाह रचा लिया। पंडित जी ने मंत्रोचार करके विधि-विधान से सात फेरे करवाए। इस शादी में मुंहबोला भाई ही परिवार बना, क्योंकि माता-पिता अपनी बेटी राधा शास्त्री(24) के इस निर्णय से खुश नहीं थे।

मुंहबोले भाई संजीव कुमार ने बताया कि भगवान कृष्ण को पाकर हमारी बहन बहुत खुश है। श्रीकृष्ण अब हमारे रिश्तेदार बन गए और अब हम उनको पूजेंगे। मीरा की तरह ही राधा शास्त्री की लगन भगवान कृष्ण में बचपन से लगी हुई थी।यह भी बताया कि उनके सपने में भगवान कृष्ण आए थे। स्वप्न के बीच उन्होंने भगवान को पति मानकर वरमाला पहनाई है। मीराबाई की तरह ही श्रीकृष्ण से विवाह कर अपना जीवन माधव को समर्पित कर दिया है। कछौना कस्बे के प्रसिद्ध मंदिर में हुआ यह विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। राधा कथावाचक यूटूबर भी है। भाई संजीव कुमार ने बताया कि यह आम शादी-विवाह से अलग थी। सभी रिश्तेदारों को फोन कर अपनी बहन की शादी में बुलाएं। सभी मेहमान भी आएं, लेकिन किसी को ये पता नहीं था कि दूल्हा कौन हैं। इस अनोखी शादी को देखने के लिए दूर दूर से लोग आये।

शादी के मौके पर दुल्हन राधा शास्त्री ने बताया है कि वह मैनपुरी की मूल निवासी है, लेकिन कई साल से भाई संजीव के साथ छिबरामऊ में रह रही थी। वह कछौना के पास सेमरा गांव में कथा कहने आई थी, तब से में यही कछौना की हो गई। उसके भाई ने कछौना कस्बे में उन्हें दहेज में प्लाट दिया है। शादी समारोह के मौके पर कोतवाली कछौना के एसआई प्रमोद तिवारी, हेड कॉन्स्टेबल रामबरन यादव, हरिचन्द्र, सदाकांत सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

श्री कृष्ण की मूर्ति के साथ शादी करती हुई राधा शास्त्री। अमृत विचार

सपने में आते हैं श्रीकृष्ण

- राधा बताती हैं कि भगवान कृष्ण उसे रात में सपने में आते हैं, आज वो दिन के उजाले में सच हो रहे हैं। लड्डू गोपाल के साथ वह रोजाना लंबा समय गुजारती रही है। उन्होंने घर वालों से ये तक कह दिया कि वे केवल मुरलीधर को ही अपना पति बनाएंगी। घर वालों की असहमति के बाद राधा ने अपना परिवार पांच माह पूर्व छोड़ कर अपने मुंहबोले भाई संजीव यादव पुत्र राकेश चन्द्र यादव निवासी छिबरामऊ कन्नौज के यहां चली गई थी।

बहन को पाकर भाई भी खुश

- भाई संजीव ने बताया कि उनकी बहन नहीं है। वह तीन भाई हैं। बहन को पाकर तीनों भाई बेहद खुश हैं। उनको हम लोगों ने अपनी बहन की तरह रखा। बहन की जिद के लिए कछौना के प्रसिद्ध मंदिर श्री लंगड़े दास पर राधा की शादी श्रीकृष्ण भगवान के साथ संपन्न कराई, जिससे उसकी बहन बहुत खुश। शादी विधि विधान से संपन्न हुई। सभी मेहमानों को खाना-पानी की व्यवस्था भी की गई।

एक नजर

युवक को मारापीटा, धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम पंचायत अनौगी के ग्राम टिकैयापुर्वा निवासी बृजेश कुमार दोहरे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 28 जून की शाम लगभग 04 बजे गांव के दीपू दोहरे ने सरकारी नलकूप के पास उसे घेर लिया और गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और झूठे मुकदमें में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी।

घर में घुसकर चोरी

तिर्वा। कस्बे के मंडीबाजार मोहल्ला निवासी रामेंद्र जैन ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि वह बुधवार को परिवार के साथ कानपुर दवा लेने गया था। दोपहर में चोर छत के रास्ते से घर में घुस आए और नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

मोबाइल छीन कर भागा

शुक्लागंज। पश्चिमी चौकी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार रात लाइट न आने के कारण उनकी बेटी प्रियांशी घर के बाहर चारपाई पर बैठकर मोबाइल चला रही थी, तभी एक लुटेरा आया और झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। बेटी कुछ समझ पाती तब तक वह काफी दूर निकल गया। शोर मचाने पर आस पास के लोग दौड़े और काफी दूर तक उसका पीछा किया लेकिन लुटेरा गंगा रेती की ओर भाग निकला। दिनेश ने कोतवाली पुलिस को जानकारी दी है।

घंटों बारिश, सड़कों पर सूख रही मक्का भीगी

पहली बार सीजन में अच्छी बारिश से गिरा तापमान, जगह-जगह हुए जलभराव से हुईं दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिलेभर में बुधवार को कई घंटे रिमझिम बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट हुई और मौसम सुहावना हो गया। दूसरी ओर जगह-जगह हुए जलभराव से लोगों को दिक्कतें हुईं। सड़कों पर सूख रही मक्का व मूंगफली भी भीग गई। कई किसानों ने उस पर पॉलीथीन डालकर बचाया।

दो जुलाई की रात से ही काली घटाएं छाईं थीं। अगले दिन कई स्थानों पर सुबह छह बजे के बाद से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। एक घंटे बाद बूंदाबांदी रिमझिम बारिश में बदल गई जो दोपहर करीब दो बजे तक जारी रही। उसके बाद बारिश फिर बूंदाबांदी में आ गई। तिर्वा-कन्नौज फोरलेन मार्ग में फगुहा भट्ठा के निकट, बेहरिन के आगे, कनपटियापुर गांव के पास जलभराव हो गया। हालांकि गर्मी व उमस से लोगों को काफी राहत मिली। इसके अलावा उन किसानों को काफी दिक्कतें हुईं जो कई संपर्क मार्गों, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के कट पर नीचे और कानपुर-अलीगढ़ जाने वाले बाईपास पर मक्का व मूंगफली सुखा रहे थे। काफी फसल भीग गई। किसी तरह पॉलीथीन डालकर उसे बचाया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि न्यूनतम तापमान 28.3 और अधिकतम 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

ब्लॉक सदर क्षेत्र के गांव कनपटियापुर के पास सड़क पर भरे पानी में घुसकर छाता लगाकर घर जाते विद्यार्थी। अमृत विचार

गुरसहायगंज के चकोर गली में भारी जलभराव हो गया। इससे उत्साहित बच्चों ने पानी में छई छपा छई किया। छाता लेकर जलभराव से गुजरते बच्चे। अमृत विचार

- कई किसानों ने पॉलीथीन डालकर मक्का को बचाया
- अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा

जलभराव से जनजीवन अस्तव्यस्त

गुरसहायगंज। मूसलाधार बरसात ने जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दी तो वहीं जगह-जगह हुए जलभराव और गंदगी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार हुई बरसात के कारण वाहनों की रफ्तार थम गई और मुख्य मार्गों पर सन्नाटा छा गया। दूसरी ओर बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ नदारद नजर आई। बुधवार सुबह लगभग आठ बजे शुरू हुई मूसलाधार बरसात दोपहर दो बजे तक होती रही। सुबह से शुरू हुई बरसात के कारण जहां लोगों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो गए। तो वहीं लगातार छह घंटे तक हुई बरसात के बाद नगर के मोहल्ला अशोक नगर, किदवई नगर, आजाद नगर, सुभाष नगर, रामगंज, तिर्वा रोड सहित चकोर गली में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जबकि नालियों में भरी गंदगी भी जलभराव के साथ लोगों के घरों व दुकानों में घुस गई। इससे आवागमन कर रहे लोगों खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। मूसलाधार बरसात ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी। बरसात के दौरान स्कूली बच्चे व आवागमन कर रहे लोग भी भीग कर आनंद लेते नजर आए।

कहीं प्रेम प्रसंग में तो नहीं की गई आफताब की हत्या

फालोअप

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। एक महिला से दिव्यांग युवक का लंबे समय से प्रेम प्रसंग होने की चर्चा हो रही है। चर्चा है कि कहीं इसी के चलते तो आफताब की हत्या नहीं की गई है। घटना के बाद से महिला के घर पर ताला लगा है। पुलिस हत्या जैसे संगीन मामले में किसी निर्दोष को फसाने से बच रही है। इसलिये वह सीडीआर सहित अन्य सबूतों को तलाश कर हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

आफताब।

ग्राम मझपुर्वा के मोहल्ला प्लाट निवासी अलमशाद के दिव्यांग पुत्र आफताब (25) की सोमवार की रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। जानकारी पर परिजनों ने मौके पर पहुंच कर आफताब का शव हौदी में पड़ा देखा था। मृतक के पिता ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद उसका पुत्र हाथ व पैर से दिव्यांग हो गया था। इससे वह अविवाहित था। चर्चा है कि एक महिला से उसका लंबे समय से प्रेम प्रसंग था। पति की मौत होने के बाद वह परिवार के ही भतीजे के साथ रह रही थी। इसी बीच आफताब का भी उसके साथ प्रेम हो गया। इसकी भनक जब महिला के साथ रह रहे युवक को हुई तो उसने विरोध किया। चर्चा है कि घटना से तीन दिन पहले युवक व अन्य परिजनों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की थी। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव करा दिया था लेकिन मामला यही शांत नहीं हुआ। लोगों में प्रेम प्रसंग के चलते ही हत्या किए जाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि मृतक के मोबाइल फोन पर सोमवार की रात लगभग 09.34 बजे अंतिम कॉल आई और उसी के बाद से फोन बंद हो गया। इससे माना जा रहा है कि फोन कर दिव्यांग को बुलाने वाले ने ही घटना को अंजाम दिया था। उधर घटना के दिन से महिला घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ फरार है। पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

तबादले के लिए 23 आवेदन... नौ ही हो सके स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को ही मिला लाभ
- तबादले के लिए शिक्षक कई सालों से लगाए थे उम्मीद

अमृत विचार। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में तैनात प्रवक्ताओं को तबादले का लाभ नहीं मिला है। 23 सहायक अध्यापकों ने ही ऑनलाइन आवेदन किए थे जिसमें नौ को ही स्वीकृति मिल सकी। आवेदन करने वालों में 40 फीसदी की ही अपनी उम्मीदें पूरी हो सकीं।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों को 26 जून तक तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने थे। 23 आवेदन आए थे। जांच के बाद 16 आवेदनों को आगे फारवर्ड किया गया। इसमें नौ को ही तबादले का लाभ मिला है। यह सभी सहायक शिक्षक हैं। इसमें सात जनपद के बाहर और दो जिले के अंदर ही हुए हैं। इसके अलावा ऑफलाइन तबादलों में प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार समेत दो शिक्षकों को और लाभ मिला है। 25 से 27 जून तक प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों के आवेदन पत्रों को डीआईओएस की ओर से परीक्षण किया गया। उसके बाद आवेदन अग्रसारित हुए। आवेदन को स्वीकार व निरस्त करने का अधिकार डीआईओएस के पास रहा। बताया गया है कि तबादले के लिए कई सालों से शिक्षक आस लगाए थे। पहले की अपेक्षा इस साल नियमों में कुछ ढील होने पर ही लाभ मिल सका। हालांकि 60 फीसदी शिक्षक कई वजह से स्थानांतरण का लाभ नहीं ले सके।

नगर के तिराहे पर हड़ताल कर प्रदर्शन करते ऑटो व टेंपो चालक। अमृत विचार

टेंपों चालकों ने की हड़ताल, नारेबाजी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- प्रदर्शन कर पालिका पर लगाया अधिक वसूली करने का आरोप

अमृत विचार। नगर के तिराहा, चौराहा, फरुखाबाद रोड, तिर्वा रोड से विभिन्न स्थानों के लिए संचालित होने वाले आटो, टेंपों के चालकों ने नगर पालिका से कराई जा रही तहबाजारी वसूली को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

बुधवार की सुबह टेंपो चालकों ने हड़ताल कर नगर पालिका द्वारा तहबाजारी वसूली का विरोध किया। चालकों का कहना था कि ठेका कर्मी 20 की जगह 40 रुपये वसूल रहे हैं जो गलत है।

जबकि छिबरामऊ, बेबर, सिकंदरपुर, कन्नौज आदि स्थानों पर इतनी वसूली नहीं की जाती है। इसी बात को लेकर टेंपो चालकों ने हड़ताल कर दी। चालक अफजल, शहरूद्दीन, रवि, अजीत, मुईन, रामू, पंकज, अजीत, दिलीप, अयाज, कुलदीप, पिंकू आदि ने अवैध वसूली को बंद कराने की मांग की है। हड़ताल होने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित का कहना है कि टेंपो चालकों की हड़ताल का मामला संज्ञान में नहीं है। वसूली में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

सनातन धर्म सेवा समिति करेगी जरूरतमंदों की मदद

कन्नौज। मानीमऊ गांव स्थित आनंदेश्वर धाम परिसर में बुधवार को सनातन धर्म सेवा समिति का गठन किया गया। भागवताचार्य पंडित कौशल जी महाराज के आह्वान पर आयोजित बैठक में तय हुआ कि सनातन धर्म सेवा समिति में सक्रिय सदस्यों को जोड़कर जरूरतमंद परिवारों की मदद की जाएगी। संस्था का बैंक अकाउंट खोला जाएगा और चेक से मदद की जाएगी। समिति में संरक्षक आचार्य कौशल जी और प्रबंधक मनोज दीक्षित होंगे। आचार्य ने बताया कि समिति का उद्देश्य सनातन धर्म का व्यापक प्रचार प्रसार और समाजसेवा के कार्य करना होगा। बैठक में दिवंगत पत्रकार प्रमोद दुबे उर्फ गुड्डू को श्रद्धांजलि दी गई। यहां विजय द्विवेदी, शोभित दुबे, संजय पाठक, रमेश चन्द्र शुक्ला, अजय मिश्रा, विक्रम त्रिपाठी रहे।

सार-संक्षेप

फटी पुतली सिलकर लौटाई आंख की रोशनी

तिर्वा, कन्नौज। आंख की पुतली फट जाने के बाद आंख की रोशनी चली गई। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर पुतली सिलकर दोबारा रोशनी लौटा दी। बाबा भीमराव अंबेडकर रामजी मेडिकल कालेज में चार दिन पहले शुक्रवार को आंख की समस्या से पीड़ित 50 साल का व्यक्ति नेत्र विभाग पहुंचा था। डॉ. आलोक रंजन ने उसकी आंख का परीक्षण किया। इसमें पाया कि आंख की पुतली चोट लगने से फट गई थी। उन्होंने उसको तत्काल भर्ती कर उसकी सभी जांच कराकर ऑपरेशन किया। डॉ. रंजन ने बताया कि मरीज की आंख में लकड़ी लगने से पुतली फट गई थी। इससे आंख की रोशनी चली गई थी। सफल ऑपरेशन के बाद वह अब फिर से देख सकता है।

ऑपरेशन करते डॉक्टर आलोक रंजन।

सफाई कर्मी को वर्दी व अन्य सामान देते चेयरमैन मोहसिन खान उर्फ जानू।

चेयरमैन ने जन्मदिन पर सफाई कर्मियों को बांटी वर्दी

तालग्राम, कन्नौज। नगर पंचायत तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने अपने जन्मदिवस पर सफाई कर्मियों को वर्दी व सफाई उपकरण वितरित किए। बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने लगभग 38 सफाई कर्मियों को वर्दी, दस्ताने, हेलमेट, बूट, तसला, फावड़ी, पंजी, आदि सामान वितरित किया। उन्होंने सफाई कर्मियों से कहा कि कस्बा को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सभी ईमानदारी से कार्य करें। नागरिकों की समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाए। इस दौरान सभासद उमेश कुमार, राजा, अतुल गुप्ता, बहार अंसारी, राजेश शर्मा, नरेंद्र शाक्य, पंकज ठाकुर, डॉ. अजीत यादव, नईम अहमद, कादिर अंसारी, राशिद अंसारी, सागर, तहसीन खान, वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

भाविप ने पौधरोपण कर की अभियान की शुरुआत

गुरसहायगंज, कन्नौज। प्राकृतिक संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए भारत विकास परिषद ने व्यापक पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। इस दौरान 501 पौधे रोपे। बुधवार को ग्राम गुगरापुर में भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर दीक्षित के नेतृत्व में स्थानीय लोगों, दीक्षित नेत्र चिकित्सालय ने बढ़-चढ़ कर सहयोग किया। अभियान के दौरान फलदार, छायादार व औषधीय 21 पौधों को रोपित किया गया। इनकी देखरेख, संरक्षण और विशेष निगरानी का संकल्प भी पदाधिकारियों ने लिया। भारत विकास परिषद ने हरित और स्वस्थ्य भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। इस दौरान शाखा अध्यक्ष अतुल गुप्ता, सचिव अजीत मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष गगन मनीष, प्रांतीय संयोजक ललित मोहन, श्याम सिंह, गजेंद्र मिश्रा, सीटू मिश्रा आदि ने पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

हाथरस हादसा — सरकार से मृतकों के परिजनों को 10 लाख व घायलों को दो लाख रुपये देने की मांग की

सपाइयों और व्यापारियों ने दिवंगतों की आत्मा शांति को की प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

अमृत विचार। हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ में कई की मौत को लेकर जिले भर में शोक सभाएं हुईं। इस क्रम में सपाइयों ने कैंडल जला कर श्रद्धांजलि दी। मृतकों के परिजनों व घायलों को आर्थिक सहायता दिये जाने की सरकार से मांग की।

समाजवादी पार्टी नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश और केंद्र सरकार से मांग की कि मृतक आश्रितों को 10 लाख और घायलों को दो लाख रुपये मुआवजा दिया जाय। इस मौके पर संजय दुबे, अमित मिश्रा, दीपू यादव, मनोज कठेरिया सभासद, धर्मवीर पाल, सत्येन्द्र यादव, हाफीजी, इन्तजार अहमद, संकल्प, दीपक यादव, सौरभ शर्मा, नंद कुमार कुशवाहा, रामवीर कठेरिया, दीपू यादव, मुदस्सर सिद्दकी, हर्ष यादव, रमेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे। तिर्वा संवाददाता के अनुसार सपाइयों ने राजकीय मेडिकल कालेज के सामने कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें मोमबत्ती जलाकर मृतात्माओं को श्रद्धांजलि देते हुए सरकार से उनके परिजनों को मुआवजा के साथ प्रत्येक परिवार को एक नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर अवनीश यादव, अभिषेक यादव, सुखेंद्र यादव, सनी पटेल, सुचेंद्र सिंह, अजय शुक्ला, बिट्टू सिद्दीकी, आशीष, चंद्रवीर, शैलेंद्र सिंह, राजपाल राजपूत, मेराज खान, धर्मेंद्र यादव, शिवम, सद्दाम हुसैन, दीपक गुप्ता, बाबा यादव, अतिउल्ला मौजूद रहे।

कैंडल जला कर मृतकों को श्रद्धांजलि देते सपाई। अमृत विचार

छिबरामऊ में श्रद्धांजलि देते व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष व पदाधिकारी। अमृत विचार

छिबरामऊ में भी मोमबत्ती जलाकर की गई प्रार्थना

छिबरामऊ, कन्नौज। पुरानी गुड़ मंडी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में हुई शोक सभा में मोमबत्ती जलाकर एवं 2 मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष आलोक गुप्ता टिल्लू, सत्यनारायण वर्मा, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, गुलशन उर्फ रिंकू पांडेय, प्रभाकर गुप्ता, वेद प्रकाश राठौर, उमेश गुप्ता, संजय गुप्ता उर्फ गांधी, बंटी मिश्रा, अनुपम वर्मा, प्रियांशु गुप्ता, सोनू गुप्ता, ताशू गुप्ता एवं उमाशंकर आदि मौजूद रहे।

एक नजर

बिना अनुमति पेड़ काटने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट

तिर्वा। सड़क किनारे खडे शीशम के पेड़ को बिना अनुमति के काट लेने पर वन विभाग के सेक्शन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तिर्वा खैरनगर सडक मार्ग के किनारे खडी शीशम के पेंड को कटरा बहसार गांव निवासी अविनाश पुत्र हरिश्चंद्र ने चोरी छिपे काट लिया। वन विभाग के सेक्शन अधिकारी ने जब जांच की तो मामला सही पाया सैंक्सन अधिकारी सूर्य प्रताप की तहरीर पर पुलिस ने वन अधिनियम के तहत आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

आयकर की समस्याएं दूर करने को ब्लॉकों में कैंप

कन्नौज। बेसिक शिक्षा के वित्त एवं लेखाधिकारी आरिफ अशफाक ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की आयकर से संबंधित समस्याएं दूर करने के लिए कैंप लगेंगे। इसमें फार्म-16, 26 एएस या अन्य दिक्कतों पर बात साझा होंगी। उन्होंने बताया कि कन्नौज व नगर क्षेत्र में तीन जुलाई के बाद चार जुलाई को जलालाबाद में कैंप लगेगा। पांच को गुगरापुर, छह को उमर्दा, आठ को सौरिख, नौ को तालग्राम, 10 को छिबरामऊ व 11 को हसेरन में कैंप में जानकारी दी जाएगी। इसमें सीए संस्था के प्रतिनिधि पहुंचेंगे।

अमानक मिले स्कूल वाहन तो जाएगी मान्यता

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की बैठक, प्रबंधकों को चेताया कि सुरक्षित वाहनों से ही लाये जाएं बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किसी भी निजी स्कूल में मानक विहीन वाहन से बच्चों को लाया व ले जाया जाता है तो संबंधित विद्यालय की मान्यता जाएगी। यह चेतावनी जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक करते हुए कही। साथ ही प्रबंधकों को चेताया कि बच्चों को लाने व ले जाने में सुरक्षित वाहनों का प्रयोग ही किया जाए।

बुधवार को वे छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ताजपुर रोड पर संचालित एसपीएल पब्लिक स्कूल की ओमनी वैन जिसमें बच्चे सवार थे में मंगलवार को आग लगने की घटना की अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधकों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ज्वलनशील (एलपीजी/पेट्रोल) रहित गाड़ियों से स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने का कार्य नहीं किया जाये।

ऐसे विद्यालय जो मानक विहीन वाहनों से बच्चों को लाने व ले जाने का कार्य कर रहें है वह अपनी आदत बदलें अन्यथा कार्रवाई को तैयार रहें। सुधार न आने पर विद्यालय की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

गांधी सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद एआरटीओ, डीआईओएस आदि।

स्कूल वाहन को सीज करतीं यात्री कर अधिकारी सुनीता सैनी व टीम। अमृत विचार

- स्कूल वैन में आग लगने की घटना पर की गई चर्चा

जिलाधिकारी ने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा परिवहन विभाग को निर्देश दिए है कि संयुक्त रूप से ऐसे सभी विद्यालय चिह्नित किए जाएं जहां पर मानक विहीन वाहनों से बच्चों को लाया व ले जाया जाता है। इनको प्रथम चेतावनी पत्र जारी करते हुए मान्यता रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि जो अमान्य विद्यालय व अमान्य कक्षायें चल रहीं हैं उन्हें तत्काल बंद कर दें। निरीक्षण में ऐसा मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

सीपीएल पब्लिक स्कूल की रद होगी मान्यता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने दिये निर्देश, परिवहन विभाग ने पांच स्कूल वाहन किये सीज

अमृत विचार। छिबरामऊ के खुबरियापुर में दो दिन पहले स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहन में आग लगने के बाद विभाग जाग गया है वहीं जिलाधिकारी ने संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिये हैं। घटना के दूसरे दिन परिवहन विभाग की तरफ से अभियान चलाकर पांच वाहनों के मानक पूरे न मिलने पर सीज कर दिया।

मंगलवार को खुबरियापुर में ताजपुर रोड स्थित सीपीएल पब्लिक स्कूल के कुछ बच्चों को ले जा रही वैन में सीएनजी किट लीकेज से आग लग गई थी। घटना में बच्चों को सकुशल बचा लिया गया था जबकि वैन जल गई थी। मामले की जांच कर रहीं एआरटीओ इज्या तिवारी ने बताया कि वैन प्रबंधक सोवरन सिंह वर्मा की थी। उनका कहना है कि एक दिन पूर्व ही मैनपुरी से सेकंड हैंड ओमनी कार निजी उपयोग के लिए खरीदी थी और वहीं से एनओसी लिया था। मंगलवार को स्कूल आने वाले कुछ बच्चों के पास साधन न होने से उन्हें लाने के लिए भेजा था और तभी हादसा हो गया। जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने अप्रिय घटना पर नाराजगी जताई तथा स्कूल के प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगते हुए विद्यालय की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिए। एआरटीओ ने बताया कि बुधवार को वे स्कूल परिसर में पूरे दिन रहीं यह जानने के लिये कि वहां कोई और अवैध वाहन तो संचालित नहीं है लेकिन ऐसा कुछ नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर शिक्षा विभाग को भी लिखा गया है। बुधवार से ही परिवहन विभाग की तरफ से चेकिंग अभियान प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें पांच गाड़ियां सीज की गईं हैं। किसी भी हालत में स्कूल संचालकों को बच्चों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

विद्यालय खुलते ही बच्चों को लेकर दौड़ने लगे अवैध वाहन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शिक्षा सत्र के दूसरे दिन ही हादसे का शिकार हो गई वैन

अमृत विचार। परिवहन विभाग की लापरवाही से निजी स्कूलों के प्रबंधक नन्हें मुन्नों की जान खतरे में डाल रहे हैं। ज्यादातर ने बच्चों को लाने और ले जाने के लिये वैन लगा रखीं हैं। इनमें से कुछ तो वैध तो तमाम अवैध ढंग से संचालित हैं। सीएनजी किट का प्रयोग भी बिना अनुमति के किया जा रहा है। जब कोई घटना होती है तो विभाग जागता है और कुछ दिन अभियान चलाकर इतिश्री कर लेता है। ऐसे ही एक स्कूल वैन में दो दिन पहले सीएनजी लीक करने से आग लग गई।

निजी स्कूलों में बच्चों को लाने व ले जाने के लिये वाहन लगाये गये हैं। इनमें कुछ को परिवहन विभाग से अनुमति दी जाती है तो कुछ अवैध ढंग से लगा दिये जाते हैं। ज्यादातर प्रयोग की जाने वाली ओमनी वैन में विभागीय लोगों की मिलीभगत से सीएनजी किट अवैध तरीके से लगवा ली जाती है। इससे कम खर्च में स्कूल प्रबंधक का काम चल जाता है। जब कोई घटना हो जाती है तो जांच की जाती है और तब पता चलता है कि संबंधित स्कूल वाहन का परमिट ही नहीं लिया गया है। अभिभावकों का कहना है कि उनको जानकारी नहीं होती कि जिस वाहन से उनके बच्चे स्कूल जा रहे हैं उसका परमिट है या नहीं। कई बार तो जिन स्कूली वाहन दुर्घटना का शिकार होते हैं उनमें क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है। ऐसे ही एक मामले में मंगलवार को छिबरामऊ में बच्चों को लेकर जा रही सीएनजी किट लगी ओमनी वैन में आग लग गई। गनीमत रही कि रिहायशी इलाके में घटना होने से बच्चों को बचा लिया गया।

टीम स्कूलों में जाकर करेगी वाहनों की जांच

- स्कूलों में अवैध वाहनों को लगाने को लेकर एआरटीओ इज्या तिवारी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर जिले भर में स्कूल वाहनों की चेकिंग का अभियान शुरू कर दिया गया है। अब टीम स्कूलों में जाकर पड़ताल करेगी कि वहां लगे वाहनों का नियमानुसार परमिट है या नहीं, इसके साथ ही फिटनेस की भी जांच की जाएगी। इसके साथ ही इसी हफ्ते से परिवहन विभाग की टीम तहसील वार निजी स्कूलों में जाकर वहां लगे वाहनों की जांच करेगी।

पति पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सौरिख,कन्नौज

- ससुराल में जमीन पर पड़ा मिला था औरैया निवासी विवाहिता का शव
- शादी के कुछ ही दिन बाद दहेज को लेकर किया जाने लगा था प्रताड़ित

अमृत विचार। ससुराल में पुत्री का शव जमीन पर पड़ा मिलने के बाद पिता ने दामाद के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला पंजीकृत कराया है।

औरैया जनपद के थाना अछल्दा के गांव इन्दलगढ़ निवासी रामसागर कठेरिया पुत्र लालमन कठेरिया ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री खुशबू (26) की शादी 12 मार्च 2019 को कन्नौज जनपद के थाना सौरिख के गांव आदमपुर उम्मेद निवासी योगराज पुत्र रामचंद्र कठेरिया के साथ की थी।

शादी के कुछ दिन के बाद पति दहेज की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित करने लगा। कई बार उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन वह फिर भी उसे परेशान करता रहा। 30 जून 2024 को सुबह उसे फोन पर सूचना मिली कि खुशबू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ससुराल पहुंचा तो देखा घर के आंगन में पुत्री का शव जमीन पर पड़ा था और घर के सदस्य मौके से गायब थे। स्थानीय पुलिस को सूचना देने के बाद पुत्री के शव का पोस्टमार्टम कराया। आरोप लगाया कि पति ने उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

सौरिख, कन्नौज। दहेज में कार की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सौरिख थाना क्षेत्र के गांव सरवाई निवासी आरती पुत्री जगदीश यादव ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी 9 फरवरी 2023 को जनपद मैनपुरी के थाना एलाऊ के गांव नखतपुर निवासी अंकित यादव पुत्र स्व. वीरेंद्र सिंह के साथ सामर्थ्य के हिसाब दान दहेज में दस लाख नकदी सहित घरेलू सारा सामान देकर की गई थी। कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक चलता रहा। उसके बाद ससुरालीजन कार की मांग करने लगे जिसे देने में घर वाले असमर्थ थे। इस पर ससुरालीजनों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 14 अप्रैल 2023 को पति अंकित कुमार, सास शकुंतला देवी, जेठ प्रबल प्रताप, राहुल, जेठानी रंजना देवी पत्नी राहुल ने गाली गलौज कर मारपीट की और पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

आठ केंद्रों पर हो सकती है पुलिस भर्ती की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर के ही विद्यालयों को केंद्र बनाने पर दिया जा रहा है जोर
- जुलाई से अगस्त तक हो सकती है लिखित परीक्षा

अमृत विचार। यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा कराने को लेकर केंद्रों का प्रस्ताव बन गया है। बताया गया है कि उसे शासन को भी भेज दिया गया है। शहर के ही आठ विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने पर जिले से मुहर लगी है। आगामी दिनों में यह संख्या बढ़ भी सकती है।

करीब छह महीने पहले पुलिस भर्ती की परीक्षा हुई थी लेकिन पेपर लीक होने के बाद निरस्त हो गई थी। अब जुलाई से अगस्त तक परीक्षा होना संभावित है। हालांकि अब तक लिखित में कोई आदेश नहीं आया है। परीक्षा कराने को लेकर केंद्रों के निर्धारण की गाइड लाइन आने के बाद आलाधिकारियों की बैठक हो चुकी है। केंद्रों के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई है। पूर्व में हुई परीक्षा वाले केंद्रों की सूची से ज्यादातर नए केंद्र बनाने की चर्चा है।

ये बन सकते हैं परीक्षा केंद्र

केंद्रों की सूची में पहले राजकीय विद्यालयों या संस्थानों को शामिल किया जाएगा, उसके बाद सहायता प्राप्त और अच्छी छवि वाले वित्तविहीन विद्यालयों को। इसी के तहत राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज, एसबीएस इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, जेपी बालिका इंटर कॉलेज व पीएसएम पीजी कॉलेज को केंद्र बनाने की संभावनाएं अधिक हैं।

नाले में ई रिक्शा पलटा, तीन घायल

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। सीएचसी से मरीजों व तीमारदारों को ले जा रहा ई रिक्शा एक माह से खुदे पड़े नाले में पलट गया जिससे चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया। नाला निर्माण को लेकर ठेकेदार सुध नहीं ले रहा है।

कस्बे के ऋषि भूमि चौराहे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सीसी रोड एवम नाले का निर्माण कराया जा रहा है। सीसी रोड बन चुका है लेकिन एक माह से खुदे पड़े नाले का काम नहीं कराया गया तथा मिट्टी को सीसी रोड पर डाल दिया गया है। आए दिन लोग नाले में गिरकर घायल हो रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को ईजलपुर निवासी श्याम सिंह अपने ई रिक्शा से अड़नापुर निवासी विनीता और अतरौली निवासी रमेश को सीएचसी लेकर आ रहा था। नेहरू नर्सरी स्कूल के पास इस नाले में ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में सभी लोग घायल हो गए। राहगीरों ने ई रिक्शा को उठाकर घायलों को निकाल कर कस्बे के निजी क्लीनिक पहुंचाया। पूर्व में भी कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। इस रोड पर तीन विद्यालय भी हैं। मिट्टी हटाने के साथ नाले का निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि कई बार मैनपुरी के ठेकेदार से निर्माण को लेकर कहा गया लेकिन वह अनसुनी कर रहा है।

नाले से घायलों को निकालते लोग। अमृत विचार

- एक माह से खुदा पड़ा है नाला आए दिन हो रहे हादसे

थानाध्यक्ष अरुण कुमार समेत फोर्स के साथ गश्त करतीं सीओ प्रियंका बाजपेई।

पीस कमेटी की बैठक के बाद पुलिस ने की गश्त

तिर्वा, कन्नौज। आने वाले पर्व मोहर्रम व सावन माह को लेकर ठठिया थाना में सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। सीओ ने मुस्लिम धर्मगुरुओं से पर्व पर आने वाली समस्याओ के बारे में जानकारी ली और मिलजुलकर पर्व मनाने की अपील की। कहा कि अगर कोई व्यक्ति आराजकता फैलाता है तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इसके बाद गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस मौके पर थानाध्यक्ष अरुण कुमार, एसआई हसीब हसन के साथ भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

गैंगस्टर एक्ट में दोषी को सजा, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, एक अभियुक्त की हो चुकी है मौत

अमृत विचार। गैंगस्टर के मामले में दोषी पाए जाने पर एक व्यक्ति को विशेष न्यायाधीश ने दो साल की जेल तथा पांच हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह की जेल और भुगतने का आदेश दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने बताया कि अजय उर्फ पालू पुत्र भारत सिंह, तेज सिंह उर्फ तेजा पुत्र पातीराम जाटव निवासीगण उड़ैलापुर, थाना सौरिख के विरुद्ध सौरिख थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा गया था कि पालू का एक संगठित गिरोह है जिसमें तेज सिंह सक्रिय सदस्य है। अभियुक्त धनोपार्जन के लिये अपहरण, हत्या का प्रयास, हत्या व लाश गायब करने जैसे अपराध कर चुके हैं। जनता में इनका आतंक हैष कोई भी इनके खिलाफ थाने में सूचना या न्यायालय में गवाही देने को तैयार नहीं है। सौरिख थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने जिलाधिकारी की संस्तुति पर 17 जून 1999 को गैंगस्टर की कार्रवाई की। अभियोग थाना ठठिया में दर्ज किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान दोनों के विरुद्ध आरोपपत्र पेश किये गये। दोनों ने आरोपों से इनकार कर दिया। सुनवाई प्रक्रिया के दौरान ही तेजा की मृत्यु हो गई तो उसके विरुद्ध कार्रवाई समाप्त कर दी गई। पालू ने 28 जून 2024 को अपना अपराध स्वीकारते हुए मामले के निस्तारण का प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें 21 माह 11 दिन से जेल में होने का भी उल्लेख किया। सुनवाई पूरी होने के पश्चात विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने पालू उर्फ अजय पुत्र भारत सिंह को दो साल की जेल व पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। पूर्व में जेल में बितायी गई अवधि को सजा की अवधि में समायोजित करने का आदेश दिया है।

वार्ड आया ने डॉक्टर पर लगाये गंभीर आरोप

कन्नौज। वार्ड आया दीप शिखा ने अपने भाई प्रदीप कुमार के साथ जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु को शिकायती पत्र सौंपा है।

आरोप लगाया कि जिला अस्पताल के एनस्थीसिया डॉ. रविंद्र कुमार उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। अभद्र भाषा का प्रयोग कर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। मांग की गई है कि डॉक्टर को ड्यूटी लगाने के कार्य से हटा कर कार्रवाई की जाये। सीएमएस का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है जांच कराई जायेगी। प्रथम दृष्टया मामला आये दिन बदल-बदल कर लग रही ड्यूटी को लेकर बताया जा रहा है।

चार घंटे इंतजार, तब कहीं पहुंचा इकलौता फरियादी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- महीने के पहले बुधवार को आयोजित हुआ ब्लॉक दिवस
- विकास खंड में बहुत कम आती हैं शिकायतें

अमृत विचार। हर महीने के पहले व तीसरे बुधवार को सभी विकास खंडों में ब्लॉक दिवस होता है। सदर में अधिकारी करीब चार घंटे बैठे रहे, लेकिन एक ही शिकायतकर्ता आया। ब्लॉक दिवस में सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान काफी देर में पहुंचे सदर क्षेत्र के ग्राम घमाइचमऊ निवासी सुरेंद्र कुमार ने जलभराव की शिकायत दर्ज कराई। बीडीओ अमित सिंह ने संबंधित सचिव को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, एडीओ पंचायत संजय पाठक व एडीओ सहकारिता सुभाष मौजूद थे। बता दें कि तहसील व थाना के संपूर्ण समाधान दिवसों में तो कई मामले पहुंचते हैं लेकिन ब्लॉक दिवस में फरियादियों का टोटा रहता है। ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप कुमार और लक्ष्मी की भी मौजूदगी रही।

इधर से उधर | बुधवार को सभी ने नई तैनाती स्थल पर पहुंचकर कराई आमद

पुलिस अधीक्षक ने 38 दरोगाओं के बदल दिये कार्यक्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा को भेजा गया कुसुमखोर
- सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी को भेजा गया मानीमऊ

अमृत विचार। कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिये पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार की देर रात 38 दरोगा के कार्य क्षेत्र बदल दिये हैं। बुधवार को सभी ने नई तैनाती स्थल पर पहुंच कर आमद कराई है।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने मंगलवार की देर रात मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा को कुसुमखोर चौकी, सदर कोतवाली की शेखाना चौकी प्रभारी संजीव कुमार को सरायमीरा चौकी, सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी को मानीमऊ, मकरंदनगर चौकी प्रभारी दीपक कुमार को जलालपुर पनवारा, कोतवाली कन्नौज से संतराम को तलैया चौकी, इमरान खां को हाजी शरीफ चौकी, जलालपुर पनवारा से सुभाष चंद्र को मकरंदनगर, चुनाव प्रकोष्ठ से प्रदीप कुमार सिंह को कचहरी चौकी, थाना गुरसहायगंज से ओम सिंह चौहान को जिला अस्पताल चौकी प्रभारी बनाया। पुलिस लाइन से प्रशांत कुमार गौतम को पाल चौराहा चौकी प्रभारी, कस्बा तिर्वा के चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार को शेखाना, तालग्राम के वेहटा खास चौकी प्रभारी किशन वीर को नौरंगपुर चौकी प्रभारी, चौकी प्रभारी श्यामपाल सिंह को मझपुर्वा चौकी, अनौगी चौकी प्रभारी आशीष कुमार को सरायप्रयाग चौकी, नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज कुमार शर्मा को अनौगी चौकी, कोतवाली छिबरामऊ से हरीशकुमार को रामाश्रम चौकी, थाना तालग्राम से दिनेशचंद्र को चौकी प्रभारी तालग्राम कस्बा, चौकी प्रभारी मेन बाजार छिबरामऊ ज्ञानेंद्र सिंह को अमोलर चौकी, कचहरी चौकी प्रभारी रोहित सिंह को बेहटा खास चौकी, चिरैयागंज चौकी प्रभारी रज्जन लाल को रोहली चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह चौकी प्रभारी कस्बा छिबरामऊ अभिनेष कुमार को सिकंदरपुर चौकी, अमोलर चौकी प्रभारी राम मनोज द्विवेदी को चौकी प्रभारी कस्बा छिबरामऊ, कोतवाली छिबरामऊ से मोहम्मद तौकीर को चौकी प्रभारी मंडी छिबरामऊ, चौकी प्रभारी जहानगंज माता प्रसाद को थाना सकरावां, चपुन्ना चौकी से राज कुमार पटवा को चौकी प्रभारी सौरिख रोड छिबरामऊ, कोतवाली कन्नौज से सत्य प्रकाश त्रिपाठी को चौकी प्रभारी कुवरपुर कंडौली, कोतवाली कन्नौज से प्रेमचंद्र को चौकी प्रभारी मेन बाजार छिबरामऊ, थाना सकरावां से आशुतोष को चौकी प्रभारी खड़नी, खड़नी चौकी से आलोक कुमार को चौकी प्रभारी कैरदा, चौकी प्रभारी सौरिखरोड छिबरामऊ राजेश कुमार रावत को चौकी प्रभारी चपुन्ना, चौकी प्रभारी कुंवरपुर कंडौली सुरेशचंद्रपाल को थाना तिर्वा, थाना तिर्वा से प्रदीप कुमार सिंह को चौकी प्रभारी सुर्सी थाना ठठिया, सुर्सी चौकी से मनुज कुमार को चौकी प्रभारी कस्बा तिर्वा, चौकी प्रभारी पाल चौराहा धीरेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी औसेर थाना ठठिया, मानीमऊचौकी प्रभारी अमित पोरवाल को थाना ठठिया, साईबर थाने से संजीव कुमार को पीआरओ द्वितीय, चौकी प्रभारी कैरदा वेद प्रकाशको कोतवाली तिर्वा के अलावा थाना सकरावां से महेंद्र प्रताप सिंह को पेशी कार्यालय सीओ तिर्वा भेजा गया है।

तहसीलदार रामशंकर उन्नाव पहुंचे, एडीओ पंचायत उमर्दा

कन्नौज। तहसीलदार सदर रामशंकर का तबादला उन्नाव हो गया। उनको सफीपुर तहसील भी आवंटित हो गई है। बताया गया है कि नई तहसील में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। दूसरी ओर एडीओ पंचायत कन्नौज संजय पाठक का भी स्थानांतरण उमर्दा ब्लॉक के लिए हो गया है। हालांकि किसी नए अधिकारी ने अब तक तहसील और विकास खंड में योगदान आख्या नहीं दी है।

जिले के आठ ब्लॉकों में रिक्त हैं 57 पंचायत सहायक के पद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 49 ने दिए त्यागपत्र, आठ निष्कासित किए गए
- जिले की सभी 499 ग्राम पंचायतों में है एक-एक पद

अमृत विचार। जिले की 499 ग्राम पंचायतों में 57 अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर/ पंचायत सहायक के पद रिक्त हैं। उनको भरने की प्रक्रिया चल रही है। 30 जून तक आवेदन मांगे गए थे। हालांकि पहले सभी में तैनाती हो गई थी। बताया जा रहा है कि ज्यादातर खाली पदों पर त्याग पत्र दिए गए हैं। कुछ किन्हीं वजहों से निष्कासित भी हुए हैं।

प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव मिलकर पंचायत सहायक की तैनाती के लिए मेरिट आदि देखकर चयन करते हैं। कहा जा रहा है कि उसका प्रस्ताव डीपीआरओ कार्यालय से लेकर डीएम तक जाता है। वहीं से ही अंतिम मुहर लगती है। शासन ने ग्राम पंचायतों को चयन का अधिकार देते हुए 30 जून तक आवेदन मांगे थे। ग्राम पंचायत की ओर से पंचायत सहायक को छह हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। उसके एवज में पंचायत भवन में कार्य करना होगा। सरकारी प्रमाण पत्रों के आवेदन का भी जिम्मा पंचायत सहायक पर होता है। बताया गया है कि 49 पंचायत सहायकों ने त्यागपत्र दिए तो आठ कार्य न करने समेत अन्य कारणों से निष्कासित भी किए गए।

तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र का ग्राम पंचायत सचिवालय इंदुइयागंज।

इस तरह रिक्त हैं पद

ब्लॉक	पंचायत सहायक
छिबरामऊ	12
उमर्दा	11
तालग्राम	09
जलालाबाद	08
सौरिख	07
हसेरन	05
कन्नौज	04
गुगरापुर	01

बारिश से शहर जलमग्न, घरों में घुसा गंदा पानी

सुबह से दोपहर तक रुक-रुक कर हुई बरसात, नगर पालिका के दावों की खुली पोल

संवाददाता, फर्रुखाबाद

मोहल्ला तलैया फजल इमाम में भरा पानी। अमृत विचार

अस्पताल गेट हुआ जलमग्न। अमृत विचार

बस स्टैंड पर भरा पानी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में बुधवार सुबह तड़के से बारिश शुरू हो गई। बीच बीच में रुककर बारिश का क्रम दोपहर तक जारी रहा। मौसम में बदलाव आया। तापमान भी नीचे आ गया। एक तरफ जहां शहर के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। दूसरी तरफ शहर के कई मोहल्ले, सड़के जलमग्न हो गए। कई घरों में गंदा पानी भर गया। बरसात के चलते स्कूलों की छुट्टी होने पर अभिवावक छाता लेकर बच्चों को स्कूल लेने पहुंचे। वहीं नगर पालिका के जिम्मेदारो के दावों की पोल रिमझिम बारिश ने ही खोल दी। जिम्मेदार सभी नालों को साफ होने की व जलभराव न होने का दम भर रहे थे।

शहर क्षेत्र में बुधवार सुबह से शुरू हुई बारिश से लोगों घरों से कम निकले।सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थमी नजर आई।दोपहर तक हुई रिमझिम बारिश का व्यापक असर नगर पालिका क्षेत्र में देखने को मिला। शहर के तलैया फजल इनाम में स्टेट बैंक बाली रोड पर करीब तीन फीट तक गंदे नाले का पानी भर गया।जिससे मोहल्ले में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कत हुई।मोहल्ले में स्थित सरकारी स्कूल की छुट्टी होने पर कक्षा 4 में पढ़ने वाली कोमल कक्षा 5 में पढ़ने वाली आकांक्षा कक्षा 3 में पढ़ने वाले कृष्णा को सड़क पर जल भराव के बीच निकलते हुए घर को जाना पड़ा। कई बार स्कूली बच्चे गिरते गिरते बचे। कई बाइक सवार जब पानी से होकर निकले तो बीच में बाइक बंद हो गई धक्का मार कर निकलते नजर आए। सामान से लदा टेंपो जब सड़क पर भरे पानी में पहुंचा तो गड्ढे में पहिया जाने से पलटने लगा व मुश्किल उसके लोगों ने उसे संभाल कर खड़ा किया। जल भराव से खटकपुरा, स्टेट बैंक बाली गली,लिंजीगन, कछियाना,विकास नगर,बढ़पुर, आवास विकास में कई जगह पानी ही पानी नजर रह है। आवास विकास स्थित जिला अस्पताल लोहिया परिसर, इमरजेंसी गेट पर जलभराव से मरीजों के तीमारदारों को जूझना पड़ा।कई घंटे तक पानी भरा रहा।जिससे गंदगी के बीच मरीज और तीमारदार निकलने को मजबूर रहे।फतेहगढ़ में हाथीखाना, भूसामंदी, मछली मंडी, सीएमओ कार्यालय के पीछे, पोस्टमार्टम हाउस में जलभराव सहित कई मोहल्लों में पानी भरा रहा।

- पालिका के दावों की खुली पोल सुबह से दोपहर तक रुक-रुक कर बरसात

बरसात में बच्चों को घर ले रहे अभिभावक।

शहर क्षेत्र में दोपहर तक रिमझिम बारिश जारी रही। जिसके चलते स्कूल गए हुए बच्चों की,जब छुट्टी हुई तो उनके परिजन छात्र लेकर उन्हें लेने पहुंचे। कई परिजन छाता नहीं ले जा पाए, तो वह अंगोछा, दुपट्टा कपड़ा डालकर बच्चों को बारिश में भीगने से बचाते नजर आए। कई स्कूलों के आसपास जल भरा होने से बच्चों को गंदे पानी से होकर भी निकलना पड़ा।

घरों में पानी से राशन सहित सामान भीगा

- शहर क्षेत्र में वैसे तो कई जगह बरसात में पानी भरता है। लेकिन तलैया मोहल्ला के लोगों की दिक्कत काफी जटिल है।वहां नाले का गंदा पानी घरों में आ जाता है।बुधवार को जब बारिश हुई तो आधा दर्जन से अधिक घरों में गंदा पानी भर गया। राशन सहित काफी सामान भीग गया। मोहल्ले के उमेश के घर में कुछ घंटे की बारिश के बाद पानी भरने लगा। जिससे बदबू आने लगी। पुत्र शिवा कई घंटों तक पानी निकालता रहा। मोहल्ले के ही पप्पू ने बताया कि नाला करीब 6 फीट से अधिक गहरा है लेकिन जब सफाई होती है तो ऊपर ऊपर कूड़ा उठा लिया जाता है। सिल्ट नहीं साफ होता, जिससे थोड़ी सी बारिश में घरों में पानी आ जाता है। रघुनाथ ने बताया कि बारिश होने के कुछ ही घंटे बाद घर में पानी आ गया जिसके चलते खाना भी नहीं बन पाया है।

नगर पालिका का सभी 19 बड़े नालों को साफ कराने का दावा

नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में जून महीने में मैनुअल और मशीनों के माध्यम से बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया। जमीनी स्तर पर काम और कार्यों में ज्यादा अभियान चला जिसका नतीजा है कि रिमझिम बारिश में ही शहर जलमग्न हो गया। ईओ विनोद कुमार ने दावा किया था कि नगर पालिका ने सभी 19 बड़े नालों को साफ करवा दिया है सिल्ट भी निकलवा दिया गया है। इस बार जलभराव की स्थिति शहर में नहीं होगी। अंडरग्राउंड नालों की सफाई की भी बात बड़ी तेजी से उन्होंने कही थी। जमीनी हकीकत क्या है, उसकी झलक बुधवार को देखने को मिल गई।

> तलैया फजल इमाम में ढलान है, इसलिए पानी भर जाता है। जिन नालों में रुकावट है, वहां सफाई अभियान लगातार जारी है। टीम निगरानी कर रही है। ज्यादातर मोहल्लों में बरसात बंद होने के घंटे भर बाद पानी खुद निकल जाता है। हमारी व्यवस्था दुरुस्त है।
>
> –विनोद कुमार, ईओ, नगर पालिका

अमृतपुर को मिल सकता नगर पंचायत का दर्जा

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

- जिला प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेजा
- राजनीतिक गलियारों में अभी से हलचल बढ़ी

अमृत विचार। अमृतपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलने की सुगबुगाहट राजनीतिक गलियारों में शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि शीघ्र ही इसकी अधिकृत घोषणा कर दी जाएगी। सत्ता पक्ष के विधायक पूरी तरह से सक्रिय हो गए है। इसकी सुगबुगाहट पर अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने के लिए कई लोगो ने जोड़तोड़ तक शुरू कर दी है।

सन् 1997 मे अमृतपुर को तहसील का दर्जा मिला था। अमृतपुर के तहसील बनने से फर्रुखाबाद जिले के अति पिछड़े इस क्षेत्र मे लोगों को विकास की उम्मीद जागी थी। परंतु तहसील मुख्यालय को 26 वर्ष गुजरने के बाद भी नगर पंचायत का दर्जा न मिल पाने से इस क्षेत्र के विकास मे पंख नही लग पा रहे हैं। अब तक तीन बार प्रशासन प्रस्ताव शासन को भेज चुका है। क्षेत्र पंचायत का दर्जा मिलने के लिए अमृतपुर के अलावा नगलाहूशा,बलीपट्टी रानीगांव, आसमपुर, गूजरपुर गहलवार, उधरनपुर लीलापुर, परतापुर कलां, हरसिंहपुर गहलावर, हुसैनपुर राजपुर ग्रामपंचायतों को शामिल किया गया था। इन ग्राम पंचायतों को जोड़कर 25000 की आबादी का मानक भी पूरा होता दिखाई पड़ रहा है। अन्य तरीके से भी अमृतपुर मानकों पर खरा उतर रहा है।

यहां इंटर कॉलेज, बैंक, आईटीआई, अग्निशमन केंद्र, फायर स्टेशन, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, ग्राम न्यायालय संचालित है। तहसील प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम रविन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी,तहसील मुख्यालय पर रुककर जनता को 24 घंटे सुविधा दे रहे हैं। फिर भी अभी तक अमृतपुर को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया। इस समय क्षेत्र में अमृतपुर को जल्द ही नगर पंचायत का दर्जा मिलने की चर्चा जोरों पर है। जिससे नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए तैयारी कर रहे प्रत्याशियों ने संभावित क्षेत्र मे सक्रियता बढ़ा दी है। अमृतपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से इस क्षेत्र के विकास को पंख लगेंगे। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने बताया कि प्रशासन के प्रस्ताव पर अमृतपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलवाया जायेगा। अति शीघ्र इसकी अधिकृत घोषणा कर दी जाएगी।

बारिश से खराब हो सकती है मूंगफली व मक्का की फसल

अमृतपुर फर्रुखाबाद। मूसलाधार बारिश से जहां एक तरफ लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं किसानों की खेतों मे तैयार मूंगफली और मक्का की फसल भीग जाने से किसान परेशान नजर आ रहा है। इस समय खेतों मे मक्का और मूंगफली की फसल तैयार खड़ी है। बरसात का पानी खेतों मे भर जाने से मूंगफली और मक्का की फसल खराब होने का डर किसानों को सता रहा है। खेतों मे भरे पानी को किसी तरह से निकालने का प्रयास किसानों द्वारा किया जा रहा है। किसानों का कहना है पहले गर्मी ज्यादा पड़ने से फसल तैयार करने के लिए हर तीसरे दिन सिंचाई करनी पड़ी। जिससे फसल की लागत काफी ज्यादा बढ़ गई है। अब तैयार फसल बारिश की वजह से खराब होने का डर है। किसान प्रबल, रामसिंह, श्रीपाल का कहना है इस समय मंडी मे मक्का 2200 रुपए और मूंगफली के दाम 4500 रुपए हैं। यदि फसल भीगकर खराब हो जायेगी तो व्यापारी मंडी मे किसी भाव खरीदने को तैयार नहीं होगा। मजबूरन किसान को औने पौने दामों मे फसल हटानी पड़ेगी। इससे किसान को बड़ा घाटा उठाना पड़ सकता है। गीली मक्के की फसल सड़ने तो मूंगफली की फसल अंकुरित होकर खराब हो जाती है। किसान घर लाई गई फसल को त्रिपाल डालकर बचा रहे हैं।

घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

फर्रुखाबाद। पड़ोसी जिला कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के गांव तिगड़ा निवासी राम ललदेते जाटव की पुत्री मोहिनी (18) अपने भाई अभिषेक के साथ बाइक से 29 जून को दवा लेने जा रही थी। गांव के पास लल्लाबाबू की दुकान के पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में मोहिनी के गंभीर चोटे आईं थी। दुर्घटना के बाद परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान हालत बिगड़ने के बाद उसे देर शाम लोहिया अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। माँ सुदामा, भाई अभिषेक, अनिकेश, अनुराग, बहन शिवानी, मुस्कान व कजरी का रो रो कर बुरा हाल है।

कायमगंज में बंद घर से लाखों की चोरी

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

रेशमा के घर बिखरा पड़ा समान। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां मोहल्ला भुड़िया निवासी रेशमा बेगम के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों की चोरी की।

बंद कमरे के ताले को तोडकर चोर अंदर पहुंचे तथा सेफ अलमारी व बक्सों के ताले तोड़ दिये। रेशमा बेगम के अनुसार उसमें रखे चांदी के परिक्षन, सोने की एक जोड़ी झुमकी,दो सोने की अंगूठी,10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। उसका कहना कि यह रुपये बच्चों के स्कूली कोर्स के लिए रखे हुए थे। जिन्हेंचोर चोरी कर ले गये। रेशमा अपने माइके गयी हुई थी जो कि पास में ही है। रेशमा के पति शकील खां केंसर से पीड़ित थे तीन बर्ष पहले उनकी मृत्यु हो चुकी है। रेशमा बेगम अपने तीनों बच्चों को अकेले पाल रही है ।इनकी एक बेटी और दो बेटे हैं जोकि छोटे हैं ।तथा स्कूल जाते हैं रेशमा की आंखो के आंसू देखकर सभी पड़ोसी लोगों ने उन्हे धैर्य रखने को कहा। सभी की जुबान पर यही बात थी कि चोरों ने विधवा के घर चोरी करके अच्छा नहीं किया। रेशमा सिलाई तथा जरदोज़ी का काम करके अपने बच्चों को पाल रही है। सूचना पर कोतवाली पुलिस एसआई सुनील कुमार यादव अपने हमराह के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जांच पड़ताल की।

पड़ोस के महेश पुत्र बाबूराम के घर के दरवाजे के चोरों ने ताले तोड़कर चोर अंदर पहुंचे तथा पूरे घर को खगाला। महेश दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चो को पाल रहे हैं। घर से क्या-क्या सामान चोरी हुआ है उनके आने के बाद ही जानकारी हो सकेगी।

जिला अस्पताल में डॉक्टर व महिला के रुपये पार

फर्रुखाबाद। थाना कादरीगेट क्षेत्र के आवास विकास स्थित डॉक्टर राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद चोर सक्रिय नजर आ रहे है। डॉक्टर प्रवीन कुमार को महिला अपनी पुत्री के पेट दर्द की दवा लेने के लिए लाइन में खड़ी थी। तभी महिला का थैला काटकर चोर ने दो हजार चोरी कर लिए। इसके अलावा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज पांडे भीड़ से निकल कर अपने कक्ष में जा रहे थे। उसी समय डॉक्टर जेब से 800 रुपये निकाल लिए गए। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कादरीगेट निवासी गीता देवी अपनी बेटी शिवानी को दवा दिलाने के लिए डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल आई थी। डॉक्टर प्रवीन कुमार के कमरे के बाहर महिला-पुरुषों की भीड़ लगी थी। जब गीता देवी लाइन में खड़ी थी। महिला हाथ में थैला पकड़े हुए थी। इस वक्त किसी चोर ने महिला का बैग काटकर उसमें रखा पर्स चोरी कर लिया। दवा लेने के बाद जब गीता ने थैला खोला। तो उनका थैले के अंदर से पर्स गायब था और थैला फटा हुआ था। उन्होंने सीएमएस कार्यालय में पहुंचकर सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी से की। इसके बाद सीसीटीवी कैमरा प्रभारी विवेक राणा को बुलाया गया और सीसीटीवी फुटेज को देखा। मगर कोई भी चोर सीसीटीवी कैमरे में नजर नही आया।

गंगा घाटों पर की जाए बैरिकेडिंग स्नानार्थियों की सुरक्षा पर जोर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी। अमृत विचार

अमृत विचार। आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस कप्तान आलोक प्रियदर्शी ने बुधवार को गंगा घाटों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को बताया कि सावन माह में गंगा स्नान का बहुत महत्व होता है और कई जिलों के कांवड़िया यहां आकर गंगा जल भरते हैं। गंगा स्नान करते हैं। उनके लिए स्नान की उचित व्यवस्था की जाए। गंगा घाटों पर बैरीकेडिंग की जाए और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं।

एसपी ने कहा कि कई महत्वपूर्ण त्योहार पर यहां गंगा स्नान किया जाता है। ऐसे में हर व्यक्ति की सुरक्षा का दायित्व पुलिस का है। पुलिस पूरी तरह से गंगा का घाटों पर मौजूद रहकर यहां आने वाले गंगा भक्तों की सुरक्षा करे। एसपी ने कहा कि जगह-जगह कांवरियों की सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स लगाया जाएगा। शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अतिक्रमण न करने की हिदायत दी

कायमगंज। नवाबगंज नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिससे अफरातफरी मच गई। कई दुकानदारों को अतिक्रमण न करने का नोटिस दिया गया। वहीं दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई।

नवाबगंज में मंगलवार दोपहर बाद नगर पंचायत लिपिक विकास गंगवार ने एसआई गिरीश कुमार व हेड कांस्टेबल नीरज कुमार, सौरभ शर्मा ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ चौराहे से अस्पताल रोड चौराहे तक अभियान चलाकर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी और आगे से फुटफाट पर अतिक्रमण करने वाले 25 दुकानदारों को अतिक्रमण करने पर फुटफाट खाली करने के निर्देश दिए।

छपाई ठेकेदार के घर हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- थाना कादरी गेट क्षेत्र का मामला, जांच शुरू

अमृत विचार। थाना कादरी गेट क्षेत्र में छपाई ठेकेदार के घर चोरों ने सोमवार हजारों रुपए के सामान और जेवरात पार कर दिए थे। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना कादरी गेट क्षेत्र के मोहल्ला बढ़पुर निवासी वीरेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है।जिसमें बताया गया की उनका पुत्र एक जुलाई को पत्नी व बच्चों के साथ छत पर सो रहा था।वह अपनी बीमार पत्नी के साथ नीचे के कमरे में सो रहे थे।

रात के समय अज्ञात चोरों ने छत से जीने के रास्ते नीचे उतर कमरे में रखा बक्सा उठा लिया। घर की गली में बक्सा रखकर उसमें रखे सोने के जेवर एक सोने की चेन दो सोने की अंगूठी एक सोने की झुमकी व 10 हजार नकद चुरा लिए। जब वह सुबह उठा तो उसे मामले की जानकारी हुई।

थाना अध्यक्ष कादरी गेट अवध नारायण पांडे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार को सौपी गई है।

साइकिल सवार को टेंपो ने मारी टक्कर, घायल

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र में बहन के शादी का सामान लेने जा रहे साइकिल सवार को टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। थाना कमालगंज क्षेत्र के भोजपुर निवासी रोहित कुमार की बहन की कुछ दिन बाद ही शादी होनी है। बुधवार को बहन की शादी से जुड़ी हुई तेल की रस्म हो रही थी। उसी को लेकर कुछ सामान लेने के लिए कस्बा गए हुए थे। वापस आते समय शेखपुर गुमटी पर तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे भाई संजीव सहित अन्य परिजनों ने सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया।

सार-संक्षेप

वाहन की टक्कर से युवक घायल

फर्रुखाबाद। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर कोहना निवासी 18 वर्षीय अनमोल पुत्र रामप्रताप कस्बा कायमगंज पुलिया के पास पैदल जा रहा था। तभी अनमोल के पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया 108 एंबुलेंस से घायल युवक अनमोल को लाया गया है। पैर फैक्चर है। भर्ती का इलाज शुरू कर दिया गया है।

युवक की मौत पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

फर्रुखाबाद। थाना अमृतपुर क्षेत्र में फसल रखवाली को किसान ने खेत में तार लगा बिजली का करंट दोड़ा दिया था।उसकी चपेट में आने से 23 जून को एक युवक की मौत हो गई। वही थाना पुलिस ने दो खेत मालिकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम गुडेरा निवासी शिशुपाल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि 23 जून को उनकी नातिन प्राजंलि नाती अंश को लेकर पड़ोस के खेत में शौच के लिए गए थे। पड़ोसी खेत मालिक रणबीर व कमलेश ने अपने खेत में चोरी से बिजली का करंट चारों तरफ लगाया था। पैर फिसल जाने से अंश को बिजली का करंट लग गया। नातिन प्राजंलि ने चीख पुकार मचा दी। उसकी आवाज सुनकर उनका पुत्र अवनीश भाग कर मौके पर आया और अंश को बिजली का करंट की चपेट से बचा लिया। लेकिन खुद वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी जिला अस्पताल लोहिया में मौत हो गई। दर्ज कराए मुकदमे में पुत्र अवनीश की मौत का जिम्मेदार रणवीर और कमलेश को बताया गया। थाना अध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी ने बुधवार को बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मुकदमा की विवेचना उपनिरीक्षक कल्लू सिंह को दी गई है।

पिकअप पेड़ से टकराई, सात घायल

फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव परमापुर के पास बदायूं मार्ग पर रात में पिकअप पेड़ से टकरा गई। जिसमे पिकअप में बैठे छोटेलाल ,अमरसिंह, वासुदेव, प्रेमराज, साधूराम, राजपाल,अजीत कुमार घायल हो गए। सभी घायल बरई नगला थाना उझानी जिला बदायूं के निवासी है। सभी को थाना पुलिस ने 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्रेमराज व छोटेलाल की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रिफर किया गया है।

किशोर को सांप ने डसा, हालत बिगड़ी

फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी 12 वर्षीय अभिषेक पुत्र शेर सिंह खेत में मूंगफली तोड़ते समय सांप ने काट लिया। घर वालों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया सांप काटा हुआ 12 वर्षीय युवक अभिषेक को लाया गया है। भर्ती का इलाज शुरू कर दिया गया है।

जीवन को खुशहाल बनाने के लिए साधना जरुरी

फर्रुखाबाद। ओशो रजनीश के शिष्य स्वामी आनंद पुनीत ने कहा कि जीवन एक बगिया है। इसमें बसंत लाने के लिए हर व्यक्ति को ध्यान साधना की जरूरत होती है। ध्यान कहीं विशेष रूप से नहीं मिलता है। भगवान शंकर ने पार्वती जी को आनंद भैरव तंत्र में जो 112 विधियां बताई है वह आत्मज्ञान के लिए पर्याप्त हैं। उनका इस समय सरलीकरण कर दिया गया है। जिसका लाभ हर कोई उठा सकता है। उन्होंने कहा कि ध्यान के माध्यम से ही जीवन जीने की कला आती है और जो ध्यान में गहन डुबकी लगा लेते हैं वह जीवन जीने की कला जान जाते हैं। स्वामी आनंद पुनीत ने कहा कि मनुष्य जिस दिन परमात्मा के लिए समर्पित हो जाएगा। उसी दिन आदमी जीने की कला सीख जाएगा। जीने की कला सीखने के लिए ध्यान जरूरी है।

सावधानी व तैयारी | ताजिये की ऊंचाई अधिक न हो, अराजकतत्वों को दूर रखें

मोहर्रम के जुलूस में रखें वालंटियर, तार व पेड़ न काटें

संवाददाता, फर्रुखाबाद

पीस कमेटी की बैठक में धर्मगुरु व संभ्रांत लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को थाना कादरी गेट परिसर में शहर क्षेत्र की पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इसमें धर्मगुरु, ताजियादार व सभ्रांत व्यक्ति आदि के बीच में सीओ सिटी ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान आयोजक भीड़ का 25 प्रतिशत तक वालंटियर रखना सुनिश्चित करें। जुलूस के दौरान कहीं पर भी बिजली के तार न काटे जाएं और न ही पेड़ों को काटा जाए। ताजिया की ऊंचाई नियमित रखी जाए। अराजकतत्वों को जुलूस से दूर रखा जाए।

मालूम हो कि 7 जुलाई से मोहर्रम शुरू हो रहा है। वहीं 17 जुलाई को ताजिया निकाला जाएगा। मोहर्रम के जुलूस के दौरान व्यवस्था पूरी तरीके से चाक चौबंद रहे इसको लेकर प्रशासन पहले से ही तैयारी में जुटा हुआ है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में बुधवार को थाना कादरी गेट थाना मऊ दरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद की पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक आए धर्म गुरुओं और ताजियेदारों से सीओ सिटी ने बृहद चर्चा की। बताया गया कि ताजिए की ऊंचाई 12 फिट रहती है वहीं ताजिये को रखने बाली ठेली चार फीट की रहती है। सीओ ने कुछ कम ऊंचाई की ठेली बनवाने की सलाह दी।

इसके साथ सीओ सिटी ने अवगत कराया कि जुलूस के दौरान रास्तों पर कोई पेड़ की कटाई, छटाई नहीं होगी। बिजली के तार भी नहीं काटे जाएंगे। जुलूस के आयोजक पहले ही रूट देख ले। इसके साथ नियमानुसार ऊंचाई रखी जाए। अगर 100 लोग जुलूस में शामिल है तो 25 लोग वालंटियर के तौर पर रहे। आपत्तिजनक नारे बिल्कुल भी न लगाए जाएं। इसके साथ ही सीओ सिटी ने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि जुलूस के रूट की दो-तीन दिन पहले ही ड्रोन कैमरे से निगरानी कर ली जाए। किसी भी छत पर ईंट-पत्थर आदि हैं तो उनको तत्काल हटवा दिया जाए। अराजकतत्वों को सख्त चेतावनी देकर नोटिस जारी कर दिया जाए। वहीं उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील करने को कहा।

सीओ सिटी ने बताया कि जुलूस के दौरान क्या तैयारी रखनी है, इस संबंध में बैठक हो गई है। उसके आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। नियमों का पालन कर हर जुलूस की परमीशन ले ली जाए। शांति व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके लिए पूरी तरीके से प्रशासन मुस्तैद है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

संपादकीय

एआई के दुरुपयोग पर चिंता

दुनिया में सभी देश और समाज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न होने वाले नए खतरों तथा जोखिमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। कई देशों में एआई से संबंधित जोखिमों को कम करने से संबंधित बहुत सारी गतिविधियां हुई हैं। एक विनियमन है और यूरोपीय संघ में एक कानून पारित किया गया है। अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश पारित किया है। वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र ने एआई के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए एक अलग निकाय की स्थापना की है। क्योंकि एआई से उत्पन्न जोखिमों और खतरों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। एआई एक कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट की उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किए जाते हैं, क्योंकि उन्हें मानव बुद्धि और निर्णय की आवश्यकता होती है। हालांकि कोई भी एआई उन विविध प्रकार के कार्यों को नहीं कर सकता है जो एक सामान्य मानव कर सकता है, कुछ एआई विशिष्ट कार्यों में मनुष्यों की बराबरी कर सकते हैं। बुधवार को ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल के चुनाव में एआई के दुरूपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन को शुरू किया जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में मिशन शुरू हो जाएगा ताकि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा, फार्मास्यूटिकल्स और इन सभी क्षेत्रों में एआई की शक्ति और क्षमता का दोहन किया जा सके।

गौरतलब है कि मंत्रिमंडल ने इस वर्ष मार्च में 'इंडिया एआई मिशन' के लिए 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन को मंजूरी दी थी। इंडिया एआई मिशन भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अगले पांच वर्षों में निर्धारित यह पर्याप्त वित्तीय निवेश इंडिया एआई मिशन के विभिन्न घटकों को उत्प्रेरित करने के लिए तैयार है, जिसमें इंडिया एआई कंप्यूटर क्षमता, इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर (आईएआईसी), इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफॉर्म, इंडिया एआई एप्लिकेशन डेवलपमेंट इनिशिएटिव, इंडिया एआई फ्यूचरस्किल्स, इंडिया एआई स्टार्टअप फाइनेंसिंग और सुरक्षित एवं विश्वसनीय एआई जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। भारत एआई मिशन के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप, इन पहलों का उद्देश्य एआई में भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करना, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, नैतिक और जिम्मेदार एआई परिनियोजन सुनिश्चित करना और समाज के सभी वर्गों में एआई के लाभों का लोकतंत्रीकरण करना है। भारत नागरिकों के लाभ और अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए एआई की शक्ति का पूरा उपयोग करने जा रहा है। यानि एआई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए गतिज प्रवर्तक बनने जा रहा है।

कब तक फलते-फूलते रहेंगे स्वयंभू बाबा

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं।

आधुनिकता के इस दौर में स्वयंभू धार्मिक नेताओं की बाढ़ सी आ गई है और जनता भी इन्हें सिर माथे पर बैठा रही है। बीते मंगलवार को हाथरस भगदड़ मामले में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिजनों और घायलों को धनराशि देने की बात कही है, लेकिन सवाल फिर यही कि क्या किसी आदमी की जान रुपयों में तोली जा सकती है? इस तरह के घटनाओं की पुनरावृत्ति साल दर साल क्यों होती रहती है? किसी एक दुर्घटना से हम सबक क्यों नहीं लेते?

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं। कहने को तो देश आर्थिक और तकनीकी मामलों में आगे बढ़ रहा है, लेकिन धर्मांधता भी बढ़ती जा रही है। इस हादसे पर अफसोस होने के साथ-साथ देश की मूढ़मति जनता की समझ पर तरस भी आता है। आस्था के सिंहासन पर बैठकर यह लोग महिलाओं की अस्मिता से तो खेलते ही हैं, साथ ही लोगों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं। बताया जाता है कि नारायण साकार विश्व हरि भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए पंडाल पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हालांकि इस आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी, मगर 80 हजार लोगों की व्यवस्था जहां पर की गई थी, वहां इससे कहीं ज्यादा अधिक लोग प्रवचन सुनने के लिए एकत्र हो गए थे। आयोजक और शासन-प्रशासन के द्वारा लोगों की संख्या पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रवचन की समाप्ति पर बाबा के निकट से दर्शन और उसकी चरण रज पाने के लिए लालायित हुए लोगों की भीड़ जब बेकाबू हो गई तब यह हादसा हुआ। लोगों का विश्वास था कि बाबा की चरण रज लेकर माथे पर लगाने उनके सारे दुख दूर हो जाएंगे। एनसीआरबी यानी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से लेकर 2013 तक भगदड़ में लगभग दो हजार लोग मारे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानी आईजेडीआरआर की 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 79 फीसदी भगदड़ धार्मिक सभाओं और तीर्थ यात्राओं के कारण होती है। भारत और विकासशील देशों में भीड़भाड़ से जुड़ी अधिकांश दुर्घटनाएं धार्मिक स्थलों पर होती है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हमने देखे हैं।

यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी।

भोली-भाली जनता को तरह-तरह के प्रलोभन देकर और चमत्कार दिखाकर बेवकूफ बनाने की परंपरा बहुत पुरानी रही है। हमारे देश की जनता भी उस्ताद है। कब किस इंसान को फर्श पर से अर्श पर पहुंचकर देवता बनाकर पूजने लगे, पता नहीं चलता। यह एक दुखद पहलू और इतना कटु सत्य है कि कई बार मन की आस्था डगमगाने लगती है। धर्म के मर्म को समझना अलग बात है और इस तरह के बाबाओं के कुचक्र में फंसना अलग चीज है। धर्म का मूल भाव सत्य, अहिंसा, परोपकार, दया भाव और ईमानदारी है, जबकि प्रवचन देने वाले इन बाबाओं की हिस्ट्री अजब-गजब और संदिग्ध है। अनैतिक कार्यों में इनके भागीदारी की खबरें आती रहती हैं। फिर भी देश की जनता इन पर इतना यकीन करती है कि अपना भगवान मान बैठती है। अपने अनैतिक कार्यों और कुकर्मों की वजह से कई बाबा जेल की सलाखों के पीछे गए हैं। परंतु महिलाओं की इन पर आस्था आश्चर्यजनक और चिंतनीय है।

यह देश का दुर्भाग्य ही है कि हम आज भी इस तरह के चमत्कारों में विश्वास रखते हैं। ये बाबा बीमारियों के इलाज के अलावा, संतान प्राप्ति, प्रेमी-प्रेमिका से मिलन जैसे कई चमत्कार करने का दावा करते हैं। अंधविश्वास में जकड़ी जनसंख्या इनके छलावे में आ जाती है। यह सुनकर आश्चर्य हुआ कि प्रवचन सुनने में युवा वर्ग की बालिकाएं भी अपने माता-पिता के साथ गई थीं। भारत में बच्चे और महिलाएं इस तरह के ढोंगी बाबाओं के सॉफ्ट टारगेट आसानी से बन जाते हैं। इसीलिए किसी भी तरह के हादसे में पीड़ित भी वही होते हैं। ये नहीं जानते कि जिन्हें ये लोग आध्यात्मिक गुरु मानते हैं दरअसल वे धर्म के व्यापारी होते हैं, जिनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ अपने साम्राज्य का विस्तार करना होता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में यह खुली छूट है।

यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी। एक गहन जांच और उसके आधार पर की गई कार्रवाई बहुत आवश्यक है ताकि भविष्य में अवतरित होने वाले नए बाबा थोड़ा सचेत रहें। कोई भी दुर्घटना घटने के बाद एक्शन लिया जाना अलग बात है, लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि इस तरह की घटनाएं बार-बार क्यों होती हैं? इस तरह के बाबाओं का भंडाफोड़ करने की सख्त जरूरत है। साथ ही जनता को भी अपनी आंखें खोलने की जरूरत है। एक स्वघोषित बाबा जो जनता को कष्ट में डालकर खुद नौ दो ग्यारह हो जाता है, जनता को क्यों उस पर यकीन करना चाहिए? हमें गंभीरता के साथ सोचना है कि देश को इस तरह के प्रवचन या सत्संग की जरूरत है या लोगों में साक्षरता बढ़ाने की ताकि वह अपना भला बुरा सोच सकें और अपने समय को कुछ सार्थक कामों में लगा सकें। इस तरह धर्मान्धता की चादर ओढ़कर हम विकास नहीं कर सकते।

प्रसंगवश

एक थे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ (संप्रति मऊ) जनपद के बीबीपुर में जन्मे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान भारतीय सैन्य अधिकारियों के उस शुरुआती बैच में शामिल थे, जिनका प्रशिक्षण ब्रिटेन में हुआ था।

1947 में भारत-पाक युद्ध के वक्त वे उस पैरा ब्रिगेड के कमांडर थे, जिसने नौशेरा में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। उन्हें 'नौशेरा का शेर' कहा जाता है। उनकी बहादुरी और कुशल रणनीति के चर्चे इतने थे कि देश के बंटवारे के बाद उन्हें मोहम्मद अली जिन्ना और लियाकत अली खान ने चीफ बनाने का प्रलोभन देकर उन्हें पाक सेना में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन उस्मान ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बंटवारे के बाद उनका बलूच रेजीमेंट पाकिस्तानी सेना के हिस्से में चला गया और वे स्वयं डोगरा रेजीमेंट में आ गए। पैराशूट ब्रिगेड की कमान संभाल रहे उस्मान सामरिक महत्व के क्षेत्र झनगड़ में तैनात हुए जिसे 25 दिसंबर, 1947 को पाकिस्तानी सेना ने कब्जे में ले लिया था। मार्च, 1948 में ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व कौशल से झनगड़ भारत के कब्जे में आ गया। झनगड़ के इस अभियान में पाक की सेना के हजार जवान मरे थे और लगभग इतने ही घायल हुए थे। झनगड़ के छिन जाने और बड़ी संख्या में अपने सैनिकों के हताहत होने से परेशान पाकिस्तानी सेना ने उस्मान का सिर कलम कर लाने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने का ऐलान किया था।

3 जुलाई, 1948 की शाम उस्मान अपने टेंट से बाहर निकले ही थे कि पाक सेना ने उन पर 25 पाउंड का एक गोला दाग दिया, जिससे उनकी शहादत हो गई। मरने के पहले उनके अंतिम शब्द थे-''हम तो जा रहे हैं, पर जमीन के एक भी टुकड़े पर दुश्मन का कब्जा न हो पाए।" शहादत के बाद राजकीय सम्मान के साथ ब्रिगेडियर उस्मान को जामिया मिलिया इस्लामिया कब्रगाह, दिल्ली में दफनाया गया। यह सम्मान उनके बाद किसी फौजी को नहीं मिला। मरणोपरांत उन्हें 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया गया। दुर्भाग्य है कि उनकी कुर्बानियों को देश अब विस्मृत कर चुका है।

श्रद्धा का यह कैसा उन्माद

हाथरस के सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दिवंगत होने और घायल होने की खबर विचलित करने वाली है। भारत में ही नहीं धर्म के नाम पर धंधा करने वाले ऐसे आयोजनों में आज भी विश्व के कई देशों में लोग अपनी जान गंवाते हैं। तमाम अधर्माचारी अपने 'कल्ट' का ऐसा व्यामोह उत्पन्न करते हैं कि उनके आह्वान पर सामूहिक विषपान कर लोग प्राण गंवा बैठे हैं। धर्म के नाम पर ये पाखंड, ढोंग, जादू-टोना, सब एक ही श्रेणी में आते हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि ''सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना?

आश्चर्य है कि आज जब मनुष्य ब्रह्मांड के रहस्यों के अनावरण में जुटा है, नित नए वैज्ञानिक तथ्य उद्घाटित हो रहे हैं, एक विशाल संख्या में लोग कूप मंडूक बने हुए हैं, जिनका शोषण इन पाखंडी बाबाओं द्वारा किया जाता है। इन घटनाओं में हमेशा एक सरीखा पैटर्न होता है। एक महाढोंगी द्वारा आहूत भारी भीड़, भगदड़, मौतें और फिर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला और फिर अगली ही ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति तक सब कुछ शांत। न तो मूढ़ जनता और न ही प्रशासन इनसे कोई सबक लेता है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राजनेता तो इन बाबाओं के अनुयायियों को अपना एक विशाल वोट बैंक मानकर चुप्पी साधे रहते हैं। बाबाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं करते।

अदालतें जरूर विवेक दिखलाती हैं। वहां जो मामले पहुंचते हैं, वे आशाराम और राम रहीम में तब्दील हो जाते हैं। बशर्ते सरकारें वहां तक तत्परता के साथ मामलों को ले जाएं न कि कुछ बाबाओं के लिए एक साभिप्रायपूर्ण चुप्पी साधे रहें। ताजे मामले में ये कोई साकार हरि ऊर्फ भोलेबाबा या खुद का रखा गया पूरा नाम नारायण सरकार विश्व हरि भोलेबाबा, सरकारी सेवा का भगोड़ा है, जो अपनी जुगाड़ और साठगांठ से धर्म प्रचारक बन बैठा, क्योंकि यह धंधा चोखा है। कोई खास इंवेस्टमेंट भी नहीं है। सब कुछ भक्तजन कर देते हैं। समझ में नहीं आता कि आखिर इस बाबा कल्चर को पनपने देने के पीछे सबसे बड़ा दोषी कौन है? क्या भक्तगण ही सबसे बड़े दोषी हैं? कैसे कहें, वे तो जन्मजात मूढ़ हैं।

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि ''सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना? फिर क्या दोषी वह 'कल्याणकारी राज्य' और शासन है, जहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण दुखद घटनाएं घटती हैं और जनहानि होती है? क्यों नहीं सभी राज्य महाराष्ट्र की तरह अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून बनाते और उनका कड़ाई से पालन करते हुए पाखंडी बाबाओं की नियमित धर पकड़ करते बिना वोटों की परवाह किए? हालांकि महाराष्ट्र में भी ऐसे ढोंगी बाबाओं का वर्चस्व अभी भी कायम है, क्योंकि वहां की सरकारों ने भी लागू कानून को उपेक्षा की है। आस्था के नाम पर हमें क्या आंखे मूंदे रहना चाहिए? ऐसी घटनाएं आगे न घटे इसलिए भारी भीड़ आमंत्रित करने वाले बाबाओं के ऊपर निरंतर निगहबानी रखनी होगी और हादसों को टालने का तो मूलमंत्र ही यही है कि जहां भीड़ हुई शांति व्यवस्था को खतरा हुआ और धार्मिक उन्मादियों की भीड़ तो जान ले भी सकती है और दे भी सकती है। हिंदू धर्म की चिर सहिष्णुता को भी कोसने का मन कहता है कि उसके नाम पर आज से नहीं सदियों से कैसे-कैसे पापाचार होते आए हैं।

किसको दोष दिया जाए और किसे बख्शा जाए? जो धर्म खुद को भी अनाचार से बचा न सके उसको लेकर बुद्धिजीवियों को ही कम से कम ऐसे मौकों पर मुखर होना चाहिए। हम कब तक 'सनातन' के भुलावे में रहेंगे? मगर क्या कीजिएगा हमारे आज के शंकराचार्य भी निष्प्रभावी हो गए हैं। बहुत कम असली धर्माचार्य हैं, जो धर्म के नाम पर अधर्म फैला रहे लोगों के विरुद्ध मुखर होते हैं। आशा की जानी चाहिए कि शीघ्रातिशीघ्र ढोंगी साकार हरि को सलाखों के पीछे डालकर अभियोजन आरंभ किया जाएगा। जिन लोगों की जान गई है उनकी हत्या का आरोप इसी पर होना चाहिए और सरकार को भीड़ सीमा संबंधी भी कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लाना चाहिए या फिर भीड़ प्रबंध की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

सोशल फोरम

गुरु बनाना एक फैशन

साधारण व्यक्ति में क्या इतना बुद्धि सामर्थ्य है कि वह अपना गुरु चुन सके। अगर इतना बुद्धि बल है उसमें तो इसे गुरु की आवश्यकता ही क्या है? आज साधारण व्यक्ति दूसरों के प्रभाव में आकर गुरु चुनता है और गुरु भी इतना गुरु है कि तुरंत उसे अपना शिष्य बनाकर इसे नाममंत्र दे देता है।

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है। आज गुरु बनाना एक फैशन है अगर आप किसी नामी गुरु के शिष्य नहीं तो आप पूर्ण नहीं और गुरुओं के पास नामी शिष्य नहीं तो वह भी पूर्ण गुरु नहीं।

धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

एक स्वनाम धन्य व्यक्तित्व एक गुरु के हाईप्रोफाइल शिष्य थे। गुरु के सत्संग में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक बार उनसे उनकी सक्रियता के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया वह राजनीतिक व्यक्ति भी हैं और गुरु जी के चेले उनके चुनाव क्षेत्र में प्रभावी है इसलिए सत्संग में क्षेत्र के लोगों को दिखाने के लिए आना पड़ता है और आज भी वह कई बार के सांसद है। आम जनता गुरुओं के ग्लैमर में भक्त बन जाती है। गुरुओं के पास कोई न कोई विद्या तो है, जिससे लाखों लोग उनके मुरीद हो जाते हैं। एक बात और जिस गुरु ने भगवान बनने की कोशिश की वह कहीं का नहीं रहता।

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है।

ऐसे बहुत से लोग जेल की अंधेरी कोठरियों में अपना सत्संग कर रहे हैं और यह गुरुगिरी हर धर्म में चल रही है। कई पीर हैं कई प्रीस्ट हैं, जो धर्म की आड़ में अपनी दुकानें चला रहे हैं। मैं तो अभी उस समय का इंतजार कर रहा हूं, कोई योग्य गुरु मुझे शिष्य के रूप में स्वीकार करे और मेरा उद्धार करे।

-फेसबुक वॉल से

आपातकाल और निरंकुश प्रशासन

बात आपातकाल की है। मैं जनपद बरेली में डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। आपातकाल घोषित होते ही प्रशासन सहसा पूर्ण निरंकुश हो उठा। इस निरंकुशता में मेरी भी भागीदारी थी। आपातकाल के दूसरे दिन वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक मे येन केन प्रकारेण विरोधी दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा प्रशासन विरोधी पत्रकारों को जेल भेजने का निर्णय लिया गया।

अब पुलिसिया यातना का वह चक्र चल पड़ा, जिसकी आंच ने मेरे भविष्य को घातक आघात दिया। इस बैठक ने पुलिस वालों को तो मानो किसी को भी आंतरिक सुरक्षा के नाम पर बंदी बनाने का पूर्णाधिकार दे दिया। जेल विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया कि पुलिस द्वारा बंदी बनाए गए किसी भी व्यक्ति रात या दिन किसी भी समय जेल के सींखचों के भीतर ले कागजी खानापूर्ति की कार्यवाही बाद में सुनिश्चित की जाए। रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात कभी देश के स्वतंत्राता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वयोवृद्ध नेता की गिरफ्तारी का दायित्व मुझको सौंपा गया। थाना प्रभारियों में मानो इस बात की होड़ सी लग गई थी कि कौन कितनी गिरफ्तारियां करता है। इंदिरा गांधी का संभावित विरोध, राष्ट्र विरोध में परिवर्तित हो चुका था। धड़ाधड़ गिरफ्तारियों का निर्बाध दौर शुरू हो चुका था। विरोधी नेता, कार्यकर्ता, प्रशासन/पुलिस विरोधी पत्रकार, छात्र नेता आदि गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत होने लगे, जो पकड़े गए, जेल गए। अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे श्री आजाद के ड्राइंगरूम जा पहुंचा। खादी की मिर्जई एवं अंडर वियर पहने चश्मा लगाए आजाद जी के हाथ में कोई किताब थी। हंसते हुए उन्होंने मेरा स्वागत किया "आइए-आइए डॉक्टर साहब! मैं आपका ही इंतजार कर रहा था और सोच रहा था कि अभी तक मेरा नंबर क्यों नहीं आया?" उनकी विनम्रता के समक्ष शर्म से मेरा सिर झुक गया। साथ आए सब इंस्पेक्टर को बाहर भेज मैं वहीं खड़ा रह गया। अपनी जीप में लाकर आजाद जी को थाना कोतवाली के अपने कार्यालय के कमरे में बैठाया, थाना प्रभारी हाकिम राय को निर्देश दिया कि आजाद जी को तुरंत जेल पहुंचाकर लौटकर लिखा-पढ़ी करते रहें।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

घटना दोपहर के लगभग दो बजे की है। इसके बाद फोन पर मैंने जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को श्री आजाद की निर्विघ्न गिरफ्तारी की सूचना दी, उनकी मौखिक बधाई को प्राप्त किया। बाद में मुझे यह जानकर कष्ट हुआ कि हाकिम राय ने आजाद एवं एक अन्य नेता पर दूसरों को नगर की दूरसंचार तथा बिजली आपूर्ति बाधित करने के उकसाने का आरोप लगा घटना का समय भी रात का दिखाया गया, जबकि मैंने लगभग दो बजे दिन ही में श्री आजाद को हाकिम राय के सुपूर्द कर दिया था। यहीं पर यह उल्लेख कर देना प्रासंगिक है कि हाकिम राय तत्कालीन बरेली रेंज के डीआईजी केडी शर्मा (कृष्णदत शर्मा) का चहेते थे और उनकी कृपा या आदेश से उपनिरीक्षक रहते हुए भी उनको बरेली नगर के सबसे महत्वपूर्ण थाना कोतवाली का प्रभारी बनाया गया था। श्री आजाद की गिरफ्तारी के कुछ ही अंतराल के बाद वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद नामक, आरएसएस तथा विद्यार्थी परिषद के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी रात में ही कोतवाली पुलिस द्वारा हुई। प्रातः काल नौ बजे हाकिम राय ने दोनों को मेरे कमरे में मेरे समक्ष पेश किया। मैंने उन दोनों की लिखा-पढ़ी के बाद यथाशीघ्र कारागार भेजवाने का आदेश दिया। दिनभर नगर में हुई घटनाओं की जानकारी पत्रकारों को दे ही रहा था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद ने मेरे कमरे में प्रवेश किया और नगर में सफल शांति व्यवस्था के लिए मुझे बधाई दी। पत्रकारों से बाहर जाने का अनुरोध करते हुए मैंने जिलाधिकारी महोदय का स्वागत किया। मुझको बड़ा आश्चर्य हुआ कि वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद की गिरफ्तारी पर मुझको बधाई देते हुए दोनों को अपने सामने लाने का आदेश दिया। मैंने उनको बताया कि "सर! वे दोनों तो जेल जा चुके हैं।" मैं यह सूचना दे ही रहा धा कि सहसा उपस्थित हाकिम राय बोल पड़ा, "सर! आपने आने को कहा था, इसीलिए उनको रोक रखा गया है।" उसके इतना कहने साथ दोनों अभियुक्तों को डीएम के सामने लाकर खड़ाकर दिया गया।

"क्यों डॉक्टर साहब! ये दोनों तो एक दम ठीक-ठाक हैं? साफ है थाने में इनका एक दम स्वागत नहीं हुआ।" "सर! इनसे कोई बरामदगी तो करनी नहीं थी और न ही कोई महत्वपूर्ण जानकारी ही मिलनी थी।" मेरे मुख से इतना निकला ही था कि हाकिम राय बोल उठा, "सर! मैं अभी दोनों का ठीक से स्वागत करता हूं।" मैनें शांत स्वर में कहा," किन्तु क्या अब तक 'जीडी' में उनकी आमद नहीं हुई है? अगर आमद हुई है तो क्या इनके शरीर पर आए चोटों का तस्करा जीडी में हुआ है?" मेरी बात पूरी हुई भी नहीं थी कि हाकिम राय बोल उठा था, "सर! इसका भी उपाय मेरे पास है।" यह कहते हुए वह कमरे से निकल गया। थोड़ी देर बाद वापसी में उसके हाथ में "पिलास पेचकस" था। मेरी समझ में कुछ नहीं आया। आश्चर्य चकित मैं उसकी ओर देख ही रहा था कि मेरे जीवन की एक अत्यंत दारुण तथा मेरे लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना का अवतरण हुआ। हाकिम राय के हाथ में पेचकस देख मैं आश्चर्यचकित था। कुछ समझ पाता कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के उकसावे पर हाकिम राय ने पेचकस से बारी-बारी दोनों युवकों के हाथों के अंगुलियों के नाखूनों को दबाना शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे की यातना के सूत्रधार डीएम कोतवाली से बाहर जा चुके थे। दूसरे दिन समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं। उत्पीड़नकर्ता हाकिम राय को इस बात की प्रसन्नता थी कि उनको जिलाधिकारी का परम विश्वस्त होने का तथाकथित अयाचित सौभाग्य मिल चुका था। घटना की सूचना मैंने अपने एसएसपी श्री माथुर को दी। उनकी तात्कालिक प्रतिक्रिया थी, " देखो अजित! जब किसी को उसकी औकात से बाहर की चीज मिल जाती है तब उसका घमंड अनियंत्रित हो जाता है। डीआइजी के कहने पर इसको कमिश्नरी के कोतवाली की इंचार्जी क्या मिल गई, अपनी औकात भूल गया हैं।" जेल पहुंचे दोनों युवक अपने हाथ से खाने को कौन कहे, हाथ से गिलास उठा पानी पीने में भी असमर्थ थे। उसी जेल में अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक कैदियों के साथ-साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास भी बंदी थे। उन लोगों के हस्तक्षेप पर दोनों का विधिवत उपचार हुआ, किंतु उनके नाखूनों के बचाया नहीं जा सका। स्मृति चिन्ह के रूप में दोनों ने अपने-अपने नाखूनों को सुरक्षित रख लिया।

हादसे का जिम्मेदार कौन

हाथरस हादसे में हुई 100 से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु की हृदय विदारक घटना से हर कोई शोक में शामिल है। धार्मिक समागम में हुई बड़ी संख्या में हुई महिलाओं और बच्चों की दुखद मौत से हाथरस की प्रशासन पर सवाल उठना लाजमी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समागम में दो लाख से अधिक लोग पहुंचे हुए थे और पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की गई थी। हालांकि रिटायर्ड जज की निगरानी में एसआईटी गठित की जा चुकी है, परंतु अभी हादसे के लिए जिम्मेदार किसी भी प्रशासनिक अधिकारी पर कोई कर्रवाई न होना आश्चर्यजनक है। समागम में कितने लोगों की अनुमति दी गई कितने लोग पहुंच गए, जिससे यह हादसा हुआ, जांच का विषय है, लेकिन उचित व्यवस्थाओं का न होना सर्व जाहिर है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हुक्मरानों को आयोजकों और अधिकारियों को सजा मिलेगी भी या नहीं यह तो पता नहीं, लेकिन किसी सामाजिक और यूनियन के आयोजन में अनुमति लेना कितना मुश्किल और कठिन होता है, यह मैं अच्छी तरह जानता हूं। हाथरस मामले में धार्मिक समागम में बड़ी संख्या में जुटे लोगों के आने से हुए हादसे के लिए आखिर कौन जिम्मेदार माना जाएगा, यह यक्ष प्रश्न है।

हादसों में ऑटो सवार समेत दो की मौत, पांच लोग घायल

भरथना, चौबिया और कोतवाली क्षेत्र में हुई दुर्घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रोड पर हुई, जहां अज्ञात वाहन ने एक ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। कस्बा के मोहल्ला दान सहाय गली गिरधारीपुरा निवासी प्रदीप पाल (35) पुत्र नरेश बाबू ऑटो में बैठकर जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने आटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो में सवार प्रदीप की मौत हो गई। दूसरी घटना चौबिया थाना क्षेत्र में हुई जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बृज पाल सिंह (50) पुत्र बेचे लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

तीसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाह अड्डा के पास हुई जहां बाइकों की भिंडंत में दो लोग घायल हो गए। क्षेत्र के मोहल्ला साबितगंज निवासी वारिस पुत्र सम्भू गफूर अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी सामने बाइक से आए देवाशुं पुत्र जितेंद्र दुवे निवासी ब्रहम नगर की बाइक उससे जा भिड़ी। हादसे में दोनों घायल हो गए। चौथी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला जगे के पास हुई। जहां बाइक सवार ने विपिन पुत्र श्रीप्रकाश व बीरेंद्र पुत्र तुलसी राम को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। इसके अलावा फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर रिलांयस पेट्रोल पंप के पास रोड पर करते समय ट्रक की चपेट में आने से राम बीर तोमर पुत्र भारत सिंह निवासी उदी मोड थाना बढपुरा घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विद्यार्थियों ने शपथ ली, लगाएंगे पौधे

सैफई। बुधवार को तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत छिमारा के कंपोजिट विद्यालय में पौधरोपण किया गया। छात्र-छात्राओं को उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई गई। क्षेत्रीय वन अधिकारी बसरेहर रेंज अमित कुमार सिंह ने कहा कि पौधरोपण के जरिए ही पर्यावरण को संतुलित बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी अपने-अपने घरों पर माता-पिता से पौधरोपण करने के लिए अवश्य जोर दें। वन महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा सात की छात्रा रागिनी कुमारी ने प्रथम स्थान व कक्षा सात कौशिकी ने द्वितीय, कक्षा 8 की छात्रा अन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अजीत पाल सिंह सेक्शन अधिकारी, प्रधानाध्यापक राजीव कुमार त्रिपाठी, फॉरेस्ट सेक्शन अधिकारी श्रीनिवास पांडेय, ज्ञानेश कुमार सिंह फॉरेस्ट सेक्शन अधिकारी, योगेंद्र कुमार वनरक्षक, एवं शिक्षक सलीम कुमार गुप्ता, ज्योति वर्मा,रचना कुमारी, शीला देवी मौजूद रहीं।

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: सरिता

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सामाजिक सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति की ओर से वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत ब्लू वर्ड इंटर कॉलेज इटावा में वृक्ष भंडारा व पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोगों को पौधे वितरित किए गए।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। इसलिए वन विभाग पौधरोपण के साथ-साथ लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित कर रही है। वृक्ष भंडारा के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग अतुल कान्त शुक्ला ने कहा कि वन महोत्सव का उद्देश्य ही यही है कि हम सभी लोग कम से कम एक पौधा लगाए ताकि आने वाली पीड़ियों को भी हम शुद्ध हवा दे सकें। उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह, ब्लू वर्ड विद्यालय प्रबंधक एमएम तिवारी, प्रधानाचार्य राजीव चतुर्वेदी, वन क्षेत्रीय वनाधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रवल प्रताप सिंह, शिव प्रसाद, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक उर्फ संजू चौधरी, चंदन पोरवाल, अशोक चौहान, विनीत पांडेय, राजेश प्रजापति, वन दरोगा ताबिश अहमद, सुनील कुमार मौजूद रहे।

ब्लू वर्ड इंटर कालेज में बच्चों को पौधे वितरित करतीं विधायक सरिता भदौरिया। प्लास्टिक का प्रयोग न करने की सलाह देते छात्र-छात्राएं।

- पौधे लगाने के साथ ही किया गया वृक्ष भंडारा

प्लास्टिक का नहीं कोई काम, इसका मिटा दो नामो निशान

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स, इटावा के प्रांगण में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक नाट्य प्रस्तुति से प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को समझाया। सलाह दी कि हमें प्लास्टिक बैग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण के साथ हमारी सेहत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रही है। यदि इस पर ध्यान नहीं दिया तो आगे चलकर ये और खतरनाक हो सकता है। समस्याओं से बचने के लिए एकल-उपयोग वाले कप और शॉपिंग बैग के बजाय पुन: प्रयोज्य कॉफी कप और शॉपिंग बैग का उपयोग करें। पुन: प्रयोज्य सिलिकॉन बैग और अन्य टिकाऊ कंटेनर एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक सैंडविच बैग की जगह ले सकते हैं। कार्यक्रम में उप प्रबंधक अंकित तिवारी ने भी बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय कोऑर्डिनेटर उरूसा रिज़वान, एंजिल तोमर एवं नृत्य शिक्षक संदीप यादव का विशेष योगदान रहा।

जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेतीं शोराबाल कॉलेज की बालिकाएं। अमृत विचार

सरकार की योजनाओं के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय न्याय संहिता सप्ताह के अन्तर्गत श्री शीतल प्रसाद शोरवाल बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं को जागरूक किया गया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर वंदना भदौरिया ने बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला आदि के बारे में बताया।

उन्होंने वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। पैरामेडिकल नर्स खुशबू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार मौजूद रहे।

संचारी रोगों से बचाव के बारे में दी जानकारी

महेवा, इटावा। उप्रा विद्यालय अहेरीपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक हुई। ग्राम पंचायत की आशा बहनों ने संचारी रोग की रोकथाम के बारे में बताया। प्रधानाध्यापक इंचार्ज ब्रजेंद्र पाल सिंह ने संचारी रोग की रोकथाम एवं बचाव के बारे में बताया। कहा कि बरसात के इस मौसम में सभी लोग कीटाणुओं से बचें। जिससे संचारी रोग के शिकार ना हो पाए। उन्होंने कहा कि अपने घर के बाहर ,अंदर पानी न भरने दें। अपने-अपने घरों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को खाना खिलाने के पहले और खाना खाने के बाद साबुन से हाथ जरूर धुलवाए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सहायक अध्यापक मनोज कुमार,विपिन कुमार, कुलदीप कुमार, दयाशंकर, विनीता कुमारी, मंगला देवी, गुड़िया देवी और अभिभावक छोटा, सलीम, अरविंद आदि मौजूद रहे।

युवा और छात्र मिलकर देश को समृद्धि की ओर ले जाएंगे : राफे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होने वाले 80 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। प्रांतीय अध्यक्ष राफे इस्लाम ने कहा कि छात्र को अच्छा इंसान भी बनना चाहिए। अच्छे इंसान बनकर देश और अपने लोगों की सेवा भी करें। छात्र और युवा देश के भविष्य हैं यदि इन छात्रों का सही मार्गदर्शन किया गया तो यह देश और समाज के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। देश को विकास और समृद्धि की ओर लेकर जाएंगे।

इंजीनियर परवेज़ खान ने छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक कैरियर काउंसलिंग का भी प्रोग्राम किया। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए, उनकी शिक्षा पर किस प्रकार से ध्यान दिया जाए जैसे विषयों पर विशेष रूप से बातचीत की।

इटावा के इकाई अध्यक्ष मोहम्मद हसन राईन ने कहा कि संगठन यह चाहता है कि देश का युवा पढ़े और आगे बढ़े और इसके पढ़ाई और इसके शिक्षा के संबंध में कोई भी समस्या आती है तो एसआईओ उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। मुहम्मद जैद, मुहम्मद अज़ीम (मुअज़्जम), असलम खान, मुहम्मद शाहरुख, मुहम्मद तहसीन, मुहम्मद जुनैद इफ्तिखार उद्दीन, मुस्तकीम उद्दीन मौजूद रहे।

स्टूडेंट इस्लामिक आर्गेनाइजेशन के समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- अच्छे अंक लाने वाले 80 से अधिक छात्र-छात्राएं सम्मानित

सार-संक्षेप

स्वप्निल को आईआईएम केरल में मिला एडमीशन

स्वप्निल त्रिवेदी

महेवा, इटावा। महेवा क्षेत्र के पत्रकार राजू दुबे के भतीजे एवं डीबीए औरैया के पूर्व महामंत्री अरुण त्रिवेदी के पुत्र का आईआईएम केरल में एमबीए में चयन हुआ है। स्वप्निल ने ड़ीएबी गेल स्कूल दिबियापुर हाई स्कूल की परीक्षा 92 प्रतिशत से तथा इंटर में 93 प्रतिशत अंक पाए थे। उनका चयन एम बी ए में चयन हुआ जिसमें उसे केरल आई आई एम आवंटित हुआ है। उसके चयन पर पूर्व प्रधानाचार्य डाक्टर रामप्रकाश ओझा, प्रताप नारायण तिवारी, अनिल कुमार ,अजय जादौन,संजय त्रिवेदी आदि ने हर्ष जताया है।

डीबीए ने हाथरस की घटना पर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

इटावा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। जिसमें हाथरस में सत्संग के दौरान हुए हादसे में सैकड़ों लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को 20 लाख व घायलों को 5 पांच लाख के मुआवजे की मांग की गई। डीबीए ने नारायण साकार हरि के आश्रमों को नीलाम कर पीड़ितों के परिजनों को देने की मांग की। डीबीए अध्यक्ष ने कहा कि हाथरस में हुई घटना बेहद दु:खद है। सभी अधिवक्ताओं द्वारा मांग की गई कि मृतकों के परिजनों 20-20 लाख रुपये व घायलों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में देवेन्द्र कुमार, डीके मिश्रा, सुभाष राजपूत, शशिवाला, गिरेन्द्र सिंह, हैप्पी ठाकुर, अक्षय भदौरिया, प्रदीप राजपूत, साक्षी शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, रामशरन यादव, मोहित भदौरिया, सचिन पाल आदि लोग शामिल रहे।

पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के गांव रीतौर निवासी पत्रकार मनीष तिवारी के पिता बलराम तिवारी का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। बुधवार को गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। लोगों ने शोक संतृप्त परिवार को इस संकट की घडी में परिवार को धैर्य धारण कराने की भगवान से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में संजय सक्सेना, वीरेंश मिश्रा, सुशील सम्राट, बृजेश शुक्ला, दिलीप सिंह छोटू, बृज़ेश सक्सेना आदि शामिल है।

महिला हुई लापता, गुमशुदगी दर्ज

इकदिल। क्षेत्र के गांव बालमपुरा से चार दिन पहले मायके गई एक महिला लापता हो गई। परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका पता नही चल सका। बेटे ने अपनी मां की गुमशुदगी दर्ज कराई है। थाना इकदिल क्षेत्र में गांव बालमपुर में रहने वाले आशीष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी 50 वर्षीय मां 29 जून को औरेया जिले में गांव सांफर अपने मायके गई थी। अगले दिन गांव बालमपुर आ रही थीं लेकिन वह घर नहीं पहुंची। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही महिला का बरामद कर लिया जाएगा।

अनुसूचित जाति के उत्पीड़न का मामला दर्ज

बकेवर। थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुरा में 27 जून को एसडीएम के आदेश पर भूमि की पैमाइश के दौरान तीन लोगों के रायफलों के साथ आने पर उनकी रायफलें जब्त कर ली गई थीं। गांव के गौरव कुशवाह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 27 जून सुबह 10 बजे उसके खेत पर शहर के मोहल्ला अशोक नगर के रहने वाले भारत सिंह व कुलदीप सिंह, मैनपुरी में घिरोर के इंद्र प्रकाश तथा गांव के शिवभद्र व यशपाल उर्फ रिंकू आदि 10 से 15 साथियों के साथ वैध तथा अवैध असलहों से लैस होकर खेत पर ट्रैक्टर लेकर आ गए। बटाईदार मुन्ना सिंह दोहरे को बंधक बनाकर जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिवभद्र ने खड़ी फसल ट्रैक्टर से जबरन जोत दी। पुलिस रायफल धारियों को पकड़ ले गई थी। बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

करंट लगने से मोर की मौत

भरथना। कुदरकोट थाना और भरथना कोतवाली क्षेत्र के मध्य ग्राम पथरिया में बुधवार की सुबह उड़ते समय एक राष्ट्रीय पक्षी मोर हाईटेंशन विद्युत लाइन से टकरा गया। करंट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीण राजीव यादव ने बताया कि घटना के नौ घंटे बाद भी पुलिस प्रशासन ने मोर का शव ले जाने और पोस्टमॉर्टम की कोई व्यवस्था नहीं की।

एक पेड़ मां के नाम मुहिम की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जिलाधिकारी बोले-प्रकृति और मां का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान
- लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का किया आह्वान

अमृत विचार। एक पेड़ मां के नाम पर अटल पथ पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा के तत्वावधान में किया गया। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि प्रकृति और मां दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए इटावा में अबकी बार एक पेड़ मां के नाम से विशेष मुहिम शुरू की गई है। जिस तरीके से हम अपनी मां की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह प्रकृति की भी देखभाल करें। उन्होंने अपनी मां के नाम एक पौधा भी अटल पथ पर लगाया।

समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, डीएफओ अतुलकांत शुक्ला, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव , एडीएम न्यायिक धीरेंद्र पाल सिंह,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल कुमार, मलखान सिंह, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसडीओ विमल कुमार सिंह मौजूद रहे।

हमारे चकरनगर प्रतिनिधि के अनुसार उपजिलाधिकारी चकरनगर बृहमानंद कठेरिया, तहसीलदार विष्णुदत मिश्रा, नायब तहसीलदार अखलेश कुमार ने फलदार एवं सुगंधित फूलों के पौधारोपण का कार्य किया। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, सत्यनारायण यादव, संदीप यादव, सूर्य कान्त शुक्ला, राम सेवक शर्मा, सौरभ चौधरी उपस्थित थे।

पौधारोपण करते जिलाधिकारी अवनीश राय एवं डीएफओ अतुल कांत शुक्ला।

पेट्रोल पंप शुरू कराते विधायक शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

शिवपाल ने पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक शिवपाल सिंह यादव ने सैफई हवाई पट्टी रोड नगला बरी के पास बने नवीन महेशराम पेट्रोल पंप का बुधवार को उद्घाटन किया। उन्होंने कहा इस पेट्रोल पंप के खुल जाने से इलाके के सभी किसानों से लेकर वाहन चालकों को सुविधा होगी। पेट्रोल पंप के मालिक विनोद यादव, शैलेंद्र यादव, अर्जुन सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष फुरकान अहमद, डॉक्टर अरविंद यादव, राजवीर सिंह यादव, चन्दगीराम यादव, राधेश्याम यादव, राजवीर बाबा, रामकुमार यादव पूर्व प्रधान, राधा कृष्ण यादव, अरुणेंद्र, अमित शुक्ला, रामनरेश यादव पूर्व प्रधान, रामअवतार यादव ठेकेदार, गजेंद्र आचार्य आदि मौजूद रहे।

मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

इटावा। आगामी मोहर्रम को देखते हुए सनातन धर्म इन्टर कालेज के हाल में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव नें कहा कि केवल परंपरागत जुलूसों एंव कार्यक्रमों को ही अनुमति दी जायेगी। परंपरागत कार्यक्रम के आयोजक गण भी दोबारा परमीशन की प्रक्रिया को पूर्ण करें। इन कार्यक्रमों में दूसरे शहरों से आने वाले लोगों को देखते हुए आयोजक गण उन्हें चिन्हित रखे।

एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी नें कहा कि अलम एंव ताजियों की ऊंचाई ज्यादा न रखें इससे बिजली के तारों की वजह से दुर्घटना का खतरा रहता है। एसडीएम सदर विक्रम सिंह, सीओ सिटी अमित कुमार, शहर कोतवाल विक्रम सिंह सहित पीस कमेटी के सदस्य व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, मौलाना अनवारुल हसन जैदी, कामिल कुरैशी मौजूद रहे।

आयोजन | एक शाम खाटू श्याम के नाम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं...

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। योगिनी एकादशी के उपलक्ष्य में मंगलवार की रात श्री खाटू श्याम के भक्तों ने एक शाम श्री खाटू श्याम बाबा के नाम भजन संध्या का आयोजन शहर के नुमाइश पंडाल में किया। इत्र की फुहारों और पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालु देर रात तक बाबा श्याम की भक्ति में डूबे रहे। इस मौके पर बाबा श्याम को आयोजकों के द्वारा छप्पन भोग भी लगाया।

नुमाइश पंडाल के भव्य मंच पर बाबा श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया था, हर कोई बाबा श्याम के दर्शनों को आतुर दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने बाबा के साथ सालासर बालाजी महाराज शिव व राधा कृष्ण की झांकियों के भी दर्शन किए। आयोजक दुर्गेश अग्रवाल, रामवीर सिंह तोमर, देवेश कुशवाहा, आशीष द्विवेदी व सचिन जैन ने बाबा श्याम का पूजन अर्चन कर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। पूजन अर्चन पंडित शिवनाथ मिश्रा ने कराया। बाबा श्याम के दीदार को नुमाइश पंडाल में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्ति गीतों के बीच फूलों की जमकर होली भी खेली गई।

भजन संध्या की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। कानपुर से आईं शर्मा सिस्टर चंचल व बेटू ने दीवाने मुझे ले चल खाटू धाम, तीन बाण धारी तीनों बाण चलाओ ना, सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं आदि भजन सुना कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मथुरा से आईं व्रज लाडली नीलम दीदी ने मेरी बिगड़ी तो मेरा बाबा बनाएगा, मेरे घर में जो कुछ है दिया हुआ है श्याम का, सांवरिया हम हैं दीवाने तेरे नाम के आदि कई भजन प्रस्तुत किए। आगरा से आए भजन गायक राजा सांवरिया नेमेरी पलकों का घर तैयार सॉबरे, हारा हूं बाबा मुझे तेरा भरोसा है, खाटू वाले श्याम मुझको भूल न जाना तथा नोएडा से आए भजन गायक रवि सिद्धार्थ ने मेरे श्याम प्रेमियों आपस में प्रेम करो, सांवरे दिल मेरा खो गया खाटू में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। नगर वासियों को नुमाइश पंडाल में साक्षात खाटू धाम के दीदार हुए। बाबा श्याम के गीतों के बीच जहां पूरे समय इत्र वर्षा होती रही।

नुमाइश पंडाल में खाटू श्याम के दरबार में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

- योगिनी एकादशी पर बाबा श्याम को लगाया गया छप्पन भोग

जहां भक्ति वहां नहीं रहता दुख : उपेंद्रानंद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। ईश्वर की भक्ति ही संसार का वास्तविक सुख है क्योंकि जहां भक्ति है, वहां दुख नहीं रहता। इसलिए वे ही मनुष्य भाग्यशाली हैं जो सदैव ईश्वर का नाम लेते रहते हैं। ये बातें नैमिषारण्य से आए जगदाचार्य स्वामी उपेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने यमुना तलहटी स्थित श्रीराम मंदिर पर आयोजित गुरु पूजन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के समक्ष प्रवचन करते हुए कही।

उपेंद्रानंद सरस्वती।

उन्होंने कहा कि यदि जीव अपना कल्याण चाहता है तो ईश्वर से प्रेम करे। संसार की किसी भी वस्तु में सच्चा सुख नहीं है और न कोई संबंध ही सच्चा है। इसलिए बुद्धिमान लोग अपना सच्चा संबंध ईश्वर से जोड़ कर सदैव उनका नाम लेते रहते हैं। इस अभ्यास का फल यह होता है कि अंत समय आने पर ईश्वर का नाम लेकर भवसागर से पार हो जाते हैं। यदि जीवन में नाम का अभ्यास नहीं है तो अंत समय पर राम नाम नहीं आता और जीव फिर इस नारकीय संसार में आ गिरता है।

इस अवसर पर संत रिशीश्वरानंद जी, राघवानंदजी, अच्युतानंदजी, आचार्य विनय दीक्षित, अमरीश दीक्षित, धर्मेंद्र, वैष्णव साथ रहे। हरि प्रकाश शुक्ला, यज्ञाचार्य पं. राजेंद्र प्रसादजी , राजेंद्र कुमार दीक्षित, सुधीर मिश्र, पुजारी गोपाल का सहयोग रहा।

चार पर शांतिभंग में कार्रवाई

भरथना। एसआई सुरेश चंद्र ने बताया क्षेत्र में मोढ़ादेव गांव के नीरज व कल्लू गांव नगला मुलु के सत्यवीर व जयराम के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती सावित्री देवी पत्नी गोविन्द कुमार निवासी गण मुबारिकपुर (ददोरा) तहसील भरथना जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ वैनामा की छाया प्रति/नकल/ हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने एक किता आवासीय मकान जिसका रकवा 116.17 वर्ग मी0 पूर्व पश्चिम 50 फीट उत्तर दक्षिण 25 है। जिसकी सीमा पूर्व में रास्ता कालोनी 18 फीट चौ0 पश्चिम में स्वेता डेरी उत्तर में प्लाट नं0 12 दक्षिण में प्लाट रतन प्रकाश व रामबेटी उर्फ रामवती मोहल्ला .... श्रीमती सोनी पुत्र/पति श्री अर्जेश कुमार निवासी मोहल्ला नं0 ठकुरी मौजा व पोस्ट विरारी इटावा से से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

गरीब बेटी की शादी अनुदान में विधवा दिव्यांग आवेदकों को मिलेगी वरीयता

जिलाधिकारी ने शादी अनुदान योजना की समीक्षा बैठक में दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी हेतु अनुदान योजना की जनपद स्तरीय अनुश्रवण /स्वीकृति समिति की बैठक की। इसमें संबंधित को निर्देशित किया की योजना का उद्देश्य अन्य पिछड़ी जाति के गरीब व्यक्तियों को पुत्री की शादी हेतु 20 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के लिए 804 लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। निराश्रित महिला विधवा तथा दिव्यांग आवेदक को वरीयता प्रदान की जाती है।आवेदक की अधिकतम दो पुत्री को योजना का लाभ दिया जा सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि आवेदक की आय की सीमा एक लाख रुपए तक की कर दी गई है। । उन्होंने कहा कि आवेदक (मात-पिता/ अभिभावक) शादी अनुदान पोर्टल https://shadianudan.upsdc.gov.in पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन प्रक्रिया शुरू करेगा तथा शादी अनुदान पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2024-25 से आवेदक तथा पुत्री जिसकी शादी अनुदान हेतु आवेदन किया जा रहा है दोनों का आधार आधारित ई-केवाईसी कराना होगा तथा मोबाइल नंबर भी आधार से लिंक करना होगा। डीडीओ करुणा पति मिश्र, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुट सिंह सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

पौधारोपण करतीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं समिति के सदस्य। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने किया बढ़चढ़ कर पौधरोपण का आह्वान

औरैया। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया की ओर से सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों को क्लीन व ग्रीन रखने के उद्देश्य से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून से 5100 पौधों के रोपण हेतु जीवनधारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को समिति द्वारा ककोर मुख्यालय, जिलाधिकारी निवास प्रांगण में स्थित राम जानकी मंदिर के पास जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने चंदन, मधु कामिनी, अशोक-सीता, रुद्राक्ष आदि पौधे रोपे। पौधों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी सुरक्षा कर्मचारियों को सौंपी गई। जिलाधिकारी ने प्रकृति के श्रृंगार के लिए लोगों से बढ़-चढ़कर पधारोपण करने की अपील की। पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरु), राजकुमार, समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

- प्रति वर्ष एक लाख रुपये की आय वाले परिवारों को दिया जाएगा योजना का लाभ

जगन्नाथ शोभायात्रा को दिखाएंगी झंडी

समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति, औरैया की महिला शाखा तुलसी "सखी ग्रुप" द्वारा 7 जुलाई को प्रभु जगन्नाथ जी की विशाल शोभायात्रा दोपहर 3 बजे निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा फूलमती मंदिर से शुरू होकर औरैया शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी। आयोजक मंडल ने बुधवार को ककोर मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया और शोभायात्रा में मुख्य अतिथि हेतु जिलाधिकारी को आमंत्रित किया। जिलाधिकारी ने शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का आश्वासन दिया हैं।

स्वास्थ्य उपकेंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

फफूंद, औरैया । विकासखंड भाग्यनगर जनपद औरैया के ग्राम कोठीपुर में स्वास्थ्य उप केंद्र पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई। ग्राम वासियों को संबोधित करते ग्राम प्रधान अमरेश पांडे ने कहा कि बरसात के मौसम में स्वच्छता बहुत आवश्यक है। संचारी रोग होने का खतरा रहता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को बहुत ही सतर्क रहने की आवश्यकता है ।

स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर से आए अनिल मिश्रा एनएमएस, जमीर अहमद बीसी पीएम, एएनएम अंजू दुबे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल आदि ने संचारी रोगों के बारे में बताते हुए कहा कि कहीं भी जलभराव न होने दें। घर के आसपास गंदगी न होने दें। कोई भी समस्या होने पर स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आने पर नजदीकी स्वास्थ्य उप केंद्र पर स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाएं झोला छाप डॉक्टरों के चक्कर में ना पड़े और नियमित साफ सफाई रखें इस अवसर पर आशा किरण कठेरिया, पंचायत सहायक अल्का एवं समस्त ग्रामवासी पुरुष महिलाएं मौजूद रहे तथा बच्चों को विटामिन ए की खुराक भी पिलाई गई।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

छात्रा को स्मार्ट फोन देते पूर्व चैयरमैन मुकेश भारतीय। अमृत विचार

स्मार्टफोन पाकर खुशी से चहके छात्र-छात्राएं

संवाददाता, फफूंद-औरैया

- पूर्व चैयरमैन मुकेश भारतीय ने वितरित किए स्मार्ट फोन

अमृत विचार। यूपी सरकार की योजना के अंतर्गत कस्बे के श्रीरामकुमार भारतीय ज्ञानदेवी महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे पूर्व चैयरमैन मुकेश भारतीय और दिबियापुर ज्वाइंट्स ग्रुप ऑफ सहेली की पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी सुधा भारतीय ने संयुक्त रूप से 350 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे। फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

बुधवार को फफूंद के दिबियापुर रोड स्थित श्री रामकुमार भारतीय ज्ञान देवी महाविद्यालय में स्नातक पास आउट 700 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पहुंचे 350 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित करते हुए फफूंद नगर पंचायत के पूर्व चैयरमैन मुकेश भारतीय ने कहा कि सरकार शिक्षा को लेकर तमाम योजनाएं चला रही हैं।

पढ़ाई में कोई कोर कसर नहीं रहे इसको लेकर सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्मार्ट फोन का उपयोग पढ़ाई के लिए करें। कार्यक्रम से पूर्व हाथरस हादसे में जान गवाने वाली महिला, पुरुष और बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. सौरभ तिवारी, अनूप कुमार, सिमरन, मिथलेश कुमार, प्रशांत मिश्रा, मनोज यादव, मारूत चंद्र सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

अधिवक्ता ने प्लॉट पर कब्जे का लगाया आरोप

फफूंद, औरैया। कस्बा निवासी एक महिला अधिवक्ता के प्लॉट पर एक व्यक्ति ने कब्जे की साजिश रचते हुए दीवार तोड़कर उसमे गोबर और भूसा भर दिया।अधिवक्ता ने जब विरोध किया तो दबंग ने गाली गलौज करते हुए अधिवक्ता और उसके पिता को मारने की धमकी दी। पीड़ित अधिवक्ता ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को कस्बे के मोहल्ला गोविंदगंज निवासी महिला अधिवक्ता प्रीति ने एसपी चारू निगम को प्रार्थनापत्र देते हुए बताया की आराजी दरगाह फफूंद की गाटा संख्या 830 में उसका प्लॉट है जो सरकारी अभिलेखों में भी दर्ज है। कस्बे के ख्यालीदास आश्रम के पास रहने वाले राजकुमार ने अपने साथियों के साथ आकर अवैध कब्जा करने की नियत से प्लॉट की दीवार तोड़कर वहां भूंसा और घूरा गोबर भर दिया। वह प्लॉट पहुंचीं और इसका विरोध किया तो राजकुमार ने गाली गलौज करते हुए उसे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। बताया की वह अपने मकान में अकेली रहती है उक्त लोग दबंग हैं कभी भी कोई घटना कर सकते हैं जिससे वह और परिवार बहुत भयभीत है। एसपी ने न्याय का भरोसा दिया है।

पांच ग्राम पंचायतों में हुआ सोशल ऑडिट

संवाददाता बिधूना, औरैया

- टीम सदस्यों ने परखी मनरेगा कार्यों की हकीकत

अमृत विचार। मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विधावती सिंह सेंगर के नेतृत्व में विकासखंड अछल्दा की 5 ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट टीमों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के साथ ग्राम सभा की खुली बैठकें कर सोशल ऑडिट का सत्यापन किया गया।

अछल्दा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरचंदपुर हसनपुर अहिरान इटैली जागूपुर जलालपुर फफूंद में मंगलवार को मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर के नेतृत्व में ब्लाक समन्वयक पवन गुप्ता ब्लॉक समन्वयक अभिषेक सिंह राजावत सरोवर कुमार बीआरपी संजय कुमार राजीव सिंह भदौरिया आदि के साथ ही सोशल ऑडिट टीम के सदस्य अर्चना देवी हरगोविंद सिंह शत्रुघ्न सिंह शिशुपाल सिंह सुरेश चंद्र सत्यदेव गुप्ता उमा गुप्ता दीप्ति सिंह राजीव कुमार श्रीप्रकाश हरभान सिंह रूपनारायण अरविंद सिंह राधा देवी आदि सोशल ऑडिट टीमों के सदस्यों द्वारा मनरेगा से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर सोशल ऑडिट किया गया।

इस मौके पर सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें कर ग्रामीणों से मनरेगा से संबंधित कार्यों मनरेगा श्रमिकों के भुगतान व जॉब कार्ड आदि के सत्यापन के साथ विकास कार्यों की पुष्टि की गई। जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर ने कहा कि मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता बनी रहनी चाहिए।

हाथरस सत्संग भगदड़ में औरैया के दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। मंगलवार सुबह जिले से ढाई सौ से अधिक अनुयायियों का जत्था साकार विश्व हरि के सत्संग में शामिल होने के लिए हाथरस के लिए रवाना हुआ था। वहां भगदड़ में दो लोगों की मौत की सूचना से क्षेत्र में खलबली मच गई।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी रामनरेश (65) पुत्र परशुराम सेना से सेवानिवृत्त हैं। वह मूल रूप से मलगवा मंदिर के निवासी हैं। उनके तीन पुत्र हैं। बड़ा पुत्र प्रदीप, मनमोहन और संदीप हैं। घर पर वह अपनी पत्नी राम दर्शनी और पुत्र वधुओं के साथ रहते हैं।

मंगलवार की सुबह वह लोगों के साथ साकार विश्व हरि के सत्संग में शामिल होने के लिए हाथरस जनपद गए थे। शाम 5:00 बजे साथियों ने भगदड़ के दौरान उनकी मौत की खबर परिजनों को दी। परिजनों के अनुसार वह हमेशा सत्संग में जाते थे। इसी सत्संग में बीसलपुर निवासी शीला देवी (60) पत्नी मनीराम भी गई हुईं थीं। वह मुख्य सेवादार हैं। परिजनों के मुताबिक उनकी भी भगदड़ में मौत हो गई है। पुत्रों से लेकर परिवारी जनों का हाल बेहाल रहा। हाथरस में होने वाले सत्संग में शामिल होने के लिए ढाई सौ लोग गए थे। वहीं लोग वहा गए परिजनों से बात करने का प्रयास कर रहे हैं।

राम नरेश।

शीला।

- मंगलवार को गया था ढाई सौ अनुयायियों का जत्था

हादसे में दिवंगत भक्तों को दी गई श्रद्धांजलि

बिधूना,औरैया। नारायण साकार विश्व हरि के नाम से प्रसिद्ध भोले बाबा के सत्संग कार्यक्रम में बीते मंगलवार को मची भगदड़ के दौरान 116 भक्तों की हुई मौत को लेकर औरैया में भी लोग गमजदा दिखे। बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन बिधूना में बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की मौजूदगी में तहसील अधिवक्ता बार हाल में हाथरस की दुर्घटना में दिवंगत हुए भक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शोक में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री शमीम अख्तर यादवेंद्र शरण त्रिवेदी, जितेन सिंह, राकेश चौहान, रविंद्र कुमार, अमरेश सिंह, सदन सिंह, राकेश यादव, नरेंद्र यादव, विनोद सिंह, सत्यभान सिंह, राम मोहन सिंह, रामपाल सिंह, संतोष तिवारी, नवीन तिवारी, विक्रांत सिंह, कुलदीप सिंह, सूरज पाल सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने मुख्यमंत्री से इस दुर्घटना को लेकर जिम्मेदार अधिकारयों आयोजकों की जांच कराकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

सार-संक्षेप

संवेदनशील गांवों का निरीक्षण करते लेफ्टिनेंट कर्नल एएस चौहान व उनकी टीम।

सेना के अधिकारियों ने किया संवेदनशील गांवों का निरीक्षण

औरैया। एडीएम महेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में सेना के अफसरों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में बाढ़ के प्रभावों के न्यूनीकरण तथा बाढ़ के समय त्वरित कार्यवाही करने के विषय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ न्यूनीकरण तथा आपदा की स्थिति में किस तरह सेना की मदद से बचाव कार्य किए जाएंगे विषय पर चर्चा की गई। इसके बाद लेफ्टिनेंट कर्नल एएस चौहान व उनकी नौ सदस्यीय टीम व आपदा विशेषज्ञ के साथ बाढ़ संवेदनशील ग्राम अस्ता, जुहीखा, सिकरोडी का निरीक्षण किया तथा वहां की महत्वपूर्ण जानकारियों को संग्रहण भी किया ।

प्रधानाचार्य के साथ पोस्टर लिए छात्र-छात्राएं।

पोस्टर बनाकर जगाई स्वच्छता की अलख

औरैया। स्वच्छ भारत अभियान के एक हिस्से के रूप में 1 से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। इसके अंतर्गत गेल कंप्रेशर स्टेशन द्वारा गैल डीएवी मॉडल स्कूल, दिबियापुर में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 3 से 5 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और चित्रों के माध्यम से स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने अपने आसपास साफ सफाई बनाए रखने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

सीडीओ को स्मृति चिह्न देते प्रधान अमरेश पांडे एवं मोहित सिकरवार।

मुख्य विकास अधिकारी को दी भावभीनी विदाई

ककोर । मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह का स्थानांतरण प्रयागराज में होने से शुभचिंतकों में मायूसी छा गई। मुख्य विकास अधिकारी अपने अच्छे व्यवहार के कारण लोगों के दिलों पर छा गए थे। उन्होंने गरीब जनता एवं सभी का हर तरीके से ध्यान दिया।आए हुए लोगों का सम्मान किया। अधिकारी वर्ग भी उन्हें आशा भरी नजरो से देखते थे। बुधवार को विकास भवन में विदाई समारोह आयोजित किया गया ।जिसमे दो दर्जन से अधिक प्रधान ने नम आंखों से विदाई दी ।मुख्य विकास अधिकारी के व्यवहार से सभी प्रसन्न रहते थे ।हमेशा अपनापन महसूस रहता था। आज सभी उदास दिखाई दे रहे थे। इस अवसर पर प्रधान मोहित सिकरवार, अमरेश पांडे, इंद्रपाल सिंह, नीरज चौहान, सुनील यादव आदि मौजूद रहे।

पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्म श्री के लिए आवेदन 5 अगस्त तक

औरैया। जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए बताया है कि गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर पद्म पुरस्कारों अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री हेतु योग्य व्यक्तियों का नामांकन पोर्टल http:// Awards.gov.in पर किया जाना है। यह पुरस्कार बिना जाति, व्यवसाय, स्थिति या लिंग के भेदभाव के विशिष्ट कार्यों, कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि सभी क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन 05 अगस्त तक तिथि निर्धारित है।

सेतु निर्माण के लिए सर्वे शुरू, जाम से मिलेगी राहत

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

अमृत विचार। कस्बा में आए दिन जाम लगने की स्थिति बनी रहती थी। वही 13-बी पर जाम लगने से एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित हो जाती थीं। जिससे अछल्दा-बिधूना मार्ग पर को सर्वे का काम शुरू हो गया। पूर्वी केबिन के पास भी सर्वे कराया गया है। ओवरब्रिज बनने से तमाम लोगों फायदा होगा ।

कई सालों के इंतजार के बाद कस्बे में बुधवार को सेतु निगम ने सर्वे का काम शुरु करा दिया । वहीं सेतु निमार्ण इकाई फरुखाबाद सर्वेश त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे की टीम के साथ सर्वे किया जा रहा है। यहां पर सर्वे दो जगह के लिए हो रहा है । एक सर्वे आदर्श स्कूल इंटर नेशनल से शुरु 13-बी क्रॉसिंग होते हुए वही दूसरी ओर पूर्वी केबिन से कस्बे के बाहर बाईपास इनायतपुर गांव से होते हुए पोल संख्या 1116/17 पर थना का पूर्वा होते हुए बिधूना सड़क पर जोड़ दिया जाएगा। डेढ़ किलोमीटर का सेतु बनाया जाएगा। इस क्रॉसिंग पर दोनों तरफ लंबा जाम लग जाता था और करीब घंटो एम्बुलेंस को भी जाम से जूझना पड़ता था। जिससे आउटर पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों को प्रभावित होने पड़ता था। सेतु निमार्ण में सर्वे होने से कस्बे में हलचल सी पैदा हो गई सेतु बनने के बाद कस्बे में जाम से निजात मिलेगा। सर्वे के बाद काम शुरू होने की उम्मीद है।

सर्वे करते सेतु निगम के कर्मी। अमृत विचार

- नहर बाजार में 800 मीटर का सेतु बनाया जाएगा

अंतिम दिन की कथा में श्रीकृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाया

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव नगला दरयाय में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आखिरी दिन कथावाचक उपदेश चैतन्य ने श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की कथा सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता यही है जब हम बिना कहे पीड़ा को समझ जाएं।

कथा द्वापर युग से जुड़ी है। जब सुदामा अत्यंत गरीबी में समय व्यतीत कर रहे थे। तब उनकी पत्नी ने उनको कृष्ण जी से मिलने का सुझाव दिया और सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने गए तो भेंट स्वरूप एक कपडे में चावल बांध कर ले गए। श्रीकृष्ण के बचपन के घनिष्ठ मित्र सुदामा उनसे मिलने द्वारिका नगरी पहुंच जाते हैं।

महल में द्वारपाल से संदेश भिजवाते हैं, तो कृष्ण जी नंगे पैर दौड़े हुए द्वार पर आते हैं और सुदामा की हालत देखकर उन्हें गले लगा कर रोने लगते हैं। कथावाचक ने बताया कि कल हवन पूजन के बाद भंडारे का कार्यक्रम होगा।

सतर्कता सीओ ने पीस कमेटी की बैठक में त्योहारों को लेकर दिए निर्देश , लोगों से शांति बनाए रखने की अपील

ताजियों की ऊंचाई निर्धारित रहेगी, नहीं होगी तलवारबाजी

संवाददाता, बिधूना-औरैया

अमृत विचार। बुधवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक में मुस्लिम समाज के हाफिज आदि जिम्मेदार लोगों के अलावा क्षेत्र के लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र सोलंकी ने मुस्लिम समाज के लोगों से मोहर्रम को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में कुल 13 ताजिये निकाले जाएंगे जिसमें एक ताजिया रुरुगंज में तथा 12 बिधूना कस्बे में निकाले जाएंगे। बिधूना में आठ ताजिए पंचायती इंतजामिया कमेटी की देखरेख में जबकि चार नई मस्जिद से निकाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग ताजियों की अनुमति अवश्य ले लें। उन्होंने पूर्व की भांति ताजियों की ऊंचाई निर्धारित रखने के साथ रात्रि में अखाड़े बाजी के दौरान तलवारबाजी न किए जाने को कहा। उन्होंने पूर्व की भांति निर्धारित रोड पर ही ताजिए निकाले जाने को कहा। यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कोई नयी परंपरा शुरू नहीं की जाएगी।

कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र सोलंकी ने कहा कि सभी लोग गाइडलाइन का पालन करें। यदि कोई समस्या है तो उसके लिए वह तत्काल सीधे तौर पर कोतवाली पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

बैठक में हाफिज मोहम्मद आजाद, हाफिज मोहम्मद, मोहसिन राजा, सानू मिर्जा, मोहम्मद युसूफ, अब्बास अहमद, मोहम्मद सलीम कुरैशी, मोहम्मद नाजिर, अहमद राजा, मोहम्मद आफताब आदि मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। जिन्होंने अधिकारियों को गाइडलाइन का पालन करते हुए ताजिया निकालने का आश्वासन दिया।

पीस कमेटी की बैठक लेते सीओ अशोक कुमार। अमृत विचार

पीस कमेटी की बैठक करते थाना इंचार्ज विकास जादौन। अमृत विचार

अलग-अलग हो कांवड़ यात्रा मोहर्रम के जुलूस का समय

अछल्दा, औरैया। आगामी मोहर्रम और कांवड यात्रा को लेकर थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक की गई। इसमें थाना इंचार्ज विकास जादौन ने सभी से पर्व शांति से मनाने की अपील की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश सिंह ने कहा कि मोहर्रम पर निकाले जाने वाले जुलूस के समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि कांवड यात्री उस रूट पर न हो। कांवड यात्रियों और मोहर्रम के जुलूस का समय अलग-अलग होना चाहिए। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने कहा कि कोई भी नई परंपरा डालने का प्रयास न करें। ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना इंचार्ज विकास जादौन ने कहा कि कहीं पर कोई समस्या है तो सूचना पुलिस को देकर सहयोग करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार व कस्बा के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

एक नजर

राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भेजे गए आठ शिक्षक

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय मेडिकल कॉलेजों के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत चयनित आठ शिक्षकों को कॉलेज ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक (डीजीएमई) किंजल सिंह ने बुधवार को चयनित शिक्षकों को संबन्धित कॉलेज में ज्वाइन करने के निर्देश जारी किए हैं। इन शिक्षकों में आब्स एंड गायनी विभाग में स्टेटिस्टिक एंड डेमोग्राफी विशेषज्ञ तीन शिक्षक हैं, इसके अलावा एनाटॉमी विभाग में दो, बायोकैमेस्ट्री विभाग में केमिस्ट (फार्माकोलॉजी) में एक, कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के दो शिक्षक बतौर एसिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर ज्वाइन करेंगे। नवचयनित शिक्षकों को प्राइवेट प्रैक्टिस प्रतिबन्धित होने के साथ ही अन्य निर्देश की जानकारी दी गई है। मालूम हो कि मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती के लिए गत वर्ष अगस्त में लोकसेवा अयोग द्वारा सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी।

प्रदूषित शहरों में क्रेडिट कार्ड के बराबर रक्त में घुला माइक्रोप्लास्टिक

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : देश के प्रदूषित शहरों में जीवों के रक्त में माइक्रोप्लास्टिक क्रेडिट कार्ड के वजन के बराबर पहुंच चुकी है। हालात ऐसे ही रहे, तो दो से ढाई दशक बाद लोगों को साफ पानी और सांस लेने के लिए लंबा संघर्ष तय करना पड़ सकता है। यह जानकारी बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विशेषज्ञ प्रोफेसर नवीन अरोड़ा ने दी है।

पर्यावरण संतुलन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय से शोध कर रहे प्रोफेसर नवीन अरोड़ा ने बताया कि कि अंतरराष्ट्रीय डाटा के अनुसार, देश में केवल 23 फीसद ही प्लास्टिक रीसाइक्लिंग हो पा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता की विफलता को दर्शा रहा है। ऐसे में शेष प्लास्टिक के सूक्ष्म कण के रूप में तेजी से हवा और पानी के सहारे शरीर में प्रवेश कर रक्त में घुल रहे हैं। ये उन स्थानों पर अधिक है, जहां वायु और जल में प्रदूषण अधिक है। यहां जीवों के शरीर में रक्त के भीतर इनका वजन क्रेडिट कार्ड के बराबर हो चुका है। हालात ऐसे ही रहे, तो 20-25 साल बाद नई पीढ़ियों को जन्म लेते ही कैंसर, लीवर, त्वचा रोग और श्वास संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है।

प्रो. नवीन अरोड़ा

डॉ. अंजू वार्ष्णेय

डॉ. वेंकटेश दत्ता

प्रदेश में कचरा प्रबंधन की स्थिति

पेयजल और स्वच्छता विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के 97,640 गांव में 8.83 प्रतिशत ही प्लास्टिक कचरा प्रबंधित किया जा सका है। अन्य गांव की नालियों और कूड़े के ढेरों में अपनी जगह बना चुका है। देश में प्लास्टिक कचरा उत्सर्जन में प्रदेश महज पांच प्रतिशत है।

उत्पादन में लगे रोक आमजन आगे आएं

एक पहल मुस्कुराहट की संस्थापक डॉ. अंजू वार्ष्णेय का कहना है कि प्लास्टिक पर रोक लगानी है तो उत्पादन कर रही कंपनियों पर प्रतिबंध लगाना होगा। प्लास्टिक के नुकसान से बचने के लिए आमजन को आगे आना होगा। इसके लिए प्लास्टिक की जगह कपड़े और कागज के थैलों का उपयोग कारगर है।

शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) की स्थिति

जनपद का नाम	स्थिति	एक्यूआई	पीएम 2.5
आगरा	खराब	116	76
बहराइच	बेहतर नहीं	72	22
इटावा	खराब	134	49
फैजाबाद	बेहतर नहीं	93	38
गाजियाबाद	बेहतर नहीं	98	34
गोरखपुर	बेहतर नहीं	77	24
कानपुर	बेहतर नहीं	71	22
लखनऊ	खराब	108	41
मुरादाबाद	बेहतर नहीं	86	30
पीलीभीत	बेहतर नहीं	57	15
रामपुर	बेहतर नहीं	66	19
शाहजहांपुर	बेहतर नहीं	57	15
सीतापुर	बेहतर नहीं	89	30

नदियों को दूषित कर रहे अपशिष्ट

शासन द्वारा बनी गंगा समिति के सदस्य और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेंकटेश दत्ता ने बताया है कि आवास और शहरी मामले की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में रोजाना 26 हजार टन से अधिक प्लास्टिक युक्त कचरे का उत्पन्न हो रहा है। जिसमें से 9400 टीडीपी अग्रसारित होकर जल धाराओं और भूजल संसाधनों को प्रदूषित कर रहा है। इसका सीधा असर जलीय जंतु और पौधों पर पड़ने लगा है।

आलू का बाजार भाव स्थिर रहे जमाखोरों पर कार्रवाई होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ उद्यान मंत्री ने फतेहपुर, रायबरेली और कौशाम्बी में निजी शीतगृहों का किया निरीक्षण

अमृत विचार: उद्यान राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सभी उद्यान अधिकारियों एवं उद्यान उप निदेशकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित निजी शीतगृहों का नियमित निरीक्षण कर बिचौलियों द्वारा आलू की जमाखोरी (डम्पिंग) को नियंत्रित करें।

साथ ही शीतगृहों से आलू की पर्याप्त निकासी और मण्डियों में इसकी सतत आवक सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाये, जिससे प्रदेश के बाहर अन्य प्रदेशों में आलू की आपूर्ति के नाम पर खरीद फरोक्त पर अंकुश लगाया जा सके। जमा खोरी करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ संबंधित शीतगृह स्वामी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

उद्यान मंत्री ने बुधवार को फतेहपुर, रायबरेली और कौशाम्बी में संचालित निजी शीतगृहों का स्थलीय औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शीतगृह स्वामी एवं प्रबन्धकों से कहा कि मण्डियों में आलू की आवक और इसके बाजार भाव पर नियमित नियंत्रण आवश्यक है। इसके लिए शीतगृहों से आलू की निकासी को सुनिश्चित करना और मण्डियों में इसकी सतत आपूर्ति बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि आलू का बाजार भाव स्थिर रहे, इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। किसी भी हाल में किसानों एवं उपभोक्ताओं का अहित नहीं होने दिया जायेगा।

अभिभावक गंवाने वाले बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लेगी सरकार

घायलों का हाल जानने और घटना को समझने हाथरस पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ जहां पढ़ रहे हैं वहीं व्यवस्था करेगी सरकार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हाथरस की भगदड़ में जो निर्दोष लोग शिकार हुए हैं उनके बच्चों को हम लोग उप्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पढ़ाई की व्यवस्था कराएंगे। वो जिन भी स्कूलों या संस्था में पढ़ रहे होंगे, व्यवस्था राज्य सरकार करेगी।

बुधवार को घायलों का हाल जानने और घटना को समझने हाथरस पहुंचे मुख्यमंत्री ने स्थानीय मीडिया से बात की। उन्होंने जानकारी दी कि, मैंने आज हाथरस में और सिकंदराराऊ के घटनास्थल का भी दौरा किया। हालांकि, काफी बारिश थी, लेकिन इसके बावजूद वहां जाकर के हादसे के कारणों की प्रारंभिक व्यवस्था को देखने का प्रयास किया। हमारे तीन मंत्री और मुख्य सचिव व डीजीपी यहां हादसे के बाद से ही कैंप कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण भी यहां पर कैंप करते हुए इस घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

मीडियाकर्मियों से बात करते मुख्यमंत्री योगी साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

घटना को लेकर की समीक्षा बैठक

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस पुलिस मुख्यालय में पूरे घटनाक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें घटना से जुड़ी एक-एक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्हें पूरे क्षेत्र के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होंने पूरी घटना को लेकर पुलिस की ओर से प्रस्तुतिकरण को भी देखा और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान योगी के साथ मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, असीम अरुण, संदीप सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार समेत अन्य अधिकारीगण और स्थानीय विधायक शामिल रहे।

राजनीति करना विपक्ष की प्रवृत्ति

लखनऊ। विपक्षी नेताओं द्वारा हादसे पर आ रही सरकार विरोधी प्रतिक्रियाओं को लेकर योगी ने कहा कि कुछ लोगों की यह प्रवृत्ति होती है कि इस प्रकार की दुखद और दर्दनाक घटनाओं में भी वो राजनीति ढूढ़ते हैं। ऐसे लोगों की फितरत है चोरी भी और सीनाजोरी भी। यह हर व्यक्ति जानता है कि कथावाचक सज्जन के फोटो किसके साथ हैं। उनके राजनीतिक संबंध किसके साथ जुड़े हुए हैं। आपने देखा होगा कि पिछले दिनों रैलियों के दौरान इस तरह की भगदड़ कहां मचती थी और कौन उसके पीछे थे। मुझे लगता है कि इन सबकी तह में जाना आवश्यक है।

तय परीक्षा शुल्क से अधिक नहीं ले सकते स्कूल

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : निजी विद्यालय बोर्ड की ओर से निर्धारित से अधिक परीक्षा शुल्क से नहीं ले सकते। ऐसा करने पर उस विद्यालय प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल की मान्यता भी निरस्त की जा सकती है। यह बात माध्यमिक शिक्षा परिषद में सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद भगवती सिंह ने अमृत विचार से खास बातचीत में कही।

उन्होंने कहा अभिभावकों से यदि ज्यादा शुल्क की मांग होती है तो वह सीधे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बोर्ड की ओर से निर्धारित परीक्षा शुल्क का पूरा विवरण बोर्ड की वेबसाइट www.upmsp.edu.inपर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी ध्यान रखना होगा कि निजी स्कूल मनमानी न कर सकें।

पदभार ग्रहण करने के दौरान पूर्व सचिव के साथ नवनियुक्त सचिव भगवती सिंह।

अमृत विचार
खास बातचीत

▸▸ प्रबंधक पर होगी कार्रवाई, स्कूल की मान्यता भी हो सकती है निरस्त : भगवती सिंह

500 का 5 हजार रुपये वसूलते हैं निजी स्कूल

निजी विद्यालय बोर्ड की ओर से निर्धारित शुल्क से 10 गुना अधिक परीक्षा शुल्क वसूलते हैं। सत्र 2024-25 में परीक्षा शुल्क हाईस्कूल के लिए 500 से 700 रुपये और इंटरमीडिएट के लिए 600 से 800 रुपये है।

1500 रुपये तक वसूला जाता है टीसी शुल्क

निजी विद्यालय टीसी का शुल्क भी 1000 से 1500 रुपये तक वसूल रहे हैं। जबकि बोर्ड में टीसी का शुल्क 100 रुपये ही निर्धारित है। टीसी पर काउंटर हस्ताक्षर के नाम पर ये शुल्क वसूला जाता है। जिसकी कई बार शिकायत भी हो चुकी है।

10वीं का परीक्षा शुल्क

संस्थागत 500.75 रुपये
क्रेडिट सिस्टम 200.70 रुपये
व्यक्तिगत 706 रुपये
क्रेडिट सिस्टम 306 रुपये
अतिरिक्त विषय 206 रुपये

12वीं का परीक्षा शुल्क

संस्थागत 600.75 रुपये
व्यावसायिक 600.75 रुपये
व्यावसायिक अनुत्तीर्ण 806 रुपये
अतिरिक्त विषय 206 रुपये

स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को निःशुल्क यात्रा करायेगा परिवहन निगम

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से संचालित बसों में लोकतंत्र सेनानियों के पात्र आश्रितों के लिए निःशुल्क यात्रा अनुमन्य कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम 2016 के तहत यह व्यवस्था थी कि लोकतंत्र सेनानियों की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारियों को परिवहन निगम की ओर से निःशुल्क यात्रा करायेगी। इस संबंध में अलग से किसी शासनादेश किये जाने का औचित्य नहीं है। आगे परिवहन मंत्री ने बताया कि लोकतंत्र सेनानियों की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारियों को जिलाधिकारी की ओर से जारी परिचय पत्र के आधार पर पात्र आश्रित को निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था रहेगी।

सहारा इंडिया ग्रुप के छह ठिकानों पर छापे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सहारा इंडिया समूह के लखनऊ और कोलकाता स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई समूह की कोलकाता स्थित चिटफंड सोसायटी हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में की गई। कार्रवाई में ईडी के 80 अधिकारी और कार्मिक शामिल रहे। इस दौरान भवन में मौजूद समस्त सहारा कर्मियों के फोन भी जमा करा लिए गए।

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई ईडी की कोलकाता इकाई ने लखनऊ इकाई के अधिकारियों की सहायता से की। बताते चलें कि पिछले कई वर्षों के दौरान सोसायटी द्वारा भोले-भाले निवेशकों से कथित तौर पर 25,000 करोड़ रुपये एकत्र किए गए और कथित तौर पर इस पैसे को डायवर्ट किया गया। निवेशकों का पैसा वापस न करने की कई शिकायतों के बाद ईडी ने मामले की जांच शुरू की है। सहारा समूह के निवेशकों का पैसा वापस करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पहल में हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के साथ-साथ लखनऊ स्थित सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी और भोपाल स्थित सहारायन यूनिवर्सल मल्टी-पर्पज सोसाइटी लिमिटेड भी शामिल हैं। विस्तृत जानकारी देते हुए

▸▸ प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने की कार्रवाई

▸▸ कार्रवाई के दौरान सहारा कर्मियों के फोन किए जब्त

टीम में शामिल थे 80 सदस्य

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों समेत 80 से अधिक लोगों वाली ईडी टीम ने सुबह आठ बजे से लखनऊ के कपूरथला चौराहे पर सहारा के कॉरपोरेट कार्यालय में तलाशी की कार्यवाही शुरू की। उन्होंने बताया कि कार्यालय में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है और कार्यालय में मौजूद कुछ कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं, क्योंकि वे कार्यालय में तलाशी की सूचना मिलने के बाद अपने वरिष्ठ अधिकारियों को फोन करने लगे थे। उन्होंने बताया कि ईडी टीम ने इन सोसायटियों से जुड़े कई दस्तावेजों को स्कैन किया और आगे की जांच के लिए कुछ दस्तावेजों को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि लखनऊ और कोलकाता के पांच अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि इस सोसायटी में 15 विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवेशक हैं और देश भर में इसके करीब 3500 केंद्र और 75 प्रशासनिक कार्यालय हैं।

200 बसों के चार्जिंग प्वाइंट और पार्किंग के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू

अमृत विचार, लखनऊ: प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के रोडवेज बसों से पहुंचने का अनुमान है। इन श्रद्धालुओं को कुंभ नगरी तक लाने और वापस घर पहुंचाने के लिए उप्र. रोडवेज 7550 बसों का संचालन करेगा। राज्य के 19 रोडवेज परिक्षेत्र के 112 डिपो के 75 जिला मुख्यालयों से ये बसें चलाई जाएंगी। इनके लिए 9 अस्थाई बस स्टेशन का निर्माण शहर में किया जा रहा है ताकि शहर के अंदर जाम की स्थिति न बने और भीड़ की वजह से बसों का संचालन भी प्रभावित न हो।

इनके निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अस्थाई बस स्टेशन के अलावा नगरीय परिवहन सेवा की 200 इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग पॉइंट बनाने के लिए तीन स्थानों पर भूमि का अधिगृहण किया जा रहा है। जिन तीन स्थानों को इसके लिए चुना गया है उसमें फाफामऊ, त्रिवेणीपुरम गेट और नेहरू पार्क शामिल हैं।

उप्र. रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी बताते हैं कि महाकुंभ में कुंभ मेला क्षेत्र में 550 शटल बसों का भी संचालन होगा जो शहर और मेला क्षेत्र में संचालित होंगी।

वर्ग पहेली-120

बाएं से दाएं

3.1. नज़रबंद होने की स्थिति 2. इंद्रजाल

5.1. पीला रंग 2. वृक्ष की छाल 3. चंपक 4. कनेर 5. केसर 6. पुष्पराज 7. इंद्र 8. गरुड़ 9. मिश्रित या उपधातु जिससे घंटे बनाए जाते हैं 10. दीप 11. मेंढक 12. चकवा, चक्रवाक पक्षी 13. हरताल 14. कुसुम 15. पीला मूंगा 16. पीला खस।

6.1. किसी घटना या बात की दबी हुई चर्चा, अस्पष्ट चर्चा, कानाफूसी 2. उड़ती हुई ख़बर 3. टोह।

ऊपर से नीचे

1.1. षड्यंत्र, छल 2. किसी को संकट में डालने के लिए बनाई जाने वाली योजना 3. किसी को हानि पहुंचाने के लिए होने वाली गुप्त कार्यवाही, (प्लॉट)।

2.1. वक्ता, बोलने वाला 2. मुकदमा दायर करने वाला 3. फ़रियादी 4. किसी वाद से संबंध रखने वाला।

3.1. उमदा या नफ़ीस होने की अवस्था या भाव 2. मृदुलता, कोमलता 3. सुंदरता, अच्छाई 4. स्वच्छता, सफ़ाई 5. निर्मलता।

4.1. काला सेमल 2. सफ़ेद सहिजन 3. करंज का वृक्ष 4. गोरोचन।

5. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य, मायके के लोग।

6. जिसे सुख मिल रहा हो, सुखयुक्त, सुखपूर्ण, प्रसन्न, ख़ुशहाल।



वर्ग पहेली -119 का हल

1 म	नो	नि	यो	ग	
न					2 सौं
शा		3 तुं			फी
	4 रं	ग	रे	ज़ी	
5 प		ता			6 क
र					त
जा		7 खँ	गा	ल	ना

सुडोकू-33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6				4		8		
2				1			7	
5		8	2			1		
9			5			7		8
	1		9		4		6	
4		2			6			3
		6			3	2		7
	9			7				1
		5		6				4

सुडोकू-32 का हल

1	8	7	4	3	5	2	9	6
4	2	9	8	6	1	3	5	7
3	5	6	7	2	9	4	8	1
5	4	3	1	7	2	9	6	8
8	9	1	3	5	6	7	2	4
7	6	2	9	8	4	5	1	3
9	3	4	2	1	8	6	7	5
6	7	8	5	9	3	1	4	2
2	1	5	6	4	7	8	3	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 05.54 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 5 जुलाई 04.57 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 05 जुलाई 03.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज बिजनेस में आपको अपनी योजनाओं के समय रहते सुध-बुध लेनी होगी, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आप अपने भविष्य को लेकर कुछ निवेश कर सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएगा।

वृष — आज आप किसी बात को लेकर तनाव रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। मन में उलझन रहने के कारण कुछ विचलित रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोग कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें, नहीं तो समस्या हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

मिथुन — आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के होने के योग बनते दिख रहे हैं। यदि आप किसी से कोई वादा करें, तो आप उसे समय रहते पूरा करें।

कर्क — आज आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी काम में मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

सिंह — आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए यदि सोच विचार कर रहे थे तो उसमें विघ्न आ सकता है। आपको परिवार के सदस्यों को किसी पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आपके खर्च बढ़ने से परेशान रहेंगे।

कन्या — आज आपको अपनों के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम करने से आपको पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी, नहीं तो वह आपके साथ कोई धोखा कर सकता है। अपने सहयोगियों से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

तुला — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका मन प्रसन्नता रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

वृश्चिक — आज परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने के कारण आपको मेहनत अधिक करनी होगी। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को साथी की बातों को सुनकर उन पर ध्यान देना होगा।

धनु — आज वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना चाहिए। आपका कोई कानूनी विवाद आपको परेशान करेगा, जिसमें आपको घन खर्च अधिक करना पड़ेगा। बिजनेस में भी आपको नुकसान होने के योग बनते दिख रहे हैं, इसलिए आप बहुत ही सोच विचार कर कदम बढ़ाएं।

मकर — आज का दिन व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपके लिए गए निर्णय बेहतर साबित होंगे। आप संतान के करियर को लेकर चिंतित रहेगे और आपकी वह चिंता भी दूर होगी। अपनी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

कुंभ — आज आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। किसी पुराने वाद विवाद से छुटकारा मिलेगा। आपकी संतान को शारीरिक कष्ट होने के कारण आप परेशान रहेंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोग कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं।

मीन — आज आपको किसी विशेष व्यक्ति के मिलने से अच्छा लाभ मिलने की शुरुआत संभावना है। बिजनेस में आप किसी नई योजना की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोग किसी पार्ट टाइम कार्य को करने की योजना बनाएंगे।

आज की फिल्में

प्लेटफॉर्म
सुबह : 09.00
बादशाह
रात : 09.00

केदारनाथ
सुबह : 10.44
तनु वेड्स मनु रिटर्न्स
रात : 08.00

द डार्क नाईट राइसेस
सुबह : 09.02
क्लैश ऑफ द टाइटंस
रात : 07.10

हम आपके हैं कौन
दोपहर : 12.44
पाथु थाला
रात : 08.00

सनम बेवफा
सुबह : 08.29
जुग जुग जियो
शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.44 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं ना।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

बारिश में भी नहीं रुके मुख्यमंत्री योगी के कदम

सुरक्षाकर्मी छाता लेकर बारिश से करते रहे बचाव, मौके का निरीक्षण करने में जुटे रहे मुख्यमंत्री

संवाददाता, हाथरस

अमृत विचारः लगातार हो रही बारिश के बीच मुख्यमंत्री सिकंदराराऊ घटनास्थल के निरीक्षण से लेकर मृतकों और घायलों के परिजनों से जानकारी लेने तक पैदल ही दौड़ते रहे और उन्हें बारिश से बचने के लिए सुरक्षाकर्मी छाता लेकर लगे रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस की घटना के बाद बुधवार को सिकंदराराऊ पहुंचे। यहां उन्होंने पहले पुलिस लाइन पहुंचकर अधिकारियों से बात की। डीएम, एसपी से घटना की जानकारी ली। मृतकों का विवरण और घायलों की स्थिति जानी। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। फिर वे घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच बारिश होने लगी। कुछ देर के लिए लगा कि मुख्यमंत्री योगी बारिश रुकने का इंतजार करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह बारिश में सीधे घटनास्थल की ओर बढ़े तो सुरक्षाकर्मी उन्हें बारिश से बचाव के लिए छाता लेकर सुरक्षा में जुट गए। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हालांकि, छाते से बारिश से तो बचाव हो रहा था, लेकिन फिसलन भूमि पर मुख्यमंत्री संभल-संभल कर कदम रखने की कोशिश कर रहे थे। फिसलन कारण ही यहां मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ था।

हाथरस में मंगलवार को हुई भगदड़ स्थल का निरीक्षण करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

सिकंदराराऊ में रेलवे ने किए व्यापक इंतजाम, ट्रेनों का होगा विशेष ठहराव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचारः हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में सत्संग के बाद हुए हादसे के बाद रेलवे ने भी अलर्ट जारी किया है। कासगंज से चिकित्सकों का दल निगरानी में लगा है। कासगंज रेलवे जंक्शन पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। सिकंदराराऊ स्टेशन पर सुपरफास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनों का विशेष ठहराव सुनिश्चित किया है। भीड़ के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे ने ये निर्णय लिया है।

कासगंज-मथुरा रेल खंड पर सिकंदराराऊ स्टेशन पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। इस खंड पर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। नियमित के साथ ही विशेष ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव भी हो रहा है। यहां पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने के साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती हुई है। यात्रियों की सुविधा पानी तथा खान-पान की व्यवस्था की गई है।

इस तरह ट्रेनों का होगा ठहराव

- 05414 आगरा फोर्ट–कासगंज सवारी गाड़ी सिकंदराराऊ स्टेशन पर शाम 06.56 बजे पहुंचकर 06.04 बजे प्रस्थान करेगी।
- 22922 गोरखपुर–बांद्रा टर्मिनस अन्त्योदय एक्सप्रेस का विशेष ठहराव सिकंदराराऊ स्टेशन पर प्रदान किया गया। यह गाड़ी सिकंदराराऊ स्टेशन पर शाम 08.33
- बजे पहुंचकर 08.37 बजे प्रस्थान करेगी।
- 04816 मऊ–जोधपुर विशेष गाड़ी का विशेष ठहराव सिकंदराराव स्टेशन पर। यह गाड़ी सिकंदराराव स्टेशन पर 09.06 बजे पहुंचकर 09.10 बजे प्रस्थान करेगी।
- 05387 कासगंज–मथुरा अनारक्षित गाड़ी कासगंज से शाम 09.25 बजे चलाई गई है।
- 05346 मथुरा–कासगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी मथुरा से रात 09.00 बजे चलाई गई है।
- 15055 आगरा फोर्ट–रामनगर एक्सप्रेस मथुरा जं. से रात 11.00 बजे चलेगी।
- 05046 राजकोट–लालकुआं विशेष गाड़ी मथुरा जं. से चलाई जाएगी।
- कासगंज से मथुरा के लिए शाम 08.43 बजे एक विशेष रेक चलाई गई है।
- कासगंज से मथुरा तथा वापस कासगंज के लिए एक विशेष रेक चलाई गई है।
- मथुरा से बरेली की तरफ एक मेमू ट्रेन चलाई गई है।

सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेन चलाने एवं विशेष ट्रेनों का ठहराव करने का निर्णय लिया है। उसके तहत समय सारणी जारी कर दी गई है। **–पंकज कुमार सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

घटना स्थल पर बिखरा पड़ा लोगों का सामान। ● एजेंसी

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, दम घुटने से मौत

चिकित्सक बोले- अधिकांश शव की शिनाख्त होने के बाद ले गए परिजन, मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं शामिल

संवाददाता, एटा /हाथरस

अमृत विचारः हाथरस में आयोजित भोले बाबा के सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में हुई मौतों का कारण स्पष्ट हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश लोगों की मौत दम घुटने से हुई हैं।

एटा के जिला अस्पताल में भगदड़ में मारे गए लोगों के शवों को लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा कि लोगों की मौत का प्रमुख कारण दबाव से दम घुटना था। अस्पताल ने एक दिन में सामान्य संख्या से चार गुना अधिक पोस्टमार्टम किए। मंगलवार को भगदड़ के बाद जिला अस्पताल में 27 शव लाए गए। कुल मृतकों की संख्या 121 बताई जा रही है। शवों को एटा और अलीगढ़ सहित आसपास के इलाकों के अस्पतालों में ले जाया गया।एटा के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मोहन तिवारी ने बताया कि यहां लाए गए शवों का पोस्टमार्टम हुआ। कुछ शवों की पहचान हो गई, जबकि कुछ की बाकी है। लगभग सभी की मौत का कारण दबाव से दम घुटना पाया गया है।

उन्होंने कहा कि मरने वालों में अधिकतर 40 से 50 आयु वर्ग की महिलाएं थीं। अस्पताल की स्थिति पर वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि वह जिले में औसतन प्रतिदिन चार से पांच पोस्टमार्टम देखते हैं। मंगलवार को शवों की संख्या औसत से काफी अधिक थी, जिससे अस्पताल कर्मचारियों और अधिकारियों को नियमित समय से अधिक काम करना पड़ा। उपचाराधीन पीड़ितों के बारे में उन्होंने कहा कि यहां चार मरीज लाए गए थे, जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दो अन्य खतरे से बाहर हैं और एक गर्भवती महिला का उपचार चल रहा है, लेकिन उसकी हालत स्थिर है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि एटा सरकारी अस्पताल में लाए गए 27 शवों में से 21 की आधी रात तक पहचान हो गई थी। मरने वालों में ज़्यादातर महिलाएं थीं। शव एक-दूसरे के ऊपर रखे गए।

अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करतीं महिलाएं। ● एजेंसी

हाईकोर्ट में याचिका दायर, सीबीआई जांच की मांग

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पत्र के जरिए जनहित याचिका बुधवार को दायर कर हाथरस में भगदड़ की घटना की सीबीआई से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता गौरव द्विवेदी ने मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को संबोधित अपनी याचिका में लिखा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में सौ से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है और अनेक लोग घायल हुए हैं। इसके लिए जिले के अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका, विशेषज्ञ समिति करे जांच

नई दिल्ली। हाथरस में मची भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर की गई। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में इस घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने के लिए अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में सभी राज्य सरकारों को भी यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए प्रखंड/तहसील से लेकर जिला स्तर तक राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की जानकारी दें। साथ ही धार्मिक या ऐसे अन्य आयोजन के दौरान भगदड़ या अन्य घटनाओं को रोकने को दिशानिर्देश जारी करें, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं।

हादसे रोकने की योजना बनाएं : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाथरस में भगदड़ की घटना में लोगों के मारे जाने पर बुधवार को दुख जताया और सवाल किया कि इस दुखद घटना का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने यह भी कहा कि लीपापोती करने की बजाय सरकार का दायित्व होता है कि कार्रवाई करे और ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अनुमति से तीन गुना ज्यादा भीड़, मौके पर प्रशासन नहीं, भीड़ मैनेजमेंट का इंतजाम नहीं, भीषण गर्मी से बचने का कोई उपाय नहीं, कोई मेडिकल टीम नहीं, घटना के बाद एंबुलेंस नहीं, मदद के लिए फोर्स नहीं, अस्पताल में डॉक्टर और सुविधाएं नहीं... लापरवाहियों की इतनी लंबी लिस्ट लेकिन किसी की कोई जवाबदेही नहीं।

अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करता व्यक्ति। ● एजेंसी

सैंडल उठाने के चक्कर में मौत के आगोश में समा गई प्रियंका

गंजडुंडवारा। मंगलवार को गांव बहोट की प्रियंका अपने माता पिता के साथ पहली बार सत्संग जाने को निकली थी, लेकिन उसे क्या पता था की पहली बार का सत्संग ही उसके लिए काल का कारण बन जाएगा। वह भीड़ के पैरों तले दबी रही। रोती, चीखती, चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने भी उसकी चीख नहीं सुनी। प्रियंका के पिता रामसेवक ने बताया कि सत्संग में पुरुष और महिलाओं के अलग अलग बैठने की व्यवस्था के कारण परिजनों के अलग थे। सत्संग समापन पर रेलवे स्टेशन पर आकर परिजन प्रियंका का इंतजार कर रहे थे कि अचानक सत्संग में भगदड़ की सूचना मिली। सत्संग स्थल पर पहुंचे पर पता चला बेटी प्रियंका हादसे का शिकार हो गई और उसको एटा चिकित्सालय भेज दिया है। वहां पहुंचने पर पता चला की बेटी काल के गाल में समा गई। प्रियंका के साथ गई गांव की बबिता ने बताया कि एक बार प्रियंका गिर गई तो लोगों ने बचा लिया, हम लोग आगे बढ़ रहे थे कि अचानक से उसकी पैर का सैंडल गीली मिट्टी में फंस गया। उसे उठाने के लिए जैसे ही झुकी कि पीछे से आ रही भीड़ उपर से निकल गई। हम लोग भी बिछड़ गए। थोड़ी देर बाद जानकारी हुई कि प्रियंका भी हादसे का शिकार हो गई। शाम को गांव में शव पहुंचा था। एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह और सीओ वीके राना पहुंच गए। उन्होंने हर संभव भरोसा दिलाया।

सत्संग में कासगंज से गए सैकड़ों लोग, 9 की मौत

घटनास्थल पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- गांव में शव पहुंचते ही मृतको के परिवार में मचा कोहराम
- गांव में पसरा सन्नाटा, परिवार में मचा चीत्कार

अमृत विचार : सूट-बूट वाले बाबा साकार विश्व हरि के सत्संग में जिले से सैकड़ों लोग गए थे, जिनमें से मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। आज बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव पहुंचे।

हाथरस जिले के तहसील सिकंदराऊ क्षेत्र के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में भोले बाबा का मंगलवार को सत्संग था, जिसमें ढाई लाख लोग शामिल हुए थे। सत्संग सुनने के लिए जिले से सात सैकड़ा से अधिक महिला पुरुष पहुंचे थे। जिनमें से जिले के एक मासूम सहित नौ लोगों की कुचले जाने से मौत हो गई, 10 लोग घायल हो गए। दो लोगों को कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

तीन का इलाज एटा में चल रहा है, जबकि पांच अलीगढ़ में भर्ती है। मौत की खबर कासगंज में आते ही परिजन अपनो की तलाश में संपर्क करने लगे। वह शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए और शवों में अपनों की तलाश की। इनके शव बुधवार सुबह गांव पहुंचे।

ये हैं जिले के मृतक

- मीरा देवी (58) पत्नी प्रेम शंकर निवासी गोरहा
- सीमा (38) पत्नी सोनपाल निवासी नगला खजी थाना सोरों
- सोमवती (60) पत्नी सत्य प्रकाश ग्राम प्यारमपुर थाना पटियाली
- रेवती देवी (64) पत्नी छोटेलाल ग्राम प्यारमपुर थाना पटियाली
- प्रियंका (20) पुत्री रामसेवक जाति जाटव निवासी बहोटा
- युवंश (5) पुत्र प्रेम सिंह निवासी नोरथा थाना कोतवाली कासगंज
- मीनू देवी (45) पत्नी मदनपाल सिंह निवासी सलेमपुर पीरौंदा
- मुन्नी देवी (52) पत्नी तोताराम निवासी बलराम थाना ढोलना
- सुदामा (65) पत्नी महावीर सिंह जाति जाटव निवासी सादिकपुर

बाबा करता है दूध से स्नान, अनुयायियों में बांटता है दूध

संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : भोले बाबा को उसके अनुयायी भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं। अगर सेवादारों की मानें तो भोले बाबा दूध से स्नान करता है। स्नान के बाद वह दूध प्रसाद के रूप में अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। उनके साथ रहने वाली महिला सेवादार उसके चमत्कार का प्रसार कर लोगों को उसका अनुयायी बनने के लिए प्रेरित करती है।

भोले बाबा के नाम से विख्यात सूरजपाल जिले की तहसील पटियाली के गांव बहादुरनगर का निवासी है। बाब बनने के बाद वह अपने अनुयायियों के बीच अध्यात्मक गुरु ही नहीं बल्कि विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाने लगा है। शहर में उसका कई बार समागम हुआ। सत्संग के दौरान एक बार हुए साक्षात्कार के लिए उसके अनुयायियों ने एकांत में मुलाकात कराई। मुलाकात के दौरान महिला सेवादार ने बाबा के महिमा का गुणगान किया। उसने बताया कि बाबा दूध से स्नान करता है और प्रसाद के रूप में यह दूध अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। महिला सेवादार ने बाबा की अंगुली की ओर देखने को कहा। आंखें बंद कर एक साथ खोलने की बात कही, लेकिन अंगुली पर कोई चमत्कार दिखाई नहीं दिया। इसी तरह महिला सेवादार ने बाबा के माथे पर मध्य में निहारने को कहा। बाबा के माथे पर मणि जैसी चमक दिखाई देगी, लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। जब सेवादार के दावे का प्रतिरोध किया तो वह चली गई। बाबा ने संदेश दिया कि मानव धर्म सत्य था, सत्य है और सत्य रहेगा। इसके बाद बाबा भी कक्ष से उठकर चला गया।



- महिला सेवादार करती हैं बाबा के चमत्कार का प्रसार
- हाथों में चक्र तो कभी माथे पर दिखाई देती है मणि सी चमक

नौकरी के दौरान दीवारों पर सिर पटकने लगा था सूरजपालः सोनकली

कासगंजअ। सूरजपाल सिंह उर्फ भोले की बहन सोनकली के अनुसार उनका भाई पुलिस में नौकरी करता था, लेकिन नौकरी के दौरान ही वह पागलों जैसी हरकत करने लगा। उस पर कोई ऊपरी शक्ति दिखाने लगी और वह दीवारों पर सिर पटकने लगा था। गांव में जब अमृत विचार की टीम पहुंची तो सोनकली घर पर थीं। उन्होंने पूरा वाक्या सुनाया। कहा कि सूरजपाल उनसे छोटा है, लेकिन उन्हें न अपनी उम्र के बारे में पता है और न ही यह पता है कि सूरजपाल कितनी उम्र का है। बहन ने कहा कि वह नौकरी के दौरान पागलों जैसी हरकत करने लगा। उसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी और दैवीय शक्ति पाने में जुट गया। धीमे-धीमे वह ईश्वर की आराधना करने लगा और भोले बाबा बनने का लक्ष्य तय किया। वह पढ़ी लिखी तो नहीं हैं, लेकिन इतना पता है कि उन्होंने अपनी आंखों से अपने भाई के चमत्कार देखे हैं। उनकी उंगली पर चक्र घूमता देखा है। ऐसा अपनी आंखों से देखकर अचंभित रह गईं। जब उनके पास कोई न कोई शक्ति है तभी तो लोग उनकी पूजा करते हैं और मन्नत मांगते हैं। यदि कोई शक्ति नहीं होती तो लोग क्यों पूजते। हाथरस वाली घटना को लेकर बहन ने कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं यह सब कैसे हुआ है। उनका भाई काफी समय से गांव बहादुर नगर नहीं आया है।

- पागलों की तरह करता था हरकत, बाद में आ गई थी शक्ति
- भोले बाबा के नाम से देश भर में बनाई पहचान

1997 में यौन शोषण में जेल गया था बाबा

बाबा साकार विश्व हरि का जन्म कासगंज के बहादुर नगर में हुआ। वह पुलिस में भर्ती हुआ। बाबा ने इंटेलीजेंट टीम में सेवाएं दी। बाबा के खिलाफ 1997 में यौन शोषण का मुकदमा दर्ज हुआ है। वह जेल भी गया था। बाद में वह साकार विश्व हरि बाबा बनकर सत्संग करने लगा।

23 मई 2023 से नहीं आए हैं पैतृक गांव बाबा

गांव में बाबा का नाम सूरजपाल है। उनकी पत्नी का नाम कटोरी देवी है। सूरजपाल तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। इनसे छोटे भाई रामप्रसाद की मृत्यु हो चुकी है। तीसरे नंबर के भाई का नाम राकेश है। ये गांव में खेती करते हैं। सूरजपाल से बने साकार विश्व हरि बाबा अपने पैतृक गांव में बने आश्रम पर आखिरी बार 23 मई 2023 को आए थे हालांकि उनके आश्रम पर हर मंगलवार को लोगों की भीड़ लगती है।

बाबा की गैर हाजिरी में भी लगती थी भीड़, वहां सन्नाटा

भोले बाबा का मुख्य आश्रम उनके पैतृक गांव पटियाली के गांव बहादुर नगर में है। वहां हमेशा भीड़ रहती है। बाबा आश्रम पर हों तब भीड़ ज्यादा होती है। भोले बाबा की बहन का कहना है कि प्रतिदिन लोग यहां से धूल और पानी ले जाते हैं, जिससे उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, आश्रम में सदैव रौनक रहती थी। हाथरस की घटना के बाद अब वहां सन्नाटा है।

आश्रम के बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

इटावा में दर्ज यौन शोषण का मामला

भोले बाबा उर्फ सूरज पाल जिन दिनों एलआईयू में इटावा में तैनात था। उस दौरान उसके ऊपर यौन शौषण की एफआईआर दर्ज हुई थी। ये बात करीब 1997 के आस पास की है। जब यौन शोषण के इल्जाम की वजह से सूरज पाल उर्फ एसपी सिंह को जेल तक जाना पड़ा था। सिर्फ इतना ही नहीं, बाबा भोले के खिलाफ अब तक पांच मुकदमें दर्ज हो चुके हैं जिनमें से एक -एक केस आगरा, इटावा, कासगंज, फर्रुखाबाद और राजस्थान के दौसा में दर्ज हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि पुलिस में होने के बावजूद जेल जाने के बाद ही एसपी सिंह उर्फ सूरज पाल सिंह जाटव का पुलिस महकमें की नौकरी से मोह भंग हो गया था और उसके बाद वीआरएस ले ली थी। अचानक 1998 में स्वैच्छिक सेवानिवृति यानी वीआरएस लेने के बाद एक रोज बाबा ने ऐलान कर दिया कि परमात्मा के साथ उनका साक्षात्कार हो गया और देखते ही देखते वो बाबा बन गए।

बेटी का शव जिंदा करने का रचा था नाटक

आगरा के जिस मकान की चौखट पर लोग मत्था टेकना अपना सौभाग्य समझ रहे हैं उसी मकान में सूरज पाल सिंह ने बहुत पहले कानून को ठेंगा दिखाने की जुर्रत की थी। 29 साल पहले सूरज पाल सिंह को पुलिस ने इसलिए गिरफ्तार किया था गोद ली हुई बेटी के शव को दो दिन तक रखे रहे थे। जिंदा करने के जतन करने की अफवाह पर पहुंची पुलिस से बाबा ने कहा था कि ये मैं नहीं, मेरे अनुयायी कह रहे हैं। हालांकि, बेटी जिंदा नहीं हुई थी। दो दिन तक शव को घर में यह कहते हुए रखा रहा कि उसे जिंदा किया जा रहा है। इस पर उत्सुकतावश भीड़ जमा हो गई। पुलिस से भोले बाबा ने कहा था कि बेटी को जिंदा कर दूंगा, मेरा ऐसा कहना नहीं है, ये तो लोग मान रहे हैं। यहीं से भोले बाबा चर्चा में आ गए थे। हालांकि, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मल्ल का चबूतरा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार करा दिया था।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	79,986.80	24,286.50
बढ़त	545.35	162.65
प्रतिशत में	0.69	0.67

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 4 जुलाई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 930 फ्लैग 1090 बोल्ड 1140 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–	
गेहूंदड़ा	2400–2410
आरआर 21	2550–2600
गेहूंफ़ारम	2600–2700
जौ	2000 –2100
ज्वार	2000 –4000
बाजरा	2100–2150
मकाई	2200 –2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6300 –6400
अरहर	9000 –10000
मसूर	5500 –5600
मटर	3700 –3800
उड़दहरा	11000 –11500
उड़दकाला	8000 –9000
मूंग	7800 –8000
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	16500–16600
अरहरस्पेशल1	14300–14400
चनादाल	7750–7900
मटरदाल	4700–4800
मसूरमलका	7200–7250
मसूरदाल	7400–7450
उड़ददाल	9000– 13300
उड़द धोवा	10000– 13000
मूँगदाल	8100 –9700
मूँग धोवा	9700–11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 – 2300
बासमती नं.1	8500 – 10000
सेला	2500 – 3000
बासमती नं.2	6500 – 7500
आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1400–1460
मैदा	1380–1460
सूजी	1440–1460
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1380–1450
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5600–5800
अलसी	4500 –4600 रुपये।

भारत में गरीबी घटकर 8.5 प्रतिशत पर आई

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर की ओर जारी शोधपत्र में कही गई बात

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर के एक शोधपत्र में कहा गया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के एक शोधपत्र में भारत मानव विकास सर्वेक्षण (आईएचडीएस) की हाल ही में पूरी हुई तीसरी श्रृंखला के आंकड़ों के साथ पहली और दूसरी श्रृंखला के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया गया है। यह शोधपत्र बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार पर केंद्रित है। शोधपत्र कहता है कि 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई और यह 38.6 प्रतिशत से घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई। महामारी से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद इसमें गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। शोधपत्र के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि और गरीबी की स्थिति में कमी से एक गतिशील परिवेश पैदा होता है जिसके लिए कारगर सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जरूरत होती है। सामाजिक बदलाव की रफ्तार के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को बनाए रखना भारत के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने कुछ महीने पहले कहा था कि नवीनतम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि देश में गरीबी घटकर पांच प्रतिशत रह गई है और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों के पास पैसे आ रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने फरवरी में वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू उपभोग व्यय के आंकड़े जारी करते हुए कहा था कि 2011-12 की तुलना में 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक हो गया है।

भारत पर फिलहाल स्थिरता की समस्या नहीं: पूनम

एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि भारत का सार्वजनिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 82 प्रतिशत के बराबर है, लेकिन उच्च वृद्धि दर तथा भारतीय मुद्रा में ऋण अधिक होने से देश को ऋण स्थिरता की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। एनसीएईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि भारत का उच्च ऋण स्तर फिलहाल सतत है, क्योंकि वास्तविक या नाममात्र जीडीपी अधिक है और अधिकतर कर्ज रुपये में है। गुप्ता ने कहा कि कुल ऋण में से एक तिहाई राज्यों के पास है। सामान्य स्थिति में, अगले पांच वर्षों में उनके ऋण स्तर में और वृद्धि ही होगी। उन्होंने कहा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में ऋण–जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

सोशल मीडिया मंच 'कू' होगा बंद, संस्थापकों ने अलविदा कहा

नई दिल्ली। सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' (अब एक्स) को एक समय टक्कर देने वाला घरेलू सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने 'कड़े फैसलों' के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा और इसे अलविदा कहा। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में मंच के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने घोषणा की कि मंच जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा। कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों और मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के लिए बातचीत से वांछित परिणाम नहीं निकले। उन्होंने लिखा है, हमने कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों तथा मीडिया घरानों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशी, लेकिन इन वार्ताओं से वह परिणाम नहीं निकला जो हम चाहते थे।

अभी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत है, आगे और संभावना

मलिहाबाद में इंडो–जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट प्रोडेक्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **जर्मन राजदूत ने यूरोपीय देशों में लागत कम करने के लिए जलमार्ग से निर्यात का दिया सुझाव**
- **सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग के साथ मलिहाबाद में बागवानों को किया प्रोत्साहित**

अमृत विचार: जर्मनी से मलिहाबादी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत हुई है आगे और यूरोपीय देशों में संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग का खर्च अधिक है, जो कम करने के लिए आम जलमार्ग से प्रोटोकाल के तहत भेजा जाए तो सस्ता पड़ेगा। यह बातें जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन ने बुधवार को मलिहाबाद के आम के बागों का निरीक्षण करते हुए कही।

इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट (एएमडी) प्रोडेक्ट की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन, अतिरिक्त सचिव, कृषि और किसान कल्याण विभाग फैज अहमद किदवई के साथ शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले एएमडी के डिप्टी टीम लीडर प्रत्यूष रंजन, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के उपनिदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला व सहायक निदेशक संजय कुमार के साथ बागों का निरीक्षण किया। एक बाग में मैंगो हारवेस्टर से आम तोड़ा और बागवानों से पैदावार के तरीके, गुणवत्ता, लागत, बिक्री आदि तरीके पूछे। इसके बाद कार्यक्रम में इरादा फार्मर्स प्रड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के 10 बागवान और समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। जिन्होंने पहली बार 14 जून को जर्मनी आम का विश्वस्तरीय ग्लोब गैप सर्टिफिकेट लेकर निर्यात किया था।

इसके बाद डॉ. फिलिप एकरमैन ने अधिकारियों के साथ निर्यात पर चर्चा की। कहा जर्मनी से निर्यात की शुरुआत हुई है। यूरोपीय देशों में आगे और संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग से जो आम गया वह 600 रुपये किलो पड़ा। वायुमार्ग में खर्च अधिक है इसे कम करने के लिए जलमार्ग से प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भेजा जाए तो दाम कम होंगे। अधिकारियों ने इस सुझाव पर सहमति जताई। इस दौरान खाद्य और कृषि विभाग की प्रमुख काउंसलर इंगेबोर्ग बेयर और जर्मन दूतावास नई दिल्ली के प्रवक्ता कैस्पर मेयर भी रहे।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	92,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,200
गिन्नी (प्रति नग)	55,300–55,500
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,350
सोना जेवरात गिन्नी	71,350
चांदी पक्की	887 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,750
चांदी आभूषण	91,000।

जीएसटी परिषद के संशोधनों को वित्त विधेयक में शामिल किया जाएगा

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि पिछले महीने जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को इस महीने के अंत में बजट के साथ संसद में पेश किए जाने वाले वित्त विधेयक में जगह दी जाएगी। अग्रवाल ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर एनएसीआईएन-भोपाल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में कुछ वस्तुओं और सेवाओं पर दर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।

एआई को लेकर शीघ्र शुरू होगा मिशन : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के हाल के चुनाव में हुए दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए आज कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन शुरू किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बुधवार को यहां ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में कहा-हाल के आम चुनावों में, हमने देखा है कि गलत सूचना, भ्रामक जानकारी और फर्जी खबरें कितना बड़ा खतरा हो सकती हैं। एआई की शक्ति से यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो केवल हम अनुभव कर रहे हैं, पूरी दुनिया ने इसका अनुभव किया है। हर समाज और सरकार एआई पर आधारित नए जोखिमों के उभरने से एक ही खतरा महसूस कर रही है। सोसायटी बहुत ही व्यवस्थित और सोच-समझकर जवाब दे रहा है।

उन्होंने कहा-जैसा कि हम एआई की क्षमता को देखते हैं, हमें सामूहिक रूप से एक रास्ता निकालने की भी जरूरत है, और हमें प्रौद्योगिकी पर क्या सीमाएं लगाने की जरूरत है, इसे हमारे सामाजिक और लोकतांत्रिक संस्थानों के साथ कैसे ठीक से एकीकृत किया जा सकता है, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। वैष्णव ने इसके बाद आने पर कहा-भारत एआई के लिए वैश्विक भागीदारी की अध्यक्षता कर रहा है। इस पूरे वर्ष में, बहुत सारे कार्यक्रम हुए हैं, जहां एआई की क्षमता और जोखिमों को कम करने के लिए सोसायटी द्वारा उठाए जाने वाले संबंधित तकनीकी-कानूनी कदमों पर विचार-विमर्श किया गया है।

एक नजर

धनशोधन मामले में दो आरोपियों को नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार दो व्यक्तियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमनातुल्ला खान भी कथित रूप से शामिल हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने आरोपियों जीशान हैदर और दाऊद नासिर की जमानत की अर्जियां यह कहते हुए खारिज कर दीं कि धनशोधन के तहत जमानत देने पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर, 2023 में इन दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने एक जुलाई को जारी अपने आदेश में कहा कि जैसा कि आरोप है, अमानतुल्ला खान ने बेनामीदारों हैदर और नासिर के नाम पर अचल संपत्तियां उनके असली दाम को छिपाकर खरीदीं तथा उन्होंने क्रयमूल्य की राशि को भी छिपा लिया जो विक्रेता को नकद में भुगतान की गई।

लद्दाख में 4.4 तीव्रता का आया भूकंप

लेह/जम्मू। लद्दाख में बुधवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण जान–माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 12 बजे मिनट पर आया था।

आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार मौलिक है

सुप्रीम कोर्ट ने जमानत अवधि कम करने के उड़ीसा हाईकोर्ट के आदेश की आलोचना की

नई दिल्ली,एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के उस आदेश को त्रुटिपूर्ण करार दिया है जिसमें स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को दी गई जमानत की अवधि दो महीने के लिए सीमित कर दी गई थी। फैसला सुनाते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार संविधान के अनुसार उसका मौलिक अधिकार है।

पीठ ने शीर्ष अदालत द्वारा पूर्व में पारित एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यह अब पूरी तरह से स्थापित हो चुका है कि त्वरित सुनवाई के अधिकार को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है तथा यह जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से निकटता से जुड़ा हुआ है। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और उज्ज्वल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में एक जमानत अर्जी दायर की थी तथा अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि याचिकाकर्ता 11 मई 2022 से हिरासत में है और अब तक केवल एक गवाह से जिरह हुई है। पीठ ने कहा-इन परिस्थितियों में, उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना उचित समझा, लेकिन केवल दो महीने की अवधि के लिए।'' शीर्ष अदालत ने एक जुलाई के आदेश में कहा-हमारे विचार से, यह एक त्रुटिपूर्ण आदेश है। यदि उच्च न्यायालय का मानना था कि याचिकाकर्ता के त्वरित सुनवाई के अधिकार का हनन हुआ होगा, तो उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना चाहिए था।

कुकी समुदाय के एक व्यक्ति को अस्पताल नहीं ले जाने पर उच्चतम न्यायालय ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर की एक जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी को महज अल्पसंख्यक 'कुकी' समुदाय से संबंधित होने के चलते इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जाने के मामले का बुधवार को कड़ा संज्ञान लिया और नाराजगी जताते हुए कहा कि उसे राज्य (सरकार) पर भरोसा नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने लुनखोंगाम हाओकिप की याचिका पर सुनवाई करते हुए मणिपुर सरकार के खिलाफ सख्त टिप्पणियां कीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसे बवासीर और तपेदिक है एवं उसकी पीठ में भयंकर दर्द है, इसके बाद भी जेल अधिकारी उसे अस्पताल नहीं ले गये। पीठ ने कहा–हमें राज्य पर भरोसा नहीं है।... आरोपी को बस इसलिए अस्पताल नहीं ले जाया गया क्योंकि वह कुकी समुदाय से है। बहुत दुखद। हम निर्देश देते हैं कि उसका अभी मेडिकल परीक्षण कराया जाए।

ड्रेस कोड लागू करने के लिए मुंबई के कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई की मांग

मुंबई। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने छात्रों को जींस और टी-शर्ट पहनने से रोकने के लिए मुंबई के एक कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई करने की बुधवार को मांग की। चेम्बूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एन. जी. आचार्य एंड डी के मराठे कॉलेज ने 27 जून को एक नोटिस जारी कर छात्रों के फटी हुई जींस, टी-शर्ट, गरिमाहीन कपड़े तथा जर्सी या कोई ऐसी पोशाक पहनने पर रोक लगा दी, जो ''धर्म को प्रकट करती हो या सांस्कृतिक असमानता दर्शाती हो। इसमें कहा गया है कि छात्रों को कॉलेज परिसर में शालीन कपड़े पहनने चाहिए। सरनाईक ने विधानसभा में कहा कि कॉलेज द्वारा जारी नोटिस एक तालिबानी फतवा है। उन्होंने कहा कि 70-80 फीसदी से अधिक छात्र जींस और जैकेट पहनते हैं।

केंद्रीय कैबिनेट की समितियों के सदस्यों के नाम का एलान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन किया, जिनमें सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक मामलों से संबंधित देश की सर्वोच्च निर्णायक समितियां शामिल हैं। समितियों में राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार, सुरक्षा मामलों से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हैं। आर्थिक मामला संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। इस समिति में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पंचायती राज एवं मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी शामिल हैं।

मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री, पंचायती राज मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागर विमानन मंत्री किंजारापू राममोहन नायडू, आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओरांव, संसदीय मामलों के मंत्री किरण रीजीजू और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हैं।

गैंगस्टर अबू सलेम ने जेल स्थानांतरण को उच्च न्यायालय में दी चुनौती

मुंबई। गैंगस्टर अबू सलेम ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर एक विशेष अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक केंद्रीय कारागार स्थानांतरित करने की योजना के खिलाफ उसकी अर्जी पिछले महीने खारिज कर दी गई थी। सलेम ने अपनी जान को खतरा होने का दावा करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। उसने दावा किया कि तलोजा जेल से दूसरी जेल में भेजने का फैसला उसे जान से मारने की ''साजिश'' है, क्योंकि उसे कुछ महीनों में रिहा किये जाने की संभावना है। सलेम की याचिका बुधवार को न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आने पर, पीठ ने कोई कारण बताये बिना इसकी सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

संसद को बाधित करने की इजाजत नहीं दी जाएगी : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बुधवार को दो टूक शब्दों में कहा कि विपक्ष को विधिसम्मत ढंग से हर मुद्दे पर चर्चा करने का पूरा पूरा मौका दिया जाएगा लेकिन उसे किसी भी बहाने से संसद को ठप करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं एल. मुरुगन के साथ यहां संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र में सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच टकराव के बारे में एक सवाल के जवाब में रिजिजू ने कहा कि हमने पहले भी कहा है कि हम संविधान, नियमों एवं परंपराओं से बंधे हैं और इन्हीं के आधार पर संसद के दोनों सदन और देश चलाएंगे। उन्होंने कहा, "विपक्ष अगर सकारात्मक भूमिका निभाता है, तो अच्छी बात है। एक दूसरे की बात की आलोचना होती है, तो अच्छी बात है। पर सदन नहीं चलने देंगे, यह नहीं हो सकता। क्योंकि देश की सेवा करनी है, तो संसद को बंद नहीं कर सकते हैं। जबरदस्ती रोकने की कोशिश हो नहीं सकती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा-आपको विपक्ष में हमने नहीं, देश की जनता ने बिठाया है।

तीन नए आपराधिक कानूनों के हिंदी और संस्कृत के शीर्षकों के खिलाफ कोर्ट में याचिका

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार को उस याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें एक जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए केंद्र द्वारा हिंदी और संस्कृत भाषा में नामकरण को संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध घोषित करने का अनुरोध किया गया है। ये तीन अधिनियम हैं-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता। मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने अधिवक्ता बी. रामकुमार आदित्यन द्वारा दायर जनहित याचिका पर आगे की सुनवाई 23 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। याचिका में केंद्र सरकार को तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए अंग्रेजी में नामकरण करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है।

गुरुग्राम में बुधवार को भारी बारिश के बाद दिल्ली–गुरुग्राम एक्सप्रेसवे की जलभराव वाली सर्विस रोड से गुजरते वाहन। ● एजेंसी

जालंधर में कांग्रेस, भाजपा के कई नेता आप में शामिल

जालंधर। पंजाब में जालंधर पश्चिम विधानसभा उपचुनाव से पहले बुधवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि विधान सभा क्षेत्र पश्चिमी जालंधर की जनता आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नहीं होना चाहिये था, लेकिन पिछले विधायक लालची निकले और लोगों को धोखा दिया। आप में शामिल होने वालों में कांग्रेस नेता तरसेम लखोत्रा, अनमोल ग्रोवर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल लोश, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेश मिंटू शामिल हैं।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सिर मुंडवाए

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट यूजी विवाद

- **जंतर-मंतर पर जताया विरोध, नए कानूनों के तहत मामला दर्ज**

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के घटक दलों के छात्र सगठनों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी तथा कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। उधर, कांग्रेस की युवा इकाई भारतीय युवा कांग्रेस ने भी इसी मुद्दे को लेकर अलग से विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने मोदी विरोधी नारे लगाए और विरोध स्वरूप अपने सिर मुंडवाए।

पिछले सप्ताह एनटीए कार्यालय में घुसने और उसके प्रवेश द्वार पर ताला और चेन लगाने के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। बीते एक जुलाई को तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हुए। वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सदस्यों ने मार्च निकाला। छात्र समूहों के मार्च का उद्देश्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को खत्म करने, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रवेश परीक्षाओं के विकेन्द्रीकरण की अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाना था।

इंडिया यूथ फ्रंट 8 को करेगा विरोध प्रदर्शन

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की युवा शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख छात्र समूह इंडिया यूथ फ्रंट ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ 8 जुलाई को जंतर–मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि भारतीय युवा मोर्चा मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा और आगे की रणनीति 8 जुलाई को तय की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट–यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे।

राष्ट्रीय

एक नजर

पुतिन ने उप्र में भगड़द में हुईं मौतों पर संवेदना व्यक्त की

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में एक धार्मिक समागम में हुई भगदड़ में लोगों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया। इस हादसे में 122 लोगों की मौत हुई है। भारत में रूसी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा रूस के राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में हुई दुखद भगदड़ पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शोक संदेश भेजा है कृपया दुखद दुर्घटना पर हार्दिक संवेदना स्वीकार करें।

ऑस्कर विजेता लेखक रॉबर्ट टाउन का निधन

न्यूयॉर्क। चाइनाटाउन फिल्म के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले अमेरिका के जाने माने लेखक एवं फिल्म निर्देशक रॉबर्ट टाउन का लॉस एंजिलिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। रॉबर्ट की प्रचारक कैरी मैक्कलर ने बताया कि टाउन का निधन सोमवार को हुआ। उन्होंने यह नहीं बताया कि टाउन की मौत का क्या कारण था। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित लेखकों में से एक माने जाने वाले टाउन को चाइनाटाउन के लिए ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विरोध प्रदर्शन से संबंधित प्रकरण में इमरान खान बरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अयोग्य घोषित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन से संबंधित मामले में बुधवार को खान और उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को बरी कर दिया। जिला एवं सत्र न्यायालय ने जिन अन्य नेताओं को बरी किया है, उनमें शाह महमूद कुरैशी, शेख रशीद, असद कैसर, शहरयार आफरीदी, फैसल जावेद, राजा खुर्रम और अली नवाज अवान शामिल हैं। जियो न्यूज की खबर के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट यासिर महमूद ने यह फैसला सुनाया।

यूक्रेन में अपने ही साथी सैनिक पर चलाई गोलियां

लुगांस्क। यूक्रेन के एक सैनिक ने अपने दो साथी सैनिकों को पीछे से गोली मारने की कोशिश की। अपराधी सैनिक ओलेक्सी डेविडेन्को को कीव क्षेत्र में पकड़ लिया गया। डेविडेन्को ने कहा कि कुछ लोग उनके ठिकाने पर हमला करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तभी उनके एक साथी सैनिक ने उन्हें और एक अन्य सैनिक को गोली मारने की कोशिश की। सैनिक ने कहा मैंने केवल पीछे से एक बंदूक फटने की आवाज सुनी और हम दोनों गिर गए।

यूक्रेन को लेकर हिचकिचा रहे नाटो के सहयोगी देश

वाशिंगटन। यूक्रेन को अगले सप्ताह वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन में बताया जाएगा कि वह गठबंधन में शामिल होने के लिए बहुत भ्रष्ट है। टेलीग्राफ ने अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए बुधवार को यह रिपोर्ट दी। नौ-11 जुलाई को संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन में, नाटो सहयोगी सदस्यता वार्ता से पहले भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए कीव से कदम उठाने का अनुरोध करेंगे।

मुंबई आतंकवादी हमले का आरोपी भारत होगा प्रत्यर्पित

वाशिंगटन, एजेंसी

- वांछित अपराधी तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण संधि के तहत लाया जा सकता है भारत

मुंबई में 2008 के आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के लिए भारत में वांछित अपराधी तहव्वुर राणा को अमेरिका-भारत प्रत्यर्पण संधि के स्पष्ट प्रावधानों के तहत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। अमेरिका के एक अटॉर्नी ने एक संघीय अदालत में यह बात कही।

सहायक अमेरिकी अटॉर्नी, आपराधिक अपील प्रमुख ब्राम एल्डेन अमेरिकी की एक अदालत में अंतिम दलीलें दे रहे थे जहां राणा ने कैलिफोर्निया में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील की है। कैलिफोर्निया की अदालत ने बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट को अस्वीकार कर दिया था। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी राणा (63) ने मई में अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट याचिका दायर की थी।

ओडिशा में हाथियों के लिए रेस्तरां खेल के मैदान और स्नान क्षेत्र

भुवनेश्वर। ओडिशा के वन विभाग ने यहां चंदका वन्यजीव प्रभाग के कुमारखूंटी में स्थित कुमकी हाथी प्रशिक्षण केंद्र में हाथियों के लिए कई सुविधाएं प्रदान की हैं, जिनमें रसोई, रेस्तरां, रैन बसेरा, स्नान क्षेत्र और खेल का मैदान शामिल हैं। इस साल छह मार्च को खोले गए केंद्र में फिलहाल मामा, चंदू, उमा, कार्तिक, मास्टर जागा और शंकर नामक छह हाथी हैं। ओडिशा और असम के 13 महावत इन हाथियों की देखभाल कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि अपने झुंड से अलग हुए इन हाथियों को मानव बस्तियों से जंगली झुंडों को दूर भगाकर मानव-हाथी संघर्ष रोकने में सहायता करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चंदका वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) शरत चंद्र बहेरा के अनुसार, ये हाथी सिमिलिपाल और कपिलास समेत ओडिशा के विभिन्न वन क्षेत्रों से लाए गए हैं। चंदका वन्यजीव प्रभाग के वन अधिकारी सौम्य रंजन बेउरा ने बताया कि हाथियों के प्रभावी प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र ने प्रत्येक हाथी के लिए रेस्तरां समेत कई विशेष सुविधाएं स्थापित की हैं।

ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों का बढ़ा दबदबा

वर्ष 2019 में चुने गए थे भारतीय मूल के 15 सांसद, कई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के 4 जुलाई को आम चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। यहां मुख्य मुकाबला राष्ट्रपति ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के उम्मीदवार कीर स्टार्मर के बीच होगा। भारतीय मूल के मतदाताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बार के आम चुनाव में देश के इतिहास में अब तक की सबसे विविध संसद देखने को मिल सकती है, जिनमें देशभर से भारतीय मूल के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या हो सकती है। ब्रिटिश फ्यूचर थिंक टैंक के एक विश्लेषण के अनुसार, अगर लेबर पार्टी बहुमत हासिल करती है तो उसमें जातीय अल्पसंख्यक सांसदों की अभी तक की सबसे अधिक संख्या हो सकती है।

विश्लेषण में कहा गया है कि इस बार करीब 14 प्रतिशत सांसद जातीय अल्पसंख्यक समुदायों के थे, जबकि नई संसद में उनकी संख्या अधिक रह सकती है। ब्रिटिश फ्यूचर के निदेशक सुंदर कटवाला ने कहा इस चुनाव में जातीय अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व में बड़ी वृद्धि दिखेगी। वर्ष 2019 में हुए पिछले आम चुनाव में भारतीय मूल के 15 सांसद चुने गए थे, जिनमें से कई दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अलावा भारतीय मूल के कई लोग पहली बार आम चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रतिष्ठित ब्रिटिश भारतीयों में से एक कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद आलोक शर्मा और लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र शर्मा इस बार क्रमशः रीडिंग वेस्ट और इलींग साउथल से पुनः चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इलींग साउथल में बड़ी संख्या में पंजाबी मतदाता हैं। वहां से इस बार दो ब्रिटिश सिख उम्मीदवार संगीत कौर भैल और जगिंदर सिंह निर्दलीयों के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। गुरुवार को होने वाले चुनाव में कुछ प्रमुख ब्रिटिश भारतीय उम्मीदवारों में प्रफुल नार्गुंड शामिल हैं, जो लेबर पार्टी की टिकट पर इस्लिंगटन नॉर्थ से चुनाव लड़ रहे हैं। जस अथवाल लेबर पार्टी के गढ़ इफोर्ड साउथ से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि बैगी शंकर डर्बी साउथ, सतवीर कौर साउथम्पटन टेस्ट और हरप्रीत उप्पल हडर्सफील्ड से चुनाव लड़ रहे हैं। इंदौर में जन्मे राजेश अग्रवाल पहली बार लीसेस्टर ईस्ट से चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रचार के दौरान समर्थकों के बीच ऋषि सुनक। ● एजेंसी

ब्रिटेन में चुनाव आज

- राष्ट्रपति सुनक और लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर के बीच मुकाबला

भारतीय मूल के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद से मुकाबला होगा दिलचस्प

भारतीय मूल के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि गोवा मूल की पूर्व सांसद कीथ वाज भी यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। इस बीच, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड और नॉर्थअलर्टन की अपनी सीट बरकरार रखने की उम्मीद है। साथ ही उनके मंत्रिमंडल की पूर्व सहयोगी प्रीति पटेल के एसेक्स में विथम और सुएला ब्रेवरमैन के फारेहैम तथा वाटरलूविले में जीतने की उम्मीद है।

इटली में भारतीय की मौत के मामले में कंपनी का मालिक गिरफ्तार

रोम। इटली की पुलिस ने एक भारतीय श्रमिक की मौत के मामले में एक कृषि कंपनी के मालिक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एक भारी मशीन से कृषि श्रमिक का हाथ कटने के बाद उसे चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के बजाय ऐसे ही सड़क पर छोड़ दिया था। भारतीय कृषि श्रमिक की मौत से पूरे इटली में आक्रोश है और देश के नेतृत्व ने स्वयं इस पर शोक जताया है।

एएनएसए समाचार एजेंसी की खबर में बताया गया कि पिछले माह रोम के निकट लाजियो क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी पैक करने वाली मशीन से भारतीय कृषि श्रमिक सतनाम सिंह (31) का हाथ कट गया था जिसके बाद उसके मालिक ने उसे ऐसे ही सड़क पर छोड़ दिया और अत्यधिक रक्त बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

अंततः सिंह का इस हालत में पता लगने के बाद उसे हवाई मार्ग से रोम के एक अस्पताल में लाया गया, जहां दो दिन बाद उसने दम तोड़ दिया। अभियोजकों ने एक बयान में कहा कि सिख कृषि श्रमिक की मौत अत्यधिक रक्त बहने के कारण हुई थी, यदि उसे तुरंत चिकित्सा सहायता मिल जाती तो संभवतः उसे बचाया जा सकता था। लाजियो-भारतीय समुदाय के प्रमुख गुरमुख सिंह ने कहा मौत की खबर से लोगों में रोष है।

भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

रूसी समकक्ष से मिलते विदेश मंत्री एस. जयशंकर। ● एजेंसी

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी

- शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी विदेश मंत्री से मिले

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को यहां रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के समक्ष युद्ध क्षेत्र में रूसी सेना के लिए लड़ रहे भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने मंगलवार को यहां पहुंचे। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। अभी इस यात्रा की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है लेकिन ऐसी जानकारी है कि मोदी अगले सप्ताह मॉस्को की यात्रा कर सकते हैं। जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर खुशी हुई।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की

जयशंकर ने कजाखस्तान की राजधानी में पुश्किन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ भारतीय समुदाय के सदस्य तथा भारत के मित्र भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विदेश मंत्री ने कजाखस्तान के उपप्रधानमंत्री मूरत नूरतलेउ से मुलाकात की और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार तथा विभिन्न प्रारूपों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की थी।

सियासी संकट: सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड सरकार से समर्थन लिया वापस

काठमांडू, एजेंसी

- यूएमएल के सभी मंत्री बुधवार के बाद प्रधानमंत्री दहल को सौंपेंगे अपना इस्तीफा

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुवाई वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) ने बुधवार को पुष्प कमल दहल के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया। यूएमएल के मुख्य सचेतक महेश बार्टोला ने कहा कि यूएमएल के सभी मंत्री बुधवार के बाद में प्रधानमंत्री दहल को इस्तीफा सौंपेंगे।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार बार्टोला ने कहा यूएमएल ने राष्ट्रीय सर्वसम्मति वाली सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। प्रधानमंत्री को बाद में इस निर्णय के बारे में सूचित किया जाएगा। गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी द्वारा समर्थन वापस लेने के साथ ही दहल सरकार अल्पमत में आ गई है। दहल ने गत 20 मई को विश्वास मत हासिल करने के लिए 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट हासिल किए।इनमें से सीपीएन-यूएमएल के 77 सदस्य हैं, जबकि प्रधानमंत्री की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन) (माओवादी केन्द्र) जो सदन में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है के पास केवल 32 सीटें हैं। दहल को सत्ता में बने रहने के लिए अब 30 दिनों के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा और मौजूदा राजनीतिक समीकरण को देखते हुए उनके विश्वास मत जीतने की संभावना कम है। दहल मंत्रिमंडल में यूएमएल के आठ मंत्री हैं, जिनमें उप प्रधानमंत्री और भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्री रघुबीर महासेठ शामिल हैं।

बैठक में प्रधानमंत्री दहल से पद छोड़ने का आग्रह

पार्टी की सचिवालय बैठक में प्रधानमंत्री दहल से पद छोड़ने का आग्रह करने का फैसला किया गया ताकि संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो सके। यूएमएल और नेपाली कांग्रेस ने सोमवार रात नई सरकार बनाने पर सहमति जताई। समझौते के अनुसार ओली डेढ़ साल तक नई राष्ट्रीय आम सहमति' वाली सरकार का नेतृत्व करेंगे। शेष कार्यकाल के लिए देउबा प्रधानमंत्री होंगे। दहल ने हालांकि तत्काल इस्तीफा देने में अनिच्छा जताई है।

भारतीय अमेरिकी वैकल्पिक डेलिगेट हुआ नियुक्त

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता एवं अटॉर्नी जनरल हरदाम त्रिपाठी को इस महीने विस्कॉन्सिन में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए एक आधिकारिक वैकल्पिक डेलिगेट के तौर पर चुना गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुनने के लिए होने वाले सम्मेलन को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन कहा जाता है और डेलिगेट वह व्यक्ति होता है जिसे अमेरिका की किसी राजनीतिक सभा में लोगों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाता है। ट्रंप (78) राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन (81) से होने की संभावना है। विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में 14 से 18 जुलाई तक होने वाले रिपब्लिकन नेशनल पार्टी के इस सम्मेलन में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप को औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार नामित किया जाएगा।

बाइडन की तुलना में कमला राष्ट्रपति पद के लिए बेहतर

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडेन की रेटिंग ट्रंप के साथ हुई बहस में उनके निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गिर गई
- सर्वेक्षण रिपोर्ट में बात आई सामने, भारतीय-अफ्रीकी मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति है कमला

भारतीय-अफ्रीकी मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस यदि राष्ट्रपति पद के चुनाव में खड़ी होती हैं तो राष्ट्रपति जो बाइडेन की तुलना में उनके जीतने की संभावना अधिक है। सीएनएन के एक हालिया सर्वेक्षण में यह कहा गया है। बाइडेन (81) की देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में स्वीकृति की रेटिंग पिछले सप्ताह अटलांटा में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप साथ हुई बहस में उनके निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गिर गई।

राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले बाइडेन और ट्रंप के बीच हुई पहली बहस के बाद से सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी में यह मांग उठ रही है कि बाइडेन को पीछे हट जाना चाहिए और 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पार्टी की ओर से किसी अन्य उम्मीदवार को मौका देना चाहिए। सीएनएन के सर्वेक्षण के अनुसार, ट्रंप लोकप्रियता के मामले में बाइडेन से छह अंक आगे हैं। इस बीच, बाइडेन ने बहस में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के लिए अपने हालिया विदेशी दौरों के कारण हुई थकान को जिम्मेदार ठहराया।

नजदीकी होगा मुकाबला

सर्वेक्षण में हैरिस, ट्रंप के बीच काल्पनिक मुकाबले को लेकर भी सर्वेक्षण कराया गया जिसके अनुसार 47 प्रतिशत पंजीकृत मतदाता ट्रंप का समर्थन करते हैं जबकि 45 प्रतिशत हैरिस के समर्थक हैं यानी उनके आमने-सामने होने की स्थिति में मुकाबला नजदीकी होगा।

चीन बोला- चालक दल की हिरासत की कार्रवाई में हस्तक्षेप न करे ताइवान

ताइपे। ताइवान ने बुधवार को दावा किया कि चीन ने उसके (ताइवान के) तटरक्षक बलों को मछली पकड़ने वाली एक ताइवानी नौका रोके जाने के मामले में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी है। इसे ताइवान के क्षेत्र पर अतिक्रमण करने के चीन के नवीनतम प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। तटरक्षक ने नौका और उसके चालक दल के सदस्यों को छोड़े जाने की फिर से मांग की, जिन्हें मंगलवार रात चीनी तट के पास ताइवान नियंत्रित किनमेन द्वीप के जलक्षेत्र से हिरासत में लिया गया था, लेकिन चीन ने ताइवान की सरकार से संवाद करने से इनकार कर दिया है। ताइवान के समुद्री अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि दो चीनी जहाजों ने दाजिनमैन 88 को मंगलवार शाम किनमेन द्वीपसमूह पर रोक लिया। दाजिनमैन 88 को बचाने के लिए तीन पोत भेजे, लेकिन चीनी नावों ने उन्हें रोक दिया और हस्तक्षेप नहीं करने की चेतावनी दी।

बॉलीवुड हलचल

एकता कपूर की बायोपिक बनाना चाहती निवेदिता बासु

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार निवेदिता बासु अपनी दोस्त और फिल्मकार एकता कपूर की बायोपिक बनाना चाहती है। निवेदिता ने बतौर क्रिएटिव डायरेक्टर 15 सालों तक एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स में काम किया है। उन्होंने बताया कि एकता को मैं अपना गुरु मानती हूं। मैंने उनके साथ 15 साल तक काम किया और इस दौरान, मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। यह तय है कि एकता कपूर पर बायोग्राफी कभी-न-कभी जरूर बनेगी। हालांकि, इसके राइट्स को फिलहाल उन्होंने खुद ही होल्ड किया हुआ है। निवेदिता बासु ने बताया, एकता अपने आप में एक ब्रांड है। उनकी कहानी पर फिल्म बनाने के लिए कई लोग तैयार बैठे हैं।

कुबेर में रश्मिका मंदाना का ऑफिशियल लुक आया सामने

मुंबई। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित सामाजिक ड्रामा, शेखर कम्मुला की कुबेर का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। कुबेर को आगामी पैन इंडिया फिल्मों में से एक माना जा रहा है। इस फिल्म से रश्मिका मंदाना के ऑफिशियल पहले लुक की झलक सामने आई है। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए पोस्टर में रश्मिका के किरदार को गुलाबी सूट पहने और अपने पीछे एक सूटकेस खींचते हुए दिखाई गई है, जो एक सुनसान जगह लगती है।

रणवीर ने कल्कि की तारीफ की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने फिल्म कल्कि 2898 एडी की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। बॉलीवुड से लेकर साउथ स्टार्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं।

हंगरी ने यूक्रेन से युद्ध विराम पर विचार करने को कहा

यूक्रेन। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की से रूस के साथ युद्धविराम पर विचार करने का अनुरोध किया, ताकि शांति वार्ता में तेजी आ सके। ओरबान ने यूक्रेन की राजधानी कीव में जेलेंस्की से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने जेलेंस्की से युद्धविराम पर दूसरे दृष्टिकोण, संघर्ष विराम और वार्ता जारी रखने पर विचार करने के लिए कहा। युद्ध विराम वार्ता को गति दे सकता है। ओरबान के प्रवक्ता, बर्टलान हवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में शांति प्रयासों और उनके द्विपक्षीय एजेंडे पर चर्चा करने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जेलेंस्की के साथ बातचीत पर एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और इसे यूरोपीय संघ की परिषद को सौंपेंगे।

मौसम | मानसूनी बारिश में गहरा असर डाल सकता है ला नीना

मानसून के मध्य सत्र से ला नीना होगा सक्रिय

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : अल नीनो के प्रभाव से सूखा व भीषण गर्मी की मार झेलने के बाद अब ला नीना का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। मौसम विशेषज्ञों की माने तो भारतीय जमी पर अगस्त से बारिश व ठंड के रूप में ला नीना अपनी लीला दिखानी शुरू कर देगा। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी।

मई से अल नीनो का प्रभाव शीथिल पड़ने के बावजूद देश को प्रचंड गर्मी की मार झेलनी पड़ी थी। जिससे निजात मिलने के बाद अब सर्द मौसम को झेलने के लिए तैयार रहना है। ला नीना मानसून की बारिश में खासा प्रभाव डालने जा रहा है। जिसकी संभावना 85 प्रतिशत तक जताई जा रही है। इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (आईएमडी) के अनुसार मानसून के मध्य सत्र से ला नीना भारत में सक्रिय होने जा रहा है, जो मानसून पर गहरा असर छोड़ सकता है। जिसके चलते मध्य अगस्त से सितंबर तक मानसून सामान्य से अधिक बरस सकता है। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश की संभावना रहेगी। साथ ही भूस्खलन जैसी आपदाओं की संभावनाओं के मद्देनजर पूर्व तैयारियां करनी होगी। मानसून सत्र समाप्त होने के बाद सर्दी संभवतः सामान्य से अधिक सताएगी। अल नीनो के चलते गत वर्ष शीतकाल का अधिकांश समय सूखे की चपेट में रहा। मगर इस बार मौसम की परिस्थितियां ला नीना के कारण विपरित रहेंगी। जो कृषि क्षेत्र के लिए लाभदायक होगी। पर्वतीय क्षेत्रों में परिस्थितियां अनुकूल होंगी।

उत्तराखंड में ला नीना के असर की संभावना

उत्तराखंड मौसम विभाग के निदेशक डा बिक्रम सिंह के अनुसार ला नीना के उत्तराखंड में सक्रिय रहने की संभावना 61 प्रतिशत है। जिसका असर मानसून के साथ शीतकालीन मौसम में भी रहने की संभावना है। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी और शीत में उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में अधिक हिमपात की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

वायु प्रदूषण पर अंकुश जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा कारण वायु प्रदूषण है, जो पश्चिमी विक्षोभ, मानसून के साथ वैश्विक स्तर पर असर डालने वाले ला नीना व अल नीनो जैसे प्राकर्तिक स्रोत को प्रभावित कर रहा है। भविष्य ने भयावह मौसमी दुष्परिणाम का सामना करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।